

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 197 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 01 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# राहुल गांधी ने जाति जनगणना पर मोदी सरकार का दिया साथ

**राहुल गांधी ने जाति जनगणना पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी सरकार के फैसले का समर्थन किया, लेकिन टाइमलाइन की मांग की. उन्होंने इसे विकास का नया आयाम बताया.**

समाज जागरण

नई दिल्लीः लोकसभा में कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस की. यह प्रेस कॉन्फ्रेंस मोदी सरकार के जाति जनगणना कराने के फैसले को लेकर हुई. राहुल गांधी ने कहा संसद में हमने कहा था कि जाति जनगणना को हम लेकर आएंगे. हमने और 50% की आर्टिफिशियल दीवार को गिराकर रहेंगे. नरेंद्र मोदी जी कहते थे की सिर्फ 4 चाहते हैं. अचानक मोदी जी ने इसे कराने का फैसला किया. हम इस फैसले का समर्थन करते हैं. लेकिन हम टाइमलाइन चाहते हैं.



उन्होंने आगे कहा, “जाति जनगणना पहला कदम है. हमारा विजन विकास का नया आयाम जाति जनगणना के माध्यम से लाना चाहते हैं. जाति जनगणना से आगे जाना है. कितनी भागीदारी है पावर स्ट्रक्चर में इस दिशा में जाति जनगणना जाए. जाति जनगणना में देरी किया है, ये हमारा विजन है लेकिन हमें तारीख बताया जाए किस तारीख तक जाति जनगणना होगा.”

### तेलंगाना मॉडल फॉलो करे सरकार- राहुल गांधी

कांग्रेस नेता ने कहा, “हम चाहेंगे कि केंद्र का जाति जनगणना तेलंगाना के कुछ मॉडल को फॉलो करे. तेलंगाना में कराए गए जाति सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की राज्य सरकार ने विशेषज्ञों की टीम बनाई है. बंद कमरे में बैठकर नौकरशाहों ने इसकी नीति नहीं बनाई. जनता के बीच जाकर पूरी प्रक्रिया पूरी की गई.”

### सरकार के फैसले की टाइमिंग को लेकर क्या बोले राहुल?

विपक्ष के कई नेताओं ने सरकार के फैसले की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए हैं. इसे बिहार में होने वाले चुनाव से जोड़ा है. लेकिन राहुल गांधी ने इससे इतर कहा कि मुझे नहीं लगता कि बिहार चुनाव की वजह से फैसला लिया गया है. अब इस फैसले से आगे जाना है. पहलगाम के वक्त से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा ये बड़ा स्टेप है, मैं अटकलें लगाना नहीं लगाउंगा ये पत्रकारों का काम है, क्यों लिया कैसे किया. ये बड़ा स्टेप है.

### पहलगाम नरसंहार पर राहुल गांधी ने क्या कहा?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि इस हमले के दोषियों को इसकी कीमत चुकानी होगी. उन्हें पूरी तरह से जवाब देना होगा, सिर्फ दिखावे के लिए नहीं. राहुल गांधी ने कहा कि भारत के साथ ऐसा नहीं किया जा सकता. उन्होंने बताया कि सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने सरकार के साथ मिलकर यह तय किया है कि यह हमला स्वीकार्य नहीं है. इस मामले में विपक्ष सरकार को पूरा समर्थन दे रहा है.

हाइलाइट्स

*राहुल गांधी ने जाति जनगणना के फैसले की तारीफ की.*
*राहुल गांधी ने जाति जनगणना की टाइमलाइन मांगी.*
*जाति जनगणना को विकास का नया आयाम बताया.*

### हमलावरों को चुकानी होगी कीमत- राहुल

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सख्त कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को तुरंत और मजबूत कार्रवाई करनी चाहिए. उन्हें समय बर्बाद नहीं करना चाहिए और अपनी समझ के अनुसार उचित समय में कार्रवाई करनी चाहिए. राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि हमलावरों को इसकी कीमत चुकानी होगी. उन्होंने यह भी बताया कि पीड़ित परिवारों ने प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश भेजा है. उन्होंने मांग की है कि उनके परिवार के सदस्यों को शहीद का दर्जा दिया जाए. राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से इस मांग को पूरा करने का अनुरोध किया है.

## अल्लाह करे भारत से जंग टल जाए,

### *पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बड़ा बयान, वक्त के साथ युद्ध का खतरा बढ़ रहा*

इस्लामाबाद. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले



के बाद भारत के सख्त एक्शन से पाकिस्तान में खौफ फैला हुआ है. उसे डर है कि भारतीय सेना कभी भी पाकिस्तान पर हमला कर सकती है. यही वजह है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ खुदा से गुहार लगा रहे हैं कि जंग की नौबत ही ना आए. उन्होंने बुधवार को कहा, “अल्लाह करे भारत से जंग टल जाए क्योंकि वक्त के साथ युद्ध का खतरा बढ़ रहा है.”

## अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर

## *मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत 70 कन्याओं का विवाह सम्पन्न*

**जिला प्रशासन बना मेजबान और जन प्रतिनिधि बने बराती, ढोल-ढमाके, बाजे-गाजे, आतिशबाजी के साथ निकली बारात**

शहडोल। मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिले के जयसिंहनगर के हनुमान मंदिर प्रांगण में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 70 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन कि जिम्मेवारी जिला प्रशासन सम्हाल रहा था। वहीं जनप्रतिनिधि एवं आम जन बाराती थे। जयसिंहनगर के हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह से ही खुशनुमा माहौल था। ग्रामीण जन अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था में जुड़े हुए थें। घराती एवं बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे,गाजे के साथ बारात निकली, जिसकी अगुआई जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर डॉ केदार सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, तहसीलदार जयसिंहनगर श्रीमती सुषमा धुर्वे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी द्वारा की गई। सात फेरों एंव मत्रोच्चारण के साथ वैदिक परंपरा के अनुसार 70 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रुपए के चेक



भेंट किए गए। जो नव दम्पत्ति को गृहस्थी के सामान एवं अन्य कार्यों के लिए व्यय किए जा सकेगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। कन्याओं का विवाह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को अपनी जमीन या जायजाद गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कन्या पक्ष वर तलाश कर ऑनलाइन आवेदन करें। विवाह की सम्पूर्ण जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी। आयोजित सामूहिक विवाह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती मालती सिंह, नगर नगर परिषद अध्यक्ष जयसिंहनगर श्रीमती सुशीला शुक्ला, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती रक्षा शिबू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी एंव काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पीएम से सेना को एक्शन की हरी झंडी क्या मिली, पाक ने तो जंगी जहाजों से घेर दिया अपना समुद्री तट

**पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान घबराया है. उसे इस बात का यकीन है कि भारतीय सेना पलटवार तो जरूर करेगी.अब अरब सागर में भारतीय नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप की मौजूदगी ने उसकी हालत खराब कर दी है. हो भी क्यों ना एक साथ जब पूरे बैटल ग्रुप किसी भी वक्त पूरी गेम ही पटल सकता है.**

समाज जागरण

पहलगाम हमले के बाद से भारत में हाई लेवल बैठक का दौर जारी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेना को खुली छूट देने के फैसले के बाद से पाकिस्तान के और होश उड़ गए. सैन्य ऑपरेशन कब करना है कैसे करना है वह अब सेना के तीनों अंगो को तय करना है.ऐसे में पाकिस्तान की दिन का चैन और रातों की नींद उड़ी हुई है. भारतीय सेना के सर्जिकल स्ट्राइक और एयरफोर्स की एयर स्ट्राइक के बाद अब पाकिस्तान को इस बात का डर सता रहा है कि अगले स्ट्राइक की जिम्मेदारी नेवी के पास ना आ गई हो.पहलगाम हमले के बाद अचानक पाकिस्तान नेवी ने आनन फानन में अपनी नौसेना की लाइव फायरिंग अभ्यास की वॉर्निंग जारी कर दिय़ा था.



पाकिस्तान अरब सागर में दो दिन 24 से लेकर 25 अप्रैल तक का ‘NAVAREA WARNING’ खत्म हो गया था. खास बात तो यह है कि इस बात की कोई पुष्टी ही नही हुई कि किसी तरह की फायरिंग अभ्यास पाक नेवी की है. लेकिन जैसे ही सेना को प्रधानमंत्री ने खुली छूट दी है कि फिर से पाक नेवी ने अपने जंगी जहाज की लाइव फायरिंग के नाम पर NAVAREA WARNING जारी कर दिया.

### पाक नौसेना बैकफुट पर

एक हफ्ते में दूसरी बार वॉर्निंग जारी किया गया है. खास बात यह है कि इस बार अपने एक्सक्लूसिव इकॉनोमिक जोन की सीमा पर वॉर्निंग जारी की है. इस बार लाइव फायरिंग की वॉर्निंग जारी की गई वह 30 अप्रैल से लेकर 2 मई तक के लिए है. इस वॉर्निंग में कराची और ग्वादर के पास एयरक्राफ्ट और मर्चेंट वेसेल को इस अभ्यास के इलाके से दूर रहने को कहा गया है. इस अभ्यास में सर्फेस और सब सर्फेस लाइव फायरिंग को पाक नेवी अंजाम दे रही है. पाक नेवी का यह अभ्यास तट से 50 से 60 नॉटिकल समुद्री मील दूर अरब सागर में जारी है. पाकिस्तान की नौसेना लाइव फायरिंग के नाम पर अपने वॉरशिप को अपने तट के पास तैनात कर रहा है. या यह बताने की कोशिश में है कि उनके वॉरशिप इस इलाके में तैनात है. इस तरह की वॉर्निंग अमूमन कुछ समय पहले दी जाती है ताकी उस इलाके में समंदर में मौजूद मर्चेंट शिप, वेसल या फिर उस इलाके के उपर से उड़ने वे एयरक्राफ्ट दूर रहने का संदेश दिया जाए.

### INS विक्रांत की तौनाती से घबराया पाक

अरब सागर में भारतीय नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप अपने ऑपरेशनल डिप्लॉयमेंट पर है. रविवार को ही नौसेना ने अरब सागर में लॉग रेज एंटीशिप मिसाइल की फायरिंग के वीडियों जारी किए थे. दुनियां की सबसे खतरनाक सूपरसोनिक एंटी शिप क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के अरब सागर में ताबड़तो फायरिंग कर के पाक नेवी को घबराने को मजबूर कर दिया. हर मिसाइल ने सटीक अपने टार्गेट को निशाना बनाया. सूत्रों के मुतिबक यह फायरिंग कैरियर बैटल ग्रुप के वॉरशिप की की गई थी. अगर हम कैरियर बैटल ग्रुप की बात करें तो इस ग्रुप में डेस्ट्रॉयर और फ्रीगेट, सबमरीन और सपोर्ट शिप की संख्या 8 से 12 के करीब है. ऑपरेशन के हिसाब से इनकी संख्या को कम ज्यादा किया जा सकता है. इनके अलावा मिसाइल बोट या कॉर्वेट, ऑयल टैंकर शिप भी मूव करते है. हर जंगी जहाज, फाइटर एयरक्रफ्ट, हैलिकॉप्टर एक दूसरे से कनेक्ट होते है. हर तरह के टार्गेट या खतरे को एंगेज करते है. यह सभी एयरक्राफ़्ट कैरियर के 30 से 40 नॉटिकल मील के रेडियस पर अलग अलग तरह से पोजिशन होते है. अगर भारतीय नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप के इफेक्टिव रेंज की बात करें तो सामान्य तौर पर 200 से 250 नॉटिकल मील तक के इलाके को यह बैटल ग्रुप सुरक्षित रखने में सक्षम है और जंग के दौरान यह और बढ़ जाती है.

## मप्र में सब इंस्पेक्टर और सिपाही भर्ती का विज्ञापन इस महीने हो सकता जारी

समाज जागरण

भोपालः मप्र में सब इंस्पेक्टर और सिपाही भर्ती का विज्ञापन इस महीने जारी होने की संभावना है सिपाही भर्ती के लगभग 7500 और सब इंस्पेक्टर के 500 पदों पर भर्ती होगी अप्रैल अंत तक दोनों भर्तियों का विज्ञापन जारी करने की तैयारी थी लेकिन अप्रैल के अंत तक दोनों भर्तियों का विज्ञापन जारी नहीं हुआ अब दोनों भर्तियों का विज्ञापन 15 मई के आसपास जारी होने की संभावना है सूत्रों के अनुसार



सिपाही और सब इंस्पेक्टर के विज्ञापन तैयार है केवल पदों का वर्गीकरण ही जोड़ना है। जैसे ही पीएचक्यू से यह फाइल आती है, एक से दो दिन में ही विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। केवल इसी के इंतजार में पूरा विज्ञापन रुका हुआ है। एस-1आई की भर्ती के लिए करीब 500 पदों की डिमांड यानी मांगपत्र मप्र शासन गृह विभाग से औपचारिक तौर पर कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को मिला है। यह भर्ती साल 2017 के बाद हो रही है और मप्र को नए युवा, सब इंस्पेक्टर मिलने जा रहे हैं इसके साथ ही मप्र शासन गृह विभाग ने 7500 पद की भर्ती भी ईएसबी को भेज दी है। इसका भी औपचारिक तौर पर डिमांड यानी मांगपत्र ईएसबी को मिल चुका है। हालांकि सिपाही की भर्ती बीच-बीच में होती रही है। इतने पदों के चलते युवाओं को भी काफी प्रोत्साहन मिलेगा। जुलाई-अगस्त में सिपाही की परीक्षा ली जा सकती है और फिर कुछ समय देकर एसआई की परीक्षा ली जाए, इस पर विचार मंथन चल रहा है। यानी दोनों ही परीक्षाएं इसी साल आयोजित की जाएंगी।

### दिल्ली सरकार महिला समृद्धि योजना का लाभ दो किस्तों में वितरित करेगी

दिल्ली की महिला समृद्धि योजना में बदलावः बेहतर वित्तीय नियोजन के लिए लाभ को दो भागों में विभाजित किया जाएगा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली सरकार नए संवितरण नियमों को पेश करके अपनी महिला समृद्धि योजना में संशोधन कर रही है।

# ‘अपवित्र गठजोड़’: सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक लिमिटेड सहित एनसीआर में बिल्डरों के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सुपरटेक लिमिटेड सहित एनसीआर में बिल्डरों के खिलाफ सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई के हलफनामे की समीक्षा करने के बाद जांच का निर्देश दिया और पाया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र, मोहाली, मुंबई, कोलकाता और इलाहाबाद में संचालित प्रमुख बैंकों और बिल्डरों के बीच प्रथम दृष्टया गठजोड़ है।

आरोपों को “अपवित्र गठजोड़” बताते हुए, अदालत ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को उपाधीक्षकों, निरीक्षकों और कांस्टेबलों सहित अधिकारियों की एक सूची प्रदान करने का निर्देश दिया, जो सीबीआई को विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने में सहायता करेंगे।

पीठ ने ग्रेटर नोएडा और नोएडा प्राधिकरणों के सीईओ और प्रशासकों के साथ-साथ आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान और भारतीय रिजर्व बैंक को आदेश दिया कि वे एसआईटी की सहायता के लिए एक सप्ताह के भीतर एक वरिष्ठ नोडल अधिकारी नियुक्त करें। अदालत ने कहा कि वह मासिक स्थिति अपडेट के साथ जांच की प्रगति की निगरानी करेगी।

एमिकस क्यूरी की भूमिका निभा रहे अधिवक्ता राजीव जैन ने मामले में सुपरटेक लिमिटेड को "मुख्य दोषी" बताया और आरोप लगाया



कि अकेले कॉरपोरेशन बैंक ने सब्सिडी योजनाओं के माध्यम से बिल्डरों को 2,700 करोड़ रुपये से अधिक का अग्रिम भुगतान किया है। याचिकाकताओं का आरोप है कि उनकी संपत्तियों की अपूर्ण स्थिति के बावजूद बैंकों ने उन्हें भुगतान करने के लिए मजबूर किया। अदालत को बताया गया कि सुपरटेक के पास छह शहरों में 21 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट हैं, जो 19 बैंकों के साथ समझौतों के तहत चल रहे हैं और 800 से अधिक प्रभावित घर खरीदार हैं।

एमिकस रिपोर्ट के अनुसार, सुपरटेक ने 1998 से अब तक कुल 5,157.86 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया था। अदालत ने कहा कि "इसलिए सुपरटेक और बैंकों के बीच अंतर्निहित सांठगांठ की प्राथमिकता के आधार पर जांच की आवश्यकता है।"

सब्सिडी स्कीम मॉडल के तहत, बैंकों ने सीधे बिल्डरों को होम लोन वितरित किया, जिन्हें प्रोजेक्ट पूरा होने तक ईएमआई का भुगतान करना था। हालांकि, जब बिल्डरों ने डिफॉल्ट किया, तो बैंकों ने घर खरीदारों से ईएमआई मांगना शुरू कर दिया, भले ही उन्हें अपने घरों का कब्जा नहीं मिला हो।

अदालत ने पहले देखा था कि इस योजना से हजारों घर खरीदार प्रभावित हुए थे, जहाँ अधूरे हाउसिंग प्रोजेक्ट के बावजूद 60 से 70 प्रतिशत लोन राशि का भुगतान किया गया था। इससे पहले, न्यायालय ने सीबीआई को बिल्डर-बैंक गठजोड़ की जांच के लिए रोडमैप प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

यह मामला 1,200 से अधिक घर खरीदारों द्वारा दायर याचिकाओं के एक समूह से उपजा है, जिन्होंने दावा किया था कि एनसीआर क्षेत्र, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में सब्सिडी समझौतों के तहत अपने फ्लैट प्राप्त नहीं करने के बावजूद बैंकों द्वारा उन्हें ऋण चुकाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। चल रही कानूनी लड़ाइयों के जवाब में, सर्वोच्च न्यायालय ने पहले सीबीआई को बिल्डर-बैंक गठजोड़ को संबोधित करने के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करने और यह जांच करने का आदेश दिया था कि कैसे कमजोर घर खरीदारों की कीमत पर ये धोखाधड़ी की गतिविधियाँ की गईं। इस ऐतिहासिक निर्णय से एनसीआर में रियल एस्टेट और बैंकिंग क्षेत्रों में बहुत जरूरी जवाबदेही आने की उम्मीद है और हजारों प्रभावित घर खरीदारों को राहत मिलेगी, जो अधूरी संपत्तियों के साथ अधर में लटके हुए हैं। (पीटीआई इनपुट्स के साथ)

## 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर विशेष-

# श्रमिक कल्याण: अपरिहार्य सार्थक पहल की जरूरत

सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"



मई माह की शुरूआत एक मई यानी मई दिवस या श्रमिक दिवस से होतीं है।यह दिन श्रमिक मजदूरों के लिये महत्वपूर्ण दिवस हैं।वैसे श्रमिक दिवस (मई दिवस) मनाने का भी एक अपना इतिहास है !इसके इतिहास के पीछे कई वर्षों पूर्व अमेरिका के शहर शिकागो में श्रमिकों और उनके प्रबंधकों के बीच बड़ा भयानक खून खराबा हुआ था! इसी दिन हजारों मजदूरों को हताहत कर उनके खून से सरजमीं को लाल कर दिया गया। सेवा योजकों ने अपने काम के घंटे तय करने की माँग को लेकर जुलूस प्रदर्शन करते श्रमिकों पर - गोलियाँ चलवा दी थी। इन गोलियों से प्रदर्शनकारी श्रमिकों के कपड़े खूनी रंग से सराबोर लाल रंग से रंग गए। इसी कारण श्रमिक संगठनों के झंडे लाल रंग के होते हैं।

भारत वर्ष में श्रमिकों के कल्याण के लिये अब तो अनेक संगठन कार्यरत हैं, जो श्रमिकों के हितों एवं सेवा योजकों के अन्यायपूर्ण कार्यों पर नजर रखकर अपना कार्य कर रहीं हैं, इन संगठनों में वामपंथ की विचारधारा ज्यादा हावी है। अधिकांश वामपंथी संगठनों के झण्डे लाल रंग के है। और इनका अभिवादन भी "लाल सलाम" होत है। हमारे यहाँ सार्वजनिक क्षेत्र के श्रमिक ज्यादा संगठित है। क्योंकि उनके पास ज्यादा से ज्यादा वेतन, बोनस, अवकाश आदि की माँगे ही रहती है, ठीक इसी तरह इन्हें सरकार से कम अपने नियोक्ताओं से ही ज्यादा मतलब होता है। वैसे इनकी ज्यादातर माँगे प्रायः पूरी भी हो जाती है, अभी हाल ही में अनेक सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे डाक सेवा, बैंक, दूरसंचार आदि क्षेत्रों में आंदोलन हुये हैं ,और प्रायः उनकी सभी बातें लगभग मान ली गई है। कारण उनका संगठन हर दृष्टिकोण से मजबूत व संगठित हो चुका है, उनमें जागरुकता की भावना भरी हुई है, अब उनके हितों की अवहेलना कोई भी नियोक्ता ज्यादा दिनों तक नहीं कर सकता।

आमतौर पर देखा जाता है कि अभी भी निजी क्षेत्रों में बहुत से श्रमिक असंगठित हैं।विडम्बना की बात यह है कि इन असंगठित श्रमिकों में बाल श्रमिक एवं महिला श्रमिको की ही संख्या ज्यादा है। यह भी कटु सत्य है कि असंगठित मजदूरों की समस्यायें भी उतनी ही अधिक है। कोरोना महामारी के बाद अब तो इनको और भी काम धंधे और सहायता की जरूरत है। जिसके लिए श्रमिक संगठनों को विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखकर श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए जुझना होगा। आज स्थिति यह है कि श्रमिकों के लिए बहुत कठिन स्थिति पैदा हो गई है कारोबार फिर से जमाने के लिए पूंजी नहीं है। महंगाई चरम पर पहुंचती चली जा रही है, फिर भी कोई संगठन इनके लिये आगे नहीं आ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन अपने तक ही सीमित हैं। यदि कभी राष्ट्रीय स्तर का आंदोलन होता है तो अवश्य इनकी सुनवाई हो जाती है। इसलिये कि पिछले वर्षों में कुछेक बार "भारत बंद" के आयोजक श्रमिक संगठनों की अगुवाई रही हैं। फिर भी निजी क्षेत्रों के श्रमिकों ने भारत बंद के आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। और देश भर में निजी औद्योगिक संस्थानों में पूरी तरह काम ठप्प कर दिया गया।

ऐसी भी बात नहीं है कि निजी क्षेत्रों के श्रमिकों के लिये कुछ नहीं किया जा रहा हैं। समूचे देश में लगभग सभी राजनीतिक दलों से संबद्ध श्रमिक संगठन कार्यरत हैं। और नियमित तथा निरंतर रुप से श्रमिकों के लिये कार्य हो रहा है। उनके वेतन, बोनस, अवकाश की ढेरों समस्याओं के निदान के लिये श्रमिक संगठन कार्यरत है, किंतु उनमें अभी भी सुधार की काफी गुंजाईश हैं।स्थानीय स्तर पर श्रमिकों की समस्याएं खासतौर से औद्योगिक जैसे मामलों को ये श्रमिक संगठन सुलझाते हैं।श्रमिक न्यायालयों में श्रमिक व सेवा योजकों के बीच परस्पर समझौते कराने का कार्य भी ये संगठन ही करते हैं। भारत सरकार अब देश में बाल मजदूरी प्रथा समाप्त करने के लिये कठोरता से काम ले रही हैं जो प्रशंसनीय है। वहीं वह जोखिम भरे कारखानों के कार्य और बीडी काँच, कालीन उद्योगों के मालिकों की इस संबंध में बैठक आयोजित कर रही है यह भी सरकार का एक अवश्यम्भावी कदम है, क्योंकि ज्यादातार बाल एवं महिला श्रमिक इन्ही उद्योगों में कार्य करते हैं।आज बाल मजदूर प्रथा विश्व भर में चिंता का विषय बनी हुई हैं। इंतजार हैं बस अब सरकार एवं नियोक्ता - सेवा योजकों की समुचित पहल का, जिससे श्रमिक वर्ग का कल्याण हो सकें।

# प्रश्नाकुल बिरादरी, बनाम देशद्रोह

समाज जाागरण




राजा जंगल का हो या हमारी बस्ती का डरता है तो केवल मचान से डरता है. ये बात मै अपनेतजुर्बे से कह रहा हूँ. मुमकिन है कि आपका तजुर्बा मेरे तजुर्बे से अलग हो. जंगल हो या कोई मुल्क चलता कानून से ही है. हां कभी-कभी उलट-पलट हो जाती है. कभी देश जंगल और कभी जंगल देश हो जाता है. राजा कहीं का भी हो, प्रजा और राज्य की रक्षा का दायित्व उसी के ऊपर होता है. सुरक्षा चाहे आंतरिक हो या बाह्य जिम्मेदारी राजा की ही बनती है, लेकभी कभी हालात ऐसे बनते हैं कि राजा को असुरक्षा का अनुभव होने लगता है.. असुरक्षा के संकेत मिलने लगते हैं घटनाक्रम से. ऐसे में राजा धीरे धीरे सक्रिय होता है. अपनी पुलिस, फौज, कानून सबको तैयार करता है.

राजा बाहर घूमने जाता है तब भी उसको देश की, जंगल की फिक्र बनी ही रहती है. कुछ घटनाएं राजा की नींद उडा देती हैं. मिसाल के तौर पर हमारे यहाँ पिछले दिनों देश के भीतर वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ वगावत, या देश में पहलगाम जैसा कोई अप्रत्याशित हत्याकांड.तब राजा को सक्रिय होना पडता है.ऐसे में यदि पत्ता भी खडकता है तो राजा के कान कडे हो जाते हैं. राजा किसी भी तरह की प्रश्नाकुलता, प्रतिकार, असहमति बर्दाश्त नहीं करता. जिससे तकलीफ होती है उसका निषेध करता है.

आजकल जंगल हो मुल्क दोनों जगह यूट्यूब वाले सबसे बडा खतरा बन गये हैं आंतरिक सुरक्षा के लिए. अनेक यूट्यूब चैनल बंद करा दिए गये. अनेक कतार में हैं. कभी गिरजेश वशिष्ठ पर गाज गिरी तो कभी संजय शर्मा पर. यूट्यूब का इस्तेमाल करने वाला कोई भी नर नारी हो यदि सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ जबान खोलता है या सवाल करता है तो उससे आंतरिक सुरक्षा को खतरा हो जाता है. ऐसे तत्वों को आप शहरी नक्सली कह सकते हैं. उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है. किया जाना चाहिए या नहीं ये बाद में अदालतें तय करतीं हैं.

जंगल हो या मुल्क केवल डराता है धमकाता है. लोग जब नहीं डरते तो फिर राजा हो रानी उसे देश में इमरजेंसी लगाना पडती है. इमरजेंसी भी दो तरह की होती है. एक श्रीमती इंदिरा गांधी वाली घोषित इमरजेंसी और दूसरी होती है अघोषित इमरजेंसी.

मै उन खुशनसीब देशवासियों जैसा हूँ जिन्होने दोनों तरह की इमरजेंसियां देखी और उनका सामना किया है. कोई भी इमरजेंसी अच्छी नहीं होती और कोई भी इमरजेंसी सौ फीसदी खराब नहीं होती. दरअसल इमरजेंसी में नुकसान जनता का ही होता है. कल भी हो चुका है, आज भी हो रहा है. इसके बाद भी इमरजेंसी और मुगलिया सल्तनत में भेद है. इतिहास से मुगलकाल विलोपित किया जा सकता है, इमरजेंसी का शासनकाल नहीं. क्योंकि एक सनातन देशी है एक मुगलिया.

हमने वो इमरजेंसी भी देखी जिसमें 19महीने जेलें विपक्षी नेताओं, कार्यकर्ताओ से ठसाठस भरी रहीं. तब यूट्यूब नहीं थी लेकिन चार संवाद एजेंसियां थीं, उनहें एक कर दिया गया थ. अखबारों पर पहरे थे, कुछ लोग सुकून से थे तो कुछ डरे हुए थे. आज भी बहुत से लोग सुकून से हैं, बहुत से लोग डरे हुए हैं. कहीं बुलडोजर का डर है. कहीं देशद्रोही घोषित होने का डर है. कहीं अकारण जेल जाने का डर है. लेकिन तब भी निडर लोग डरे नहीं. आज भी निडर लोगों की संख्या कम नहीं हैं. राजा भले पहलगाम न पहुचे हों लेकिन तमाम यूट्यूबर वहां पहुंच चुके हैं. कोई राहुल गांधी भी वहाँ लोगों को नजर आए.

आज के माहौल में आप कौन सी इमरजेंसी महसूस कर रहे हैं, ये आप जानें किंतु मुझे तो अपनी कलम और जबान की चिंता है. चिंता है अपनी सनातन प्रश्नाकुलता की जिसके चलते महाभारत और गीता जैसे कालजयी ग्रंथ हमें विरासत में मिले. क्योंकि तब के राजा घोर इमरजेंसी में यानि युद्धभूमि में भी प्रशन करने की आजादी दिए हुए थे. अर्जुन अपने सारथी से प्रश्न कर सकता था, दृष्टिहीन राजा अपने मंत्री संजय से प्रश्न कर सकता था.जिस देश में या जंगल में प्रश्न करने से आंतरिक सुरक्षा खतरे में पडती हो उस देश का, जंगल का भगवान ही रक्षक हो सकता है. आप मान लीजिये कि हम सब यानि हमारा देश, हमारा जंगल सब भगवान के भरोसे है. हमारे भगवान हमारे मन मंदिर में भी हैं और अयोध्या के नये मंदिर में भी. जय सीताराम.

@ राकेश अचल

# पहले देश के भीतर घुसपैठ के कैंसर को मिटाने के लिए कदम उठाना आवश्यक

अशोक भाटिया , मुंबई

पहलगाम में क्रूर आतंकी हमला, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, देश की आत्मा को चोट पहुंचाने के लिए सीमा पार से बलों द्वारा किया गया है। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें धर्म पूछकर मारा गया था। इसका मतलब यह है कि धर्मयुद्ध के लेंस के माध्यम से हमले को देखने के लिए आतंकवादियों का गुप्त इरादा कोई रहस्य नहीं है। भारतीय भूमि पर पाकिस्तानी और बांग्लादेशी राष्ट्रिकों द्वारा अनियंत्रित घुसपैठ की जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि उन्हें अवैध रूप से उपनिवेश बनाया गया है। कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार की चेतावनी के बाद, जांच एजेंसी अब तक भारत से भागने में कामयाब रही है और पूरे भारत में की गई छापेमारी में पाकिस्तानी नागरिकों को पाया है।खुफिया एजेंसियों का अनुमान है कि लगभग 2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी प्रवासी, पाकिस्तानी मूल के हजारों निवासी, देश भर में अवैध रूप से रह रहे हैं। असम से दिल्ली तक, पश्चिम बंगाल से महाराष्ट्र तक, हजारों लोगों के पास फर्जी दस्तावेज, राशन कार्ड हैं, मतदाता पहचान पत्र और यहां तक कि आधार कार्ड का भी उपयोग कर रहे हैं।

2003-04 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेशी घुसपैठिए देश में 25 लोकसभा सीटों और 120 विधानसभा सीटों पर प्रभावी भूमिका में हैं। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2003 तक दिल्ली में 6 लाख बांग्लादेशी घुसपैठिए भारतीय पहचान पत्र हासिल कर चुके थे। लगभग यही स्थिति देश के कई अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में हो सकती है। अनुमान है कि अभी 3-5 करोड़ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में रह रहे हैं। इनमें से कुछ गलत गतिविधियों में सक्रिय हो सकते हैं।साथ ही, यह भी देखा गया है कि कट्टरपंथियों के सत्ता में आने पर बांग्लादेश से अतीत में घुसपैठ बढ़ी है। 2001 में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी जैसे दलों के सहयोग से इठढ सत्ता में आई, तो भारत में घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई थीं। उस वक्त बांग्लादेश में आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप तेजी से बढ़ने लगे थे। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर पकड़े गए उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान, ईस्टर्न बॉर्डर के करीब इन कैंपों में कई बड़े आंतकवादी समूहों की मौजूदगी की पुष्टि भी हुई थी।11 सितंबर 2001 के बाद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रकने बांग्लादेश में आतंकी गतिविधियां और तेज कर दी थीं। 2002 में कोलकाता में कई क्रकएजेंटों की गिरफ्तारी हुई थी, जो बांग्लादेश बॉर्डर पार कर भारत आए थे। तब भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने संसद में कहा था, ह्यढाका में पाकिस्तानी हाई कमिशन, क्रकका नर्व सेंटर है, जो भारत के खिलाफ आंतकी गतिविधियों में लिप्त है ह्न उन्होंने यह भी बताया था कि कई उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश में ट्रेनिंग कैंप बना लिए हैं और बॉर्डर के करीब बड़ी संख्या में मदरसे भी बने हैं।

अक्टूबर 2002 में इरक्रने बांग्लादेश में चल रहे 99 आतंकी ट्रेनिंग कैंपों की लिस्ट बांग्लादेश बॉर्डर गाड्र्स को सौंपी थी। 2002 में बांग्लादेश में अल कायदा, रोहिंग्या और कट्टरपंथी ताकतों के नेक्सस की रिपोर्ट भी मिली। यह नेक्सस अमेरिका के अफगानिस्तान में एक्शन के बाद और मजबूत हुआ, अल कायदा के 150 आतंकवादियों ने बांग्लादेश में शरण ली। सबसे खतरनाक बात यह थी कि इन्हें बांग्लादेश में प्रशासन और आर्मी का सपोर्ट मिला। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार इलाके में अल कायदा आतंकियों के मूवमेंट से भारत के लिए खतरा पैदा होने लगा। म्यांमार, चिटगांव और समुद्र के करीब होने से आंतकियों के लिए कॉक्स बाजार से कहीं भी जाना आसान था। इस इलाके में कई आतंकी संगठनों के कैंप की मौजूदगी भी रिपोर्ट हुई। करीब 25 साल पहले, साल 2000 में भारत के गृह सचिव माधव गोडबोले ने भारत सरकार को एक बेहद महत्वपूर्ण रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कहा गया था कि करीब 1.5 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि सालाना 3 लाख से ज्यादा बांग्लादेशी अवैध तरीकों से भारत में घुसते हैं। पिछले 25 सालों में इनकी संख्या तेजी से बढ़ी ही है।असम के गवर्नर रहे एसके सिन्हा ने 1998 में भारत के राष्ट्रपति को सौंपी एक रिपोर्ट में लिखा था कि जिस तेजी से अवैध बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ रही है, एक समय ऐसा आ सकता है, जब वे ग्रेटर बांग्लादेश की मांग करने लगें। यानी ये कहें कि भारत के जिन इलाकों में अवैध बांग्लादेशियों की आबादी बढ़ गई है, उन्हें भी बांग्लादेश को सौंप दिया जाए। सिन्हा ने इस समस्या के राजनीतिक, सामाजिक और भौगोलिक खतरों से भी आगाह किया था।

बांग्लादेश और भारत की सीमा के करीब फर्जी आधार कार्ड और बाकी भारतीय पहचानपत्र बनाने वाले बिचौलियों की बात भी लगातार सामने आती रही है। इनसे पता चलता है कि कोई बांग्लादेशी बाद में भारत में दाखिल होता है, बिचौलिए पहले ही उसका फर्जी पहचानपत्र बनवा लेते हैं। ये सीमा के दोनों ओर मौजूद हैं। ऐसे में अवैध बांग्लादेशियों के लिए घुसपैठ करना आसान हो जाता है।दूसरी ओर, वीजा लेकर भी बड़ी संख्या में बांग्लादेशी आते हैं, लेकिन उनमें कई वापस नहीं लौटते। साल 2023 में करीब 16 लाख बांग्लादेशी वीजा लेकर भारत आए थे। इनमें से कितने वापस गए? और कितने पासपोर्ट फाड़ कर गायब हो गए? इसे लेकर पूरे देश में आ-इडेंटिफिकेशन ड्राइव चलाने की जरूरत है। इसके अलावा, सभी राज्य सरकारों, खास तौर पर बॉर्डर से सटे राज्यों की पुलिस और जिला प्रशासन को घुसपैठियों को पकड़ने और इनके फर्जी पहचानपत्र बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

हालांकि 1974 में जब भारत- बांग्लादेश बॉर्डर गाइडलाइंस बनी थी, तब बांग्लादेश में माहौल बिल्कुल अलग था, तब शायद भारत को भी अंदाजा नहीं था कि बांग्लादेश में भारत के खिलाफ ऐसा माहौल होगा जैसा अब है, लिहाजा अब भारत-बांग्लादेश बॉर्डर गाइडलाइंस की समीक्षा की भी जरूरत है।

गौरतलब है कि ये घुसपैठिए एक ऐसी व्यवस्था की नाक के नीचे बेरोकटोक जी रहे हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा के ऊपर वोट बैंक को प्राथमिकता देती है। इसलिए, नरम कूटनीति के युग का अंत होना चाहिए। यह सख्त कार्रवाई का समय है क्योंकि देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति के साथ-साथ हिंसक घटनाओं की बढ़ती संख्या के पीछे पाकिस्तान का छिपा हुआ एजेंडा है। भारत के स्थानीय लोगों का ब्रेनवॉश करके। वे आतंकवादी कृत्यों में शामिल हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों से बड़े खतरे के बावजूद, उन्हें तुरंत निर्वासित करने की प्रक्रिया सिर्फ एक या दो महीने के लिए नहीं होनी चाहिए।

भारत में अवैध रूप से रह रहा हर पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मानव बम की तरह है। आतंकवादी संगठनों में भर्ती एजेंटों द्वारा देश में सामाजिक-राजनीतिक अस्थिरता लाने की एक साजिश है। यह कोई संयोग नहीं है कि पश्चिम बंगाल, असम, केरल, बिहार या उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध आप्रवासियों की संख्या बढ़ रही है। सांप्रदायिक तनाव, अपराध दर और सांस्कृतिक टूटन बढ़ रही है। यह भारत को भीतर से कमजोर करने के लिए बनाया गया एक कुंभड़ा है। पहलगाम नरसंहार एक गुप्त सीमा पार हमले का हिस्सा है। 2014 से पहले केंद्र में सत्ता में सरकारों का प्रभाव अब सीमा पार अपराध और वोट बैंक की राजनीति की उपेक्षा के कारण दिखाई दे रहा है। कई भारतीय राज्यों में सत्ता में आने वाली कई सरकारों ने सबूत देने की आड़ में शिथिलता के बजाय तुष्टिकरण का विकल्प चुना है। उन्होंने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को सामूहिक रूप से बसने में मदद की है। दूसरी ओर, खुफिया एजेंसियों द्वारा भारतीय महानगरों में पाकिस्तानी स्लीपर सेल के सक्रिय होने और बांग्लादेशी प्रवासी आपराधिक गिरोहों को मजबूत करने की चेतावनी के बावजूद, तत्कालीन शासक चुप रहे और बदतर स्थिति में रहे। उन्होंने हमले के खिलाफ बोलने की हिम्मत करने वाले विपक्ष को नस्लवादी, विदेशी विरोधी या धर्मनिरपेक्ष विरोधी घोषित करते हुए अपराधी बना दिया। अब, पहलगाम के शहीदों और अनगिनत अन्य लोगों का खून उन्हीं राजनेताओं की अंधी नकल का हिस्सा बन गया है। इसलिए, भारत में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों का पता लगाया जाना चाहिए और उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

पहलगाम त्रासदी के मद्देनजर, घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक मजबूत अभियान की आवश्यकता है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठक्अ) द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर छापे मारकर और स्लीपर सेल को नष्ट करके शुरू की गई है। घुसपैठियों के घरों को नष्ट करना। केंद्र सरकार ने राज्यों को अवैध प्रवासियों की पहचान करने और निर्वासित करने का अधिकार दिया है। जाली दस्तावेजों की जांच।विशेष रूप से असम, बंगाल और पंजाब में तलाशी अभियान तेज करने और प्रत्येक राज्य से बुर्का पहने भारतीय नागरिकों को पकड़ने के लिए प्रशासनिक स्तर पर एक मजबूत प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता है। अवैध प्रवासियों को ट्रैक करने, अलग करने और निर्वासित करने के लिए खुफिया एजेंसियों द्वारा नए डेटाबेस बनाए जा रहे हैं। यह एक अच्छी बात है। साथ ही जिहादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले मदरसों पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है।

हमें भारत में किसी भी बांग्लादेशी, पाकिस्तानी मुसलमान के लिए जगह आरक्षित नहीं करनी चाहिए जो भारत की संप्रभुता, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को बनाए रखते हुए धर्म के आधार पर भारत में घुसपैठ करते हैं। देश को तब तक चुप नहीं बैठना चाहिए जब तक कि हर घुसपैठिये को बाहर नहीं निकाल दिया जाता। वास्तविकता कठोर है, लेकिन बिना किसी डर के कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि भारत अभी कार्रवाई नहीं करता है, तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए आतंकवाद, हमें आपराधिक और जनसांख्यिकीय विनाश के साये में रहना होगा। इसलिए, केवल सर्जिकल स्ट्राइक या नारों से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि देश के भीतर घुसपैठ के कैंसर को मिटाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## शतकवीर हुए वैभव

बिहार के समस्तीपुर का
युवा किशोर,
चौको व छक्कों से खूब
मचाया शोर।
5 साल की ट्रेनिंग का था ये
परिणाम,
राजस्थान रॉयल्स के खूब
आया काम।
17 में पचास और 35 में
बना दिए सौ,
पिता के ख़्वाबों को पंख
लगाएँ देखो।

बिहार के समस्तीपुर का
युवा किशोर,
चौको व छक्कों से खूब
मचाया शोर।
14 साल की उम्र में जड़
दिया शतक,
धुरंधरों की गेंदें सीमा पार
दिया पटक।
वे दुनिया के सबसे युवा
बल्लेबाज बने,
आईपीएल डेब्यू कर रहें
खिलाड़ी बने।

बिहार के समस्तीपुर का
युवा किशोर,
चौको व छक्कों से खूब
मचाया शोर।
पहली गेंद पे शार्दुल ठाकुर
का सामना,
छक्का लगाकर बता ही
दिया दम हैं ना।
पिता ने क्रिकेट के लिए
जमीन बेच दी,
बेटे वैभव ने करियर की
जमीं सींच दी।
बिहार के समस्तीपुर का
युवा किशोर,
चौको व छक्कों से खूब
मचाया शोर।
परिवार काफी संघर्षों से
गुजरना पड़ा,
उम्र पर भी सवाल उठे वो
अडिग खड़ा।
उसने 7 चौके और 11
छक्के लगा दिए,
टीम, अभिभावकों के नाम
रोशन किए।

**संजय एम तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# कुछ आर्थिक कदमों से पाए जा सकते हैं बेहतर परिणाम

## अवसरों का लाभ उठाने से निवेश, रोजगार और वृद्धि, तीनों को गति मिलेगी।

महामारी के कारण मची उथल-पुथल से तेजी से उबरने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था सामान्य वृद्धि के पथ पर लौटती नजर आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक 2024-25 में यह 6.5 फीसदी की दर से बढ़ी और चालू वर्ष में इसकी वृद्धि के अनुमान भी करीब इसी स्तर के हैं। बहरहाल, भारत को अगर अपने तय लक्ष्यों को हासिल करना है तो उसे इससे तेज वृद्धि हासिल करनी होगी। वृद्धि संबंधी नतीजों को टिकाऊ ढंग से बेहतर बनाने के लिए तमाम क्षेत्रों में गतिविधियों में सुधार करना होगा।

महामारी के बाद की अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे अधिक उल्लेखनीय बात रही है सरकार का उच्च पूंजीगत व्यय। इसका लक्ष्य वृद्धि में सहयोग करने के साथ-साथ निजी निवेश को आकर्षित करना भी रहा है। हालांकि, ऐसा वांछित स्तर पर नहीं हो सका और इसकी कई वजहें हैं। इस संदर्भ में संसद की स्थायी समिति की अनुशंसाओं का पालन करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने निजी क्षेत्र के पूंजी निवेश के इरादों को लेकर एक दूरदर्शी सर्वे करना आरंभ किया। ऐसे पहले सर्वेक्षण के नतीजे मंगलवार को जारी किए गए।



सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सराहना की जानी चाहिए कि उसने अनुशंसा को पूरा करने की दिशा में प्रयास किया। हालांकि आंकड़े अपेक्षाकृत छोटे समूह के नमूने पर आधारित हैं लेकिन यह इस बात की झलक तो देता ही है कि निजी क्षेत्र की अपेक्षाएं क्या हैं। सुधार के साथ ऐसे सर्वेक्षण हमें नीति निर्माण में मदद कर सकते हैं। मौजूदा सर्वेक्षण में 2,172 उपक्रमों ने पांच साल के आंकड़े पेश किए। विनिर्माण क्षेत्र के उपक्रमों में उन पर विचार किया गया जिनका टर्नओवर 400 करोड़ रुपये से अधिक था, वहीं 300 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाले व्यापारिक उपक्रमों को शामिल किया गया। अन्य उपक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपये के टर्नओवर की सीमा तय की गई।

परिणाम दिखाते हैं कि 2024-25 में पूंजीगत व्यय में 55 फीसदी के उल्लेखनीय इजाफे के बाद सर्वेक्षण में शामिल की गई कंपनियां 2025-26 में सतर्क हो गईं और नियोजित आवंटन में 25 फीसदी की कमी आई। साल बीतने के साथ इन आंकड़ों में सुधार हो सकता है। कई बार कंपनियां उन परियोजनाओं का खुलासा करने की इच्छुक नहीं होतीं जिन्हें मंजूरी नहीं मिली होती है। चाहे जो भी हो, परिणाम यह बताते हैं कि कंपनियां सतर्क हो गई हैं। इसकी उपयुक्त वजहें भी हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि जहां सामान्य दर पर स्थिर हो रही थी, वहीं अमेरिकी व्यापार नीति में बदलाव ने वैश्विक स्तर पर भारी अनिश्चितता पैदा कर दी। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित विभिन्न अनुमान यही सुझाते हैं कि भारत पर इसका सीमित असर होगा। ऐसे में इस समय निश्चित तौर पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है। एक अनिश्चित माहौल अक्सर कंपनियों को निवेश के प्रति हतोत्साहित करता है और यह पूरी दुनिया में हो रहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# श्रीमद् भगवद्गीता में बताया गया है "कर्म"को "प्रधान ।"

**पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य।**



श्री मद् भगवद्गीता में कर्म को प्रधान बताया गया है। जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं इसको मात्रभूमि तो कहते ही हैं इसके साथ-साथ पृथ्वी माता को कर्म भूमि भी कहते हैं। मात्रभूमि इसलिए कहते हैं क्योंकि पृथ्वी माता से ही हमें अनाज,दालें,फल आदि हमें खाने के लिए अर्थात जीवन जीने के लिए प्राप्त होता है,अन्न,फल, औषधि, सब्जी आदि पृथ्वी माता से ही प्राप्त होती हैं पृथ्वी माता हमारा भरणपोषण,पालन पोषण करती हैं और यह काम एक माता ही कर सकती है इसलिए मात्रभूमि कहते हैं।और पृथ्वी पर आकर मनुष्य को कर्म करना अति आवश्यक है इसलिए कर्मभूमि कहा गया है बिना कर्म किए कुछ पाना संभव नहीं है, कर्म ही पूजा है। हालांकि कि हर व्यक्ति का कर्म क्षेत्र अलग-अलग हो सकता है जैसे विद्यार्थी का कर्म विद्या अध्ययन करना है, सीमा पर खड़े सिपाही का कर्म देश की रक्षा करना है, धमार्चार्यों का कार्य लोगों को धर्म रक्षा करने के लिए प्रेरित करना है, धर्म कर्म केवल पूजा पाठ करना तक ही सीमित नहीं है, अपने धर्म की और अपने देश की रक्षा करने को तत्पर रहना यह भी धर्म कर्म ही है।देश और मात्र भूमि की रक्षा करना भी हर व्यक्ति का दायित्व है।अपने कर्म के प्रति हर व्यक्ति को ईमानदार और निष्ठावान होना चाहिए। कर्म ही पूजा है। कर्म को करते समय सफलता के लिए सौ प्रतिशत नहीं,सौ प्रतिशत से भी ऊपर जाना चाहिए तभी तो कहा गया है कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। बिना कर्म के बिना इस संसार का नियम है कुछ नहीं मिलता है।सकल पदारथ हैं जग माहीं,कर्म हीन नर पावत नाहीं। कर्म श्रेष्ठ है। बिना कर्म के व्यक्ति नकारा, नपुंसक और आलसी हो जाता है। कर्म के प्रति हमें उदासीन नहीं रहना चाहिए। उदासीनता ही हमें पराधीन बना देती है। पराधीनता में हम कभी भी सुखमय जीवन नहीं व्यतीत कर सकते हैं क्योंकि पराधीन सपनेहु सुख नाहीं।इसलिए जो व्यक्ति जिस क्षेत्र में है उस क्षेत्र में पूरा कर्म करना उसका दायित्व और उत्तरदायित्व है।

**सम्पर्क सूत्र 9760478742**

# भारतीय युवा जागरूक रहें सतर्क रहें, मां भारती का कर्ज चुकाने का समय : विश्व सनातन संघ

**दैनिक समाज जागरण**

जयपुर। विश्व सनातन संघ द्वारा राष्ट्र प्रेम और सनातन संस्कृति वैदिक धर्म के मूल्यों की रक्षा और प्रचार-प्रसार हेतु विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। विश्व सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभान शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विश्व सनातन संघ के पदाधिकारियों ने युवाओं से भारतीय संस्कृति, धर्म और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझकर उन्हें अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभान शर्मा ने कहा कि जब तक समाज में धर्म, सत्य और देशप्रेम की भावना जीवित रहेगी, भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा। राष्ट्रीय महासचिव डॉ राकेश वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान में जो भी घटनाक्रम देश में घटित हो रहे हैं उनसे शिक्षा लेते हुए युवाओं को आगे बढ़ राष्ट्र हित में आगे बढ़ आस पास के समाज में उत्पन्न पाकिस्तान प्रेमी देशद्रोही दिमकों को चिन्हित कर स्थानीय प्रशासन पुलिस को उनकी सूचना दे उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करनी होगी साथ ही युवाओं को तैयार रहने की आवश्यकता है संभावित युद्ध के खतरे को देखते हुए घर में रह रहे दुश्मनों से सतर्क रहने की जरूरत है। राष्ट्रीय सलाहकार जे. पी. शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ह्लदेश के अंदर ही कुछ ऐसे तत्व हैं जो पीठ में छुरा घोंपने का कार्य करते हैं, उनसे सावधान रहना आवश्यक है।ह्व उन्होंने युवाओं से जागरूक, सतर्क और संगठित रहने की अपील की। राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी मनोज कुमार शर्मा प्रदेश अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह राठौड़ उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल चतुर्वेदी, उत्तराखंड प्रभारी वेणीराम उनियाल ने युवाओं से अपील की राष्ट्र हित में सनातन हिंदू संस्कृति धर्म की रक्षा के लिए युवा अधिक से अधिक विश्व सनातन संघ की राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्यता लें ताकि देश की रक्षा के लिए, हिंदू धर्म की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर एक आवाज पर विश्व सनातन संघ की हिन्दू सेना मोर्चे पर डट जाए। विश्व सनातन संघ की इस राष्ट्र हितकारी पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा और इसमें भागीदारी का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु संबंधित अधिकारियों की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 30 अप्रैल 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से बाढ़ संभावित क्षेत्रों की निगरानी हेतु संबंधित अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद की भौगोलिक स्थिति के आधार पर बाढ़ से निपटने के लिए विभागीय तैयारियों की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग तत्काल प्रभाव से अपनी कार्य योजनाएं तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि यमुना नदी की बाढ़ से जनपद के 72 ग्राम प्रभावित होते हैं, जिनमें जेवर तहसील के 25, दादरी के 22 तथा तहसील सदर के 25 ग्राम सम्मिलित हैं। जनपद में कुल 19 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं, जिनमें जेवर एवं दादरी में 5-5, सदर में 7 तथा सिंचाई विभाग की 02 बाढ़ चौकिया स्थापित है।

जिलाधिकारी ने सिंचाई, पशुपालन, कृषि, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, विद्युत, फायर, जल निगम, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सुनियोजित रणनीति के साथ काम कर बाढ़ जैसी आपदा को रोका जा सकता है। उन्होंने बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली, तटबंधों की मरम्मत, नालों की सफाई, चौकियों की सक्रियता, अधिक जल निकासी की योजना तथा ग्रामीणों को जागरूक करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के केंद्रीय पुस्तकालय एवम् नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से आधुनिक पुस्तकालयों के लिए सशक्तिकरण कौशल पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सत्र

# लाइब्रेरीज सिर्फ पुस्तकों के संग्रहण स्थल नहीं, बल्कि नवाचार के केंद्रः डॉ. पाटिल

**दैनिक समाज जागरण**



मुंबई एजुकेशनल ट्रस्ट के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नासिक के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संभाजी जी. पाटिल ने कहा, वर्तमान युग के पुस्तकालय केवल पुस्तकों के संग्रहण स्थल नहीं हैं, बल्कि वे ज्ञान, नवाचार, सतत अधिगम, समाज-निर्माण और सामुदायिक विकास के जीवंत केंद्र बन चुके हैं। हम सभी पुस्तकालयकर्मी इस केन्द्र की धुरी हैं। उन्होंने अपने सारगर्भित व्याख्यान में आधुनिक पुस्तकालयों में हो रहे डिजिटल परिवर्तन, डेटा प्रबंधन, उपयोगकर्ता अनुभव और सूचना साक्षरता जैसे समसामयिक विषयों पर भी गहन प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को डिजिटल संसाधन प्रबंधन यूजर इंगेजमेंट, ई-लाइब्रेरी टूल्स के संग-संग अन्य नवीनतम तकनीकी प्लेटफॉर्म्स के प्रयोग और क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। दूसरी ओर डॉ. पाटिल ने टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन से उनके कार्यक्रम में शिष्टाचार भेंट की। डीन ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. संभाजी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के केंद्रीय पुस्तकालय एवम् नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से आधुनिक पुस्तकालयों के लिए सशक्तिकरण कौशल पर आयोजित हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रशिक्षण के दौरान सवाल-जवाब का दौर भी चला। अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डॉ. संभाजी जी. पाटिल ने पुस्तकालय पेशे को लाइफ लॉन्ग लर्निंग प्रोफेशन बताते हुए स्पष्ट किया कि जब तक पुस्तकालय स्टाफ स्वयं सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रहेंगे, तभी वे उपयोगकताओं को प्रभावी रूप से ज्ञान उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे केवल सूचना के संरक्षक ही नहीं, बल्कि संवाद के माध्यम, नवाचार के वाहक और टीम नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाएं। डॉ. पाटिल बोले, भविष्य के पुस्तकालयों को वर्चुअल असिस्टेंट, इंटरफेस डिजाइन, ऑटोमेशन और ब्लॉकचेन जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर न केवल परिवर्तन को स्वीकारना होगा, बल्कि उसमें नेतृत्व भी करना होगा। टीएमयू की पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन ने कहा, इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपने ज्ञान को अद्यतन करें। अपने कौशल को सशक्त करें और अपने पुस्तकालयों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें। इस सत्र का प्रमुख उद्देश्य पुस्तकालय कर्मचारियों को डिजिटल युग की बदलती मांगों के अनुरूप आधुनिक तकनीकी दक्षताओं, सूचना प्रबंधन कौशलों और व्यावसायिक क्षमताओं में दक्षता प्रदान करना था, ताकि वे उपयोगकताओं को अधिक प्रभावी, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें।

# राष्ट्रचिंतना की बैठक संपन्न, सर्वसम्मति से राष्ट्रचिंतना की ग्रेटर नोएडा इकाई का किया गया गठन




ग्रेटर नोएडा 30 अप्रैल 2025 (समाज जागर)। ग्रेटर नोएडा के प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी में राष्ट्रचिंतना बैठक संपन्न। इस महत्वपूर्ण बैछ मे सर्वसम्मति से राष्ट्रचिंतना की ग्रेटर नोएडा इकाई का गठन किया गया। राजेश बिहारी को अध्यक्ष, राजेंद्र सोनी, डॉ आरती शर्मा, डॉ संदीप, धन प्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, डॉ नीरज कौशिक को महासचिव एवं मीडिया प्रभारी, डॉ दिव्या अग्रवाल को सचिव, नरेश कुमार गुप्ता को संयोजक, भोला ठाकुर और जूली को सह मीडिया प्रभारी, श्रीचंद गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा डॉ बी के श्रीवास्तव, अरविंद साहू आदि को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया। अंत में डॉ बी एस राजपूत और डॉ भरत सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया उनके दायित्व बोध के बारे में बताया।

# मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का किया स्थलीय निरीक्षण



गौतम बुद्ध नगर, 30 अप्रैल 2025: उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, यमुना विकास प्राधिकरण के ओएसडी/नोडल अधिकारी जेवर एयरपोर्ट शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकोलस शेंक, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड , टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को रनवे, टर्मिनल भवन, कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसके तहत उड़ान संचालन की अंतिम समय सीमा शीघ्र घोषित की जाएगी।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर सृजित करेगा।

बैठक के उपरांत मुख्य सचिव ने टर्मिनल भवन, कार्गो स्थल एवं अन्य निमार्णाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

सौजन्य सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

# बाल विवाह करना व करवाना कानूनन अपराध है-: प्रेमबाबू गिरी

## अक्षय तृतीया के दिन आज बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती थाना एएचटीयु प्रभारी एवं देहात इंडिया संस्था और ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान द्वारा ग्राम बेलहरी व जौगड़ में 6 बाल विवाह केसों का विजिट किया गया।



सभी का दस्तावेज का सत्यापन किया गया एवं नाबालिक पाए जाने पर उन्हें न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के लिए बुलाया गया। बाल विवाह के दुष्परिणाम बताया गया और उन्हें विवाह न करने का हिदायत दिया गया है।

इस कार्यक्रम में एएचटीयु प्रभारी श्री मोहम्मद दानिश आजम, आरक्षी श्री देवेंद्र मौर्या, महिला आरक्षी कंचन, आरक्षी सरल अवस्थी ,देहात इंडिया से जिला समन्वयक श्री मोहम्मद यूसुफ, सारजन हंसराम एवं ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से प्रेम बाबू गिरी एवं मां सरस्वती बालिका शिक्षा समित श्रवण कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती परिवहन आयुक्त उ0प्र0 के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनो के विरुद्ध चलाए जा विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम व यातायात टीम द्वारा थाना को0 भिनगा क्षेत्रांतर्गत दहाना तिराहे व पुरानी बाजार मोड़ आदि स्थानों पर अवैध तरीके से चलाये जा रहे आटो रिक्शा/ई-रिक्शा व डग्गा मार वाहनो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया गया तथा प्रभारी यातायात द्वारा स्थानीय बाजारो पर हेलमेट विक्रेताओं की दुकानों को चेक किया तथा उन्हे अवगत कराया गया कि बिना बीआईएस मानक वाले हेलमेट बेचने पर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया जायेगा इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा लव विद्यापीठ जनपद श्रावस्ती के छात्र व छात्राओं के साथ मिलकर भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर आम जनमानस को एकत्र कर *"मोबाइल पर नहीं, सड़क पर ध्यान दीजिए।" व




"एक सेकंड की लापरवाही, उम्र भर का पछतावा।" के सन्दर्भ मे समस्त को दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, व मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने आदि के महत्व के बारे में समस्त को विस्तृत रूप से जागरूक कर यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण किया गया तथा आम जनमानस को शपथ दिलाई गई कि वे सड़क पर चलते समय सदैव यातायात नियमो का पालन करेंगे तथा साथ ही साथ समस्त को दिनांक 10/05/2025 को होने वाली लोक अदालत के बारे में भी अवगत कराया गया जिससे वह अपने लम्बित वादों व ई-चालानो को निस्तारण कराने हेतु समस्त को अवगत कराया गया

# तिलहनी फसलों के अपनाने से प्रदेश के किसानों की आय में हो रही है बढ़ोत्तरी

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊः 30 अप्रैल, 2025ः उत्तर प्रदेश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उसके लिए प्रदेश सरकार ने किसानों को तिलहन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने, किसानों को अधिक उपज के बीज उपलब्ध कराने, समय से सिचाई करने एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाओं के वितरण आदि की व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार ने तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए किसानों को 6.79 लाख तिलहन मिनीकिट निःशुल्क बीज भी वितरित किया है। तिलहनी फसलों की अधिक उपज के लिए किसानो को प्रशिक्षित भी किया गया है। खाद्य तेल एक ऐसा द्रव्य है जो गरीब की झोपड़ी से ले कर शहरों के बड़े अमीरो तक सब के रसोई का महत्वपूर्ण अंग है। बिना खाद्य तेलो के रसोई का व्यंजन अधूरा होता हैं। खाद्य तेलो में प्रमुखता मूगफली, सोयाबीन, तिल, अरण्डी, तोरिया, सरसों, सूरजमुखी, ताड़ नारियल, आदि हैं।

सरसों का तेल उत्तर प्रदेश के निवासियों के रसोई का एक महत्वपूर्ण अंग है। सरसों कृषि उपज की महत्वपूर्ण फसल है। रबी की फसल में इसका प्रमुख स्थान है। तिलहन का देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कम लागत में और कम सिंचाई के कारण, सरसों की खेती, किसानों में बहुत लोकप्रिय हो रही है। रबी की अन्य फसलों की अपेक्षा सरसों की फसल अधिक आय देने वाली है। सरसों की खेती प्रदेश के किसान मिश्रित रूप से बहुफसली व सिंगल फसली कर रहे हैं। पीली सरसों, तोरिया की तरह कैचक्राप के रूप में खरीफ एवं रबी के मध्य बोई जाती हैं। इसकी खेती करके किसान अतिरिक्त लाभअर्जित कर रहे है। उत्तर प्रदेश की मिट्टी तिलहनी फसलों के लिए उपयुक्त हैं। प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में, परिचमी क्षेत्र, पूर्वांचल क्षेत्र व मध्य क्षेत्र की मिट्टी सरसों, तोरिया, तिल, मूंगफली, तिलहनी आदि फसलों के लिए अच्छी है। प्रदेश में खरीफ फसलों में मूंगफली, सोयाबीन, तिल,अरण्डी, तोरिया प्रमुख तिलहनी फसल है। प्रदेश में सरसों की खेती रबी फसल के साथ बोई जाती है। उत्तर प्रदेश में सरसों की खेती में बढ़ोत्तरी हुई है। नकदी फसल होने के कारण किसानों के मध्य सरसों की खेती में रूचि बढ़ी है। प्रदेश में लाखों हेक्टेयर भूमि में सरसों की खेती हो रही है और किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदेश में तिलहन के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में 12.40 लाख मै०टन तिलहन का उत्पादन प्राप्त हुआ था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 28.33 लाख मै0टन हो गया है। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 15.93 लाख मै०टन अधिक तिलहन का उत्पादन प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार वर्ष 2016-17 में 9.35 कुन्टल प्रति तिलहन की उत्पादकता प्राप्त हुआ जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 12.12 कुन्टल प्रति हेक्टेयर हो गया है। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 27.06 कुन्टल प्रति हेक्टेयर से अधिक तिलहन की उत्पादकता प्राप्त हुआ है। तिलहन उत्पाकदकता में अधिक उत्पादन होने पर राष्ट्रीय पुरस्कार के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में सर्वाधिक तिलहन उत्पादन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कृषि एवं किसान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उ०प्र० को रू0 2.00 करोड़ का कृषि कर्मण पुरस्कार तथा देश में सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन हेतु रू01.00 करोड़ का प्रोत्साहन पुरस्कार मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रदान किया गया।

# बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच अक्षय तृतीया पर चलाया गया जागरूकता अभियान

जनपद श्रावस्ती में आज बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए देहात इंडिया ने बाल विवाहो अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले परोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान। धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया में एक भी बाल विवाह जिले में नहीं होगा। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। और देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया कैम्पेन चला रहा है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि बाल विवाह निषेध है बाल विवाह करना एवं करवाना दोनों ही कानूनन अपराध है पकड़े जाने पर सजा एवं जुमार्ना व दोनों हो सकते हैं अधिनियम पीसीएमए 2006 के तहत दंडनीय अपराध है इस कार्यक्रम में एएचटीयु प्रभारी श्री मो0 दानिश आजम, आरक्षी श्री देवेन्द्र कुमार मौर्य, आरक्षी कंचन, आरक्षी सरला अवस्थी, देहात इंडिया से श्री मोहम्मद यूसुफ, हंसराम, साजन कुमार वर्मा, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से प्रेम बाबू गिरी, मां सरस्वती बालिका शिक्षा समिति से श्रवण कुमार श्रीवास्तव आज लोग उपस्थित रहे

# जाति जनगणना पर केंद्र के फैसले को सीएम योगी ने सराहा, बोले- यह सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में CCPA का निर्णय स्वागत योग्य, 140 करोड़ भारतीयों के हित में निर्णायक पहल: मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, 30 अप्रैल। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातीय जनगणना को आगामी राष्ट्रीय जनगणना में शामिल करने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए इसे 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को उचित पहचान और योजनाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

**सामाजिक न्याय और डेटा आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का ऐतिहासिक प्रयास**



मुख्यमंत्री योगी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में CCPA द्वारा जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल किए जाने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। यह सामाजिक न्याय और डेटा आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का ऐतिहासिक प्रयास है।

**हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में मिलेगी मजबूती**

उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायक होगा, बल्कि इससे समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल की सार्वजनिक मामले समिति के माध्यम से इस निर्णय की घोषणा की गई है, जो लंबे समय से उठ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सरकार के इस फैसले को क्रांतिकारी माना जा रहा है, जिससे नीति निर्धारण और संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण में उल्लेखनीय सुधार आने की उम्मीद है।

# रोजगार मेले में 88 अभ्यर्थियों का चयन, 6 प्रतिष्ठित कंपनियों ने लिया भाग

**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 अप्रैल 2025 :मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई०टी०आई०), अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु रायल इनफील्ड प्रा० लि०, भगवती प्रोडक्ट्स लि०, सिगटफ प्रा० लि०, जी 4एस, वारी एनर्जीस प्रा० लि० एवं सुजुकी मोटर्स (लर्न एवं अर्न) जैसी 6 प्रतिष्ठित कम्पनियाँ उपस्थित रहीं। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक प्रतिभागियों को चयनित करने का अनुरोध किया।

ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम० ए० खाँ ने बताया कि उपरोक्त 6 कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त कुल 88 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी की ओर से 10,000 रुपये प्रतिमाह से 20,000 रुपये प्रतिमाह तक का वेतनमान एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।

रोजगार मेले के आयोजन में निर्भय कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यदेशक, जेड रहमान, अनुदेशक एवं ग्रे सिम फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग कर विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

# भारत पाकिस्तान पर कब हमला करेगा ? लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा ने सैन्य कार्रवाई की संभावना पर बात की

अटारी सीमा को बंद करने, सिंधु जल संधि को निलंबित करने और राजनयिक संबंधों को खराब करने जैसे पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक रुख अपनाने के बाद, भारत सरकार सैन्य कार्रवाई के मामले में कुछ ठोस योजना बना रही है। हक्डठ के साथ एक साक्षात्कार में, उत्तरी कमान के पूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डीएस हुड्डा ने कहा कि भारत "कुछ सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहा है।" "प्रधानमंत्री मोदी और सेना प्रमुखों के बीच कल हुई बैठक से यह स्पष्ट है कि वे कुछ सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। मुझे नहीं पता कि यह किस रूप और आकार में होगा, लेकिन तथ्य यह है कि सेना प्रमुख को कुछ योजनाएँ बनाने के लिए कहा गया है,

# गैस सिलेंडर में लगी आग से खाना बना रहे हलवाई के झूलसने से मची अफरातफरी

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। शादी समारोह के लिए बनाये जा रहे खाने के दौरान गैस सिलेंडर में लगी आग से खाना बना रहे हलवाई के झूलसने से अफरातफरी मच गई ,सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मौहल्ला जोशियान निवासी मनीष पुत्र नरोत्तम के घर पर शादी का कार्यक्रम चल रहा है बुधवार को सुबह से ही मेहमानों के भोजन हेतु मौहल्ले में स्थित जोशियान मंदिर परिसर में हलवाई द्वारा खाना बनाया जा रहा था बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान पूर्वान्ह 11 बजे करीब वहां रखे गैस सिलेंडरों में अचानक आग लग गई और तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया गैस सिलेंडरों में आग लगने से वहां अपरा तफरी मच गई, सूचना पर एफ एस ओ. दीपक कुमार के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची फायर स्टेशन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया आग बुझने पर मोहल्ले वासियों ने राहत की सांस ली गैस सिलेंडर से लगी आग से हलवाई राजपाल पुत्र जसराम दोनों पैर जलने से झूलस गया।



# डी.के. कोल्ड स्टोरेज का डा. दीपेंद्र गुप्ता ने विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। अक्षय तृतीया के अवसर पर बालाजी महाराज की असीम कृपा से ग्राम पनौड़ी स्थित डी.के. कोल्ड स्टोरेज का स्वामी व नगर के वरिष्ठ चिकित्सक दीपेंद्र कुमार गुप्ता ने विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। डा. दीपेंद्र गुप्ता ने बताया कि अगले एक वर्ष में कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा क्षेत्र के किसानों की खुशहाली एवं आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में यह ऐतिहासिक कार्य की आधारशिला रख रहा हूं। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो और वे आत्मनिर्भर हो सके। इस अवसर पर डॉ गुंजन गुप्ता, रजनी गुप्ता, स्वाति वार्ष्णेय, दिनेश गुप्ता, अनीता गुप्ता, पुलकित गुप्ता, अंकित गुप्ता, ओमेंद्र यादव, पप्पू ठाकुर, अरविंद, राजपाल, विपनेश आदि मौजूद रहे।



# आसफपुर : आज से पांच दिन बंद रहेगी क्रासिंग, डायवर्जन लागू

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली आसफपुर। लगातार भारी वाहनों की संख्या बढ़ने से आसफपुर स्थित रेलवे फाटक 30/बी का रेलवे क्रासिंग जर्जर हालत में है। जिसकी मरम्मत बीते एक साल पहले हुई थी। अब फिर क्रासिंग से गुजरने वाली सड़क पर गहरे गड्ढे हो जाने से रेलवे विभाग आगामी 1 मई सुबह 6 बजे से 4 मई शाम 6 बजे तक इस क्रासिंग सड़क पर खुदाई के बाद मरम्मत का काम करेगा। जिससे यह रेलवे फाटक पूरी तरह बंद रहेगा। इस मार्ग से गुजरने वाले हल्के तथा भारी वाहनों के आवागमन को यह क्रासिंग बंद कर दिया जाएगा। रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ( रेल पथ ) ने पत्र जारी कर यात्रियों की असुविधा के लिए खेद जताते हुए उक्त दिनों में 3 किलोमीटर दूर फाटक संख्या 28/बी से आवागमन करने का दिशा निर्देश दिया है। इस संदर्भ का एक पत्र बिसौली की एसडीएम राशि कृष्णा सहित थाना फैजगंज बेहटा पुलिस, स्टेशन अधीक्षक आसफपुर तथा ग्राम प्रधान आसफपुर सहित विभाग के अन्य आला अधिकारियों को जारी कर सहयोग देने की अपील की है।

# जिले का नाम रोशन करने वाली छात्रा आराध्या वार्ष्णेय को किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। नगर क्षेत्र चंदौसी के मौहल्ला राज निवासी सुनील कुमार की बेटी आराध्या वार्ष्णेय द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने के उपलक्ष्य में वैश्य एकता मंच, चंदौसी सम्भल द्वारा कपड़ा व्यवसायी सुनील कुमार के आवास पहुंचकर आराध्या को मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही दीपेश वार्ष्णेय ज्योति स्वीट्स द्वारा आराध्या के माता पिता को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लवित वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि हम आशा करते है कि निकट भविष्य में आराध्या अपने नगर चंदौसी का नाम रोशन करे। आकाश वार्ष्णेय ने कहा कि वैश्य एकता मंच द्वारा वैश्य समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का समय समय पर इसी प्रकार हौसला अफजाई किया जाएगा। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, बृजेश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय क्रिस्टल कैफे, रितिक वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, इशांक गोयल, लक्की वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, अमर वार्ष्णेय, अनुराग वार्ष्णेय, कृष्ण मोहन वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय, हर्ष, गर्पित व अन्य लोग उपस्थित रहे।



# भाजपाईयों ने फूल-मलायें पहनाकर पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा का किया जोरदार स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रवीण कुमार**

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा का सुभाष रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी के आवास पर ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने तिलक, पटका एवं राधाकृष्ण की मूर्ति भेंट की।

जिसके बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रायसती मंदिर परिसर में आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा श्रीराम, श्रीकृष्णा और कल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार है जिनके रूप में भगवान बहुत से कार्य लेकर चलते हैं। इसलिए इन अवतारों में भी बाकायदा जन्म लेते हैं, कई वर्षों तक पृथ्वी पर रहते हैं,पृथ्वी लोक पर कई जन्मों से अपनी प्रतिक्षा कर रहे भक्तों को दर्शन देते हैं, उनके अपने-अपने कर्म अनुसार उनके साथ रहते हैं। और तरह-तरह की लीलाएं करते हैं वही भगवान परशुराम श्रीहरि के छठे अवतार है। शस्त्र और शास्त्रों के दिव्य ज्ञान के लिए पूजनीय भगवान परशुराम की कृपा से हर किसी का जीवन साहस और सामर्थ्य से परिपूर्ण रहे। बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने कहा भगवान परशुराम के जीवन से साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य, विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श जीवन को अपनाने के लिए हमें मिलकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा, तभी समाज मे न्याय व समता की स्थापना होगी।

इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, रामौतार शर्मा, सतीश अरोरा, डॉ टीएस पाल, मनोज कठेरिया, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, रोहित दिवाकर, देवेंद्र मोनू, अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, विकास वार्ष्णेय, अभिनव शर्मा, संजय बंसल, राजकुमार यादव, संजय सांख्यधर, सभासद तरुण नीरज, उर्मिला कनोजिया, अमन कोरी, शिवकुमार सैनी, मनोज दिवाकर, आकाश आहूजा, ऋत्विक सिंह, विजय यादव, आलोक शाक्य, आईपीएस चौहान, आमोद वार्ष्णेय,यश मदान, महावीर सिंह, राजश्री अग्रवाल, संजय सैनी, सुशील पाल, अनुभव श्रीवास्तव, क्रांति कुमार, तुषार अग्रवाल, विकी रस्तोगी, आदि उपस्थित रहे।



# महिला के साथ हुई अपने बेटे को विदेश भिजवाने के नाम पर लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर/ नगीना एक महिला ने अपने बेटे को विदेश भिजवाने के नाम पर लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये गांव के एक व्यक्ति के कहने पर एजेंट इकबाल को दे दिए थे लेकिन महिला ने अपने साथ धोखाधड़ी होता देख उससे आ0ने रुपये वापस मांगे तो उस एजेंट ने दोनों गरीब माँ बेटे को जान से मारने की धमकियां देने लगा पीड़ित महिला व उसके बेटे ने पुलिस में उसके विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग व अपने रुपये वापस दिलवाए जाने की नगीना पुलिस से गुहार लगाई है।

दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव नेनपुरा सराय उर्फ अलीपुर गंगा शहनाज पत्नी स्व.अकील अहमद निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह एक गरीब व बेसहारा महिला हैं जिसने जैसे तैसे करके अपने बेटे शाहरूख को विदेश बेहरीन भेजने के नाम पर इकबाल पुत्र लियाकत निवासी ग्राम लुकादड़ी थाना नजीबाबाद को 22 फरवरी 2025 को समय करीब 1 बजकर 6 मिनट पर महिला के गाँव में ही रिश्तेदारी होने के कारण अपने घर पर ही दो बार में 50 - 50 हजार रुपये करके पूरे 1 लाख रुपये इकबाल के हाथ में पीड़ित महिला ने खुद अपने हाथों से जेठ अतीक, व बेटे शाहरुख सहित इकबाल के ही सगे संबन्धी भाई बाहजुद्दीन के सामने दिए थे और उसके कुछ दिन बाद 8 मार्च को फिर से 60 हजार रुपये महिला ने अपने ही हाथों से उसी के सगे सबंधी बाहजुद्दीन के सामने इकबाल को दिये जिसकी महिला के बेटे ने इनको बिना बताएं एक बार के 50 हजार रुपए देते हुए एक छोटी सी वीडियो क्लिप भी बनाई हुई है तथा इन दोनों ने जाते समय महिला से कहा था कि तुमने हमें सिर्फ 1 लाख 50 हजार रुपये ही देने हैं और हमारा खर्चा अलग देना होगा जिसमें महिला ने उनके द्वारा बताए गए डेढ़ लाख रुपये और उनके खर्चे के पूरे 10 हजार रुपये दे दिये लेकिन पूरे रुपये देने के बाद अब फिर से 90 हजार रुपए और मांग रहे हैं इस पर महिला ने उन दोनों से कहा कि हमारे पास आपको देने के लिए और रुपये नहीं हैं आप हमारे 1 लाख 60 हजार रुपये हमें वापस दे दो मुझे अपने बेटे को विदेश नहीं भेजना हैं इस पर इकबाल व बाहजुद्दीन ने कहा कि आपके रुपये आपको वापस मिल जाएंगे हमें थोड़ा समय दे दो लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद भी इकबाल ने कई वादे करने के बाद भी आज तक महिला के रुपये वापस नहीं किये तथा बेटे द्वारा रुपये माँगने पर महिला के बेटे को ही फोन कॉल पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकियां दे रहा है। और साथ ही बोलता है कि बिजनौर पुलिस से लेकर नगीना या नजीबाबाद पुलिस भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती क्योंकि में पुलिस के सभी बड़े अधिकारियों में बैठता उठता हूँ और मेरी सभी से अच्छी जान पहचान है। पीड़ित महिला ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने व इकबाल को दिये गए 1 लाख 60 हजार रुपये वापस दिलवाये जाने की नगीना पुलिस से गुहार लगाई है।

# तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष का हार्ट अटैक से निधन, शोक की लहर

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश चंद्र पाराशरी का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वह करीब 58 वर्ष के थे। जानकारी मिलते ही उनके गुलाब बाग स्थित आवास पर भीड़ का ताँता लग गया। यहाँ शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, तहसील बार के अध्यक्ष एड. अनूप शर्मा, एड. सुमित पाठक, प्राणब्रत शर्मा, भाजपा नेता दुर्गेश वार्ष्णेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक, पूर्व चेयरमैन अशोक वार्ष्णेय, सभासद दीपक पाठक, विपनेश मिश्रा, एड. वेद प्रकाश सक्सेना, एड. प्रेमशंकर यादव, एड. प्रमोद सक्सेना, एड. सुधाकर सक्सेना, एड. अल्ताफ हुसैन, पूर्व अध्यक्ष राजेश सक्सेना, ठा. रामवीर सिंह, एड. अभीक्ष पाठक, एड. राजेश भारद्वाज, एड. संजीव मिश्रा, एड. बलवीर सिंह यादव, एड. एड. हृदेश शर्मा, दिनेश शर्मा, एड. अबरार खान, एड. प्रिंस सक्सेना, सपा नेता वाजिद खान, कमल सक्सेना, एड. व्योमेश चंद्र, आदि ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को ढाढस बँधाया।



# अग्रवाल युवा महिला मंडल द्वारा राहगीरों को सत्तू के ठंडे शरबत का किया गया वितरण

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रवीण कुमार**

चन्दौसी। अग्रवाल युवा महिला मंडल, गीता सत्संग भवन द्वारा अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर सत्तू के शरबत का वितरण किया गया। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य अक्षय फलदायी होता है। इस सेवा भाव के साथ मंडल की सदस्यों ने राहगीरों को ठंडा सत्तू का शरबत पिलाया और समाज में सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए हिंदुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मोमबत्ती जलाकर मौन रखा गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवाद के समूल नाश की अपील की गई कि आतंकवाद मिटेगा, भारत जीतेगा। इस दौरान कार्यक्रम में संयोजिका पदकन अग्रवाल, अध्यक्ष जल्पा अग्रवाल सहित मानसी, शुभा, शुभ्रा, शिवानी, निधि, दीपाली, रेशु, निमिषा, सोनम, कीर्ति, शालिनी, शिखा, मीनाक्षी, कामना, शिवी, ऋतु, नेहा, कामना स्वाती आदि का सराहनीय सहयोग रहा।




# चकरोड को लेकर दो पक्ष आपस में भिडे, जमकर चली फायरिंग, एक की मौत, चार घायल

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। जनपद संभल में चन्दौसी तहसील के कुढफतेहगढ थाना क्षेत्र के समीप ग्राम भीकमपुर में मनरेगा के तहत चकरोड को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। धीरे-धीरे यह विवाद खून-खराबे में बदल गया। विवाद में एक पक्ष ने लाईसेंसी बंदूक से फायरिंग की। जिससे लगभग 55 वर्षीय किसान साहब सिंह की फायरिंग के दौरान चलने वाली गोली से मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उनका बेटा और दोनों भतीजे घायल हो गये। मंगलवार को हुए विवाद को शांत कराने के लिए एसडीएम निधि पटेल राजस्व टीम के साथ गांव पहुंची थी और दोनों में समझौता करा दिया गया था। लेकिन बुधवार को जब चकरोड निर्माण कार्य शुरू हुआ तो सुभाष यादव ने फिर काम को रोकने का प्रयास किया। जिससे विवाद इतना बढ गया कि जिसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। सुभाष यादव अपने दोनों बेटों के साथ लाईसेंसी बंदूक और रायफल लेकर पहुंचा और गुस्से में आकर साहब सिंह को गोली मार दी। जब साहब सिंह के परिजन उन्हें बचाने पहुंचे तो उन पर भी फायरिंग की गयी जिससे उनका बेटा और दोनों भतीजे व उनके पिता भी बुरी तरह से घायल हो गये। वारदात के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी की लेकिन तब तक ओरापी वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने सभी के बयान दर्ज किये। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है इस घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गयी। ए0एस0पी0 श्रीशचन्द्र ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है शीघ्र ही आरोपियों को पकडकर सख्त कार्यवाही की जायेगी।



# अनियंत्रित होकर पलटी कार महिला की मौत तीन अन्य घायल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना। हल्द्वानी से अपने घर देहरादून जा रहे । कार चालक की नींद आने के कारण कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें एक 70 वर्ष की महिला की मौत हो गई जबकि कार चालक व उसकी पत्नी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया तथा मृतक का पंचनामा में भरकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी

बुधवार की दोपहर सुरेंद्र मोहन जोशी निवासी अंकितपुरम कॉलोनी देहरादून (उत्तराखण्ड) अपने परिवार सहित हल्द्वानी से देहरादून जा रहे थे, इसी दौरान उनकी कार थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत पुरैनी टोल प्लाजा के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी, जिससे सुरेन्द्र, उनकी पत्नी विभा जोशी व बहन मीरा जोशी घायल हो गए।

पुलिस द्वारा सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी नगीना भर्ती कराया गया, जहां मीरा जोशी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी । पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर कार्यवाही शुरू कर दी।

# ग्रामीणों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो - विजय कुमार शुक्ला

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए अपने कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लेखपाल, कानूनगो को फील्ड में उतरकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने को निर्देशित किया। ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र छेदालाल का गाटा संख्या 215 में गलत नाम दर्ज हो गया है। जिसका तहसीलदार श्री शुक्ला ने तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# नायब तहसीलदार गिरजा शंकर ने हटवाया चकमार्ग से अवैध कब्जा

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। बुधवार को नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव के नेतृत्व में तहसील प्रशासन एवं पुलिस बल द्वारा चकमार्ग की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटवा दिया।

तहसील क्षेत्र के गांव तालिबनगर में गाटा संख्या 100 चक मार्ग पर चकबंदी के समय से गांव के ही कुछ दबंगों ने अपना कब्जा कर रखा था।संयुक्त टीम के माध्यम से चकमार्ग को ट्रैक्टर से जुतवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव, राजस्व निरीक्षक राजेश शर्मा, लेखपाल लोकपाल सिंह, पंकज कुमार, शोभित कुमार, विकास विभाग के सचिव, कांस्टेबल रफीक आदि उपस्थित रहे।



# ग्रुप की महिलाओं ने राहगीरों को किया शरबत वितरण

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी। परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में जॉइंट्स ग्रुप आफ वूमेन शिखर और जायंट्स ग्रुप संकल्प दोनों ने संयुक्त भीषण गर्मी को देखते हुए रहागिरो को जल और जलजीरे का वितरण नरोरा नरवर घाट पर किया। इस दौरान जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की अध्यक्ष शोभा शर्मा संकल्प ग्रुप के अध्यक्ष शिवानी शर्मा और दोनों ग्रुप के सदस्य सीनू शर्मा, नंदनी अग्रवाल, बीना शर्मा और दोनों ग्रुप की डायरेक्टर शिखा शर्मा मौजूद रहीं।



# संस्कृत शिक्षा परिषद का परीक्षाफल घोषित, 10वीं में विधांशु और 12वीं में भूमिका ने किया टॉप

लखनऊ, 30 अप्रैल। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 की पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10), उत्तर मध्यमा प्रथम एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) की परीक्षाओं का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। पूर्व मध्यमा में 92.58% छात्र सफल रहे, जबकि उत्तर मध्यमा प्रथम के परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.08 रहा। इसी तरह, उत्तर मध्यमा द्वितीय के परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.82 है। पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10) में ज्ञानोदय संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ के विधांशु शर्मा ने 93.42 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, जबकि उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) में अंबाजी आश्रम माध्यमिक संस्कृत विद्यालय जौनपुर की भूमिका ने 85.21 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

**247 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थी परीक्षा**

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक डॉ महेंद्र देव और माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिव लाल ने परीक्षाफल की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में 8708 अधिक छात्रों की भागीदारी दर्ज की गई, जो संस्कृत शिक्षा के प्रति बढ़ते रुझान का संकेत है। कुल 1265 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में से 1075 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इन परीक्षाओं के लिए 247 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सम्पन्न कराई गईं। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की गई, जबकि जनपद और मण्डल स्तर पर भी निगरानी के लिए ऑनलाइन कंट्रोल रूम स्थापित किए गए थे। इसके चलते नकलविहीन, पारदर्शी और शुचिता के साथ परीक्षाओं को संपन्न कराने में सफलता मिली। पूर्व मध्यमा द्वितीय में कुल 13,574 छात्र प्रथम श्रेणी, 1,330 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। वहीं, उत्तर मध्यमा द्वितीय में 5160 छात्र प्रथम, 4101 छात्र द्वितीय और 287 छात्र तृतीय श्रेणी में पास हुए।

**परीक्षाफल एक नजर में**

पूर्व मध्यमा द्वितीयःइस परीक्षा में 18,107 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 14,916 उत्तीर्ण हुए। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 92.58% रहा। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.62% तथा बालिकाओं का 92.45% रहा।

# मुख्तार अंसारी केस में सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार की बड़ी जीत

- **सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की रिट याचिका खारिज की**
- **कोर्ट ने मुख्तार की मौत की जांच से जुड़ी एफआईआर व एसआईटी की मांग ठुकराई**
- **रिट खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह हस्तक्षेप योग्य मामला नहीं**
- **योगी सरकार की माफिया के खिलाफ पुख्ता पैरवी की फिर हुई जीत**
- **प्रदेश सरकार की सशक्त पैरवी से मुख्तार को आठ मामलों में हो चुकी है सजा**
- **मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को बांदा जेल में इलाज के दौरान हुई थी मृत्यु**

लखनऊ/दिल्ली, 30 अप्रैल। उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध के खिलाफ योगी सरकार की ह्यजीरो टॉलरेंसह्न नीति को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से मजबूती मिली है। कुख्यात माफिया और विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत की जांच के लिए एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी गठित किए जाने की मांग को लेकर उनके बेटे उमर अंसारी द्वारा दाखिल की गई रिट याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि यह सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का मामला नहीं है और इस आधार पर याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न केवल प्रदेश सरकार की सशक्त और तथ्यों पर आधारित पैरवी की जीत है, बल्कि संगठित अपराधियों के विरुद्ध उठाए गए कठोर कदमों की भी पुष्टि करता है। यह फैसला इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश अब अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं, बल्कि कानून का सख्त पालन कराने वाला राज्य बन चुका है।

**अंसारी पर 65 से अधिक आपराधिक मुकदमे**

मुख्तार अंसारी, जो कि गाजीपुर जनपद के कस्बा मोहम्मदाबाद का निवासी था, पर हत्या, अपहरण, वसूली, गैंगस्टर एक्ट, एनएसए समेत 65 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। वर्ष 1986 से अपराध जगत में सक्रिय मुख्तार ने साधु सिंह गैंग से मिलकर कई बड़े अपराध किए और राजनीति के माध्यम से भी अपनी आपराधिक गतिविधियों को संरक्षण देने की कोशिश की। उसके खिलाफ रूगटा हत्याकांड, जेलर हत्या मामला और कृष्णानंद राय की हत्या जैसे कई सनसनीखेज मामले दर्ज हैं। मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को बांदा जेल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

**8 मामलों में हो चुकी थी सजा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार की स्पष्ट नीति और अभियोजन विभाग की मजबूत पैरवी के चलते अंसारी को अब तक आठ मामलों में सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें 5 वर्ष, 5 वर्ष 6 माह, 7 वर्ष, 3 में 10 वर्ष और 2 में आजीवन वर्ष समेत अर्थदंड की सजा दी गई है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने ट्रस्ट द्वारा संचालित गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सीय सेवाओं, उपकरणों एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व डीएम ने नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल की पुण्यतिथि पर परिसर में स्थापित स्टैच्यू पर माल्यार्पण भी किया।

जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के उपरांत चिकित्सालय में योगदान दे रहे ट्रस्टीगण, नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी मानवता की सच्ची सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीनता से पीड़ित व्यक्तियों को रोशनी देना एक पुण्य कार्य है और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सालय की साफ-सफाई, मरीजों के साथ व्यवहार एवं निःशुल्क सेवाएं अत्यंत सराहनीय हैं। जिला प्रशासन ऐसे समाजसेवी कार्यों में हर संभव सहयोग करेगा। डीएम ने इस दौरान मरीज असलम, डी0के0 वर्मा एवं कुछ अन्य तीमारदारों से भी बात की। डॉ0 अमित कुमार गुप्ता द्वारा संचालित स्वच्छ शाकाहारी भोजनालय में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नकवी ब्लॉक के सम्मुख पौधरोपण भी किया। मधुप लहरी ने बताया कि गांधी आई नेत्र चिकित्सालय की स्थापना 1928 में डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल द्वारा की गई। पद्मश्री डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल का जन्म 1905 में हुआ और अल्प आयु में सन 1962 में वह हम सभी को छोड़कर परमात्मा में विलीन हो गए। उन्होंने डीएम को आजादी से पूर्व की विजटर बुक भी दिखाई। मधुप लहरी ने चिकित्सालय की बेहतरी के लिए कुछ आवश्यकताओं, समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए चिकित्सालय परिसर के पीछे हो रहे जलभराव वाली जमीन का चिकित्सालय हित में सदुपयोग करने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर चिकित्सालय ट्रस्ट के पदाधिकारी सचिव वी0 के0 बजाज, पिंकी भाटिया, अमित नंदन संयुक्त सचिव, सुरेश गोविल कोषाध्यक्ष, डॉ0 अजय सक्सेना, डॉ अमित गुप्ता, मधुप लहरी, पी0के0 माथुर, प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ0 प्रीतपाल सिंह ने अन्य नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ओर से डीएम संजीव रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# बीजेपी कार्यकताओं ने अखिलेश यादव का किया विरोध

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। भारतीय जनता पार्टी ने सपा नेता व कार्यकताओं पर डॉ भीमराव अंबेडकर से अखिलेश यादव की तुलना करने का आरोप लगाया है, उक्त मामले को लेकर बुधवार को भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं का कहना है कि सपा के कार्यकर्ता और नेता अखिलेश यादव की तुलना बाबा साहब से कर रहे हैं, भाजपा नेताओं ने इसको बाबा साहब का अपमान बताया और प्रदर्शन किया है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का एक छायाचित्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, इस वायरल छायाचित्र में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को एक तस्वीर भेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में आधा चेहरा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का है और आधा अखिलेश यादव का है। तस्वीर में नीचे एक स्लोगन भी लिखा हुआ है।




फिलहाल भाजपा नेता इसे बाबा साहब का अपमान बता रहे हैं और प्रदर्शन किया है। समाजवादी पार्टी की सदस्यता रद्द करने की मांग अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हाथों में तरह-तरह के पोस्टर बैनर लेकर नारेबाजी की गई है। भाजपा के जिलाध्यक्ष चौधरी कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता अखिलेश यादव की तुलना बाबा साहब से करते हैं। बाबा साहब संविधान के निमार्ता है और आज उन्हीं के संविधान पर देश चलता है। सपा के नेता अखिलेश यादव की तुलना बाबा साहब से कर रहे हैं जो कि बाबा साहब का घोर अपमान है। उन्होंने देश की राष्ट्रपति से समाजवादी पार्टी की सदस्यता रद्द करने की मॉग की है।

# ग्राम पंचायत रानीपुर में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं पी. डी. ए. बैठक आयोजित !

**दैनिक समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! विकास खंड हाथवंत की ग्राम पंचायत रानीपुर के ग्राम गंगलई में प्रधान राजन सिंह कोरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई पी. डी. ए. बैठक एवं विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं राज्य सभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है



प्रो.रामगोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार हर वर्ग को साथ लेकर चलती है !

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, पूर्व एम.एल.सी. डॉ.दिलीप यादव ,पूर्व विधायक रामवीर सिंह यादव ,पूर्व विधायक रमेश चंचल ,योगेश गर्ग ,रामकुमार शंखवार ,शांतिदास शंखवार ,संजीव कुमार,सीताराम , विपिन शंखवार ,लक्ष्मण कुमार ,गौरव कुमार ,राजू कठेरिया ,आदि लोग उपस्थित रहे !पार्षद मनोज शंखवार ने सभी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया !

# डॉ शंकर लाल शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : डॉक्टर शंकर लाल शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत के केंद्रीय कार्यालय कृष्णापुरी पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वाई .के .शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम का दूध ,दही, शहद ,गंगाजल एवं घी से अभिषेक किया गया तथा भगवान का श्रंगार कर सभी भक्तों ने माला पहनाई। शंख, घंटा,घड़ियाल द्वारा भगवान की आरती उतारी गई।

मुख्य अतिथि वाई के शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम ने आताातारी राजाओं का 21 बार वधकर पृथ्वी को बिहीन कर दिया, हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी



चाहिए तथा उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम में वयोबृद्ध सम्मान मास्टर सत्य स्वरूप शर्मा,पवन गौड़ रेलवे, वाई के शर्मा एवं गिरिराज किशोर शर्मा एवं संरक्षक माया देवी को तथा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर अशोक शर्मा ,डॉक्टर मनोज कुमार, संरक्षक राकेश कुमार शर्मा एवं श्री श्री भगवान गौड़ को माला, अंग वस्त्र, एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी का आभार व्यक्त कर भगवान परशुराम महोत्सव की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में मीरा शर्मा, महासचिव बेबी रानी ,प्रभा गौड़, विजेता पंडित ,साक्षी पंडित ,सुनीता गौड़ ,राजेंद्र शर्मा, मोहित शर्मा ,रजत शर्मा, आकाश पंडित ,दिव्यांश गौड़, लक्ष्य गौड़ विनायक गौड़ एवं अनय गौतम ने भगवान की आरती ली तथा प्रसाद ग्रहण किया ।

# 56 जोड़े बंधे दांपत्य सूत्र बंधन में लिया जीवन भर साथ निभाने का वायदा

**दैनिक समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! महात्मा ज्योतिबा राव फुले सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य



सामूहिक विवाह कार्यक्रम बुधवार को 56 बेटियों की शादी संपन्न कराई गई। इस आयोजन का संयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने लंबे समय से समाज सेवा को अपना ध्येय बना रखा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटियों के विवाह के खर्च से अभिभावकों को राहत दिलाना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री मनीष असीजा, महापौर कमिनी राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयप्रताप सिंह, और कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। सभी ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. राधेश्याम कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को अपने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने अब तक हजारों बेटियों का विवाह संपन्न कराकर एक मिसाल कायम की है, जिसके लिए उन्हें 'हजारों बेटियों के पिता' के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. सुनील कुशवाहा, डॉ. सुभाष शर्मा, राहुल सविता, निशांत गुप्ता, और अन्य सहयोगियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है कि सामूहिक प्रयासों से बड़ी से बड़ी सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है।

# एसपी क्राइम द्वारा ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों की जानकारी देकर छात्राओं को किया जागरुक

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक क्राइम श्रीमती ममता कुरील द्वारा थाना गांधीपार्क अन्तर्गत एसजेडी मैमोरियल पब्लिक स्कूलह्व में ऑपरेशन जागृति 4.0 अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक क्राइम द्वारा ऑपरेशन जागृति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी दी गई।

छात्रों को ह्रऑपरेशन जागृतिह्व के छह मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। तो वहीं छात्रों को साइबर हिंसा के बारे में जागरुक व सचेत किया गया। छात्र सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें किसी के अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें यदि कोई



व्यक्ति अनजान नम्बरों से कॉल करके परेशान कर रहा है तो तत्काल इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नं0- 1090 अथवा डायल-112 पर दर्ज करायें। बच्चों द्वारा सावधानी के साथ ही सोशल मीडिया या गेमिंग एप आदि का प्रयोग किया जाए। सर्तक रहें, सुरक्षित रहें। कोई अनजान ईमेल, मुफ्त उपहार या नौकरी दिलाने के नाम पर लिंक आदि के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत सूचना देने से बचें। समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में जागरुक करना एवं ऐसे मामलों में कमी लाना, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना। नशा एक सामाजिक बुराई है, विशेषकर छात्रों को नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए, नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल शिक्षा प्रभावित होगी बल्कि स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है अतः नशीले पदार्थों का सेवन न करें। समाज में पारिवारिक विघटन के मामले बढ़ते जा रहे हैं, समाज में असहनशीलता और हिंसा बढ़ रही है क्योंकि धैर्य, संस्कार और एक दूसरे के प्रति आपसी सम्मान कम हो रहा है। लोगों को, हिंसा की जगह संवाद और नफरत की जगह भाईचारा, गुस्से की जगह धैर्य धारण करना चाहिए ताकि ऐसे मामलों में कमी आ सके। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं महिलाओं में सामाजिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

# बिहार प्रदेश के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

**दैनिक समाज जागरण**
**अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। अखिल भारतीय पंचायत परिषद बिहार प्रांत के अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा अखिल भारतीय पंचायत परिषद की दीवानी परिसर में की गई। जिसमें अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि बिंदेश्वरी प्रसाद लंबे समय से अखिल भारतीय पंचायत के संगठन से जुड़े हुए थे जो समाजसेवी एवं पूरे बिहार में लोकप्रिय व्यक्ति थे उन्होंने पंचायत परिषद में विभिन्न पदों पर रहकर पंचायत परिषद को अपनी सेवाएं दी। पंचायत परिषद का संगठन उनका सदैव आभारी रहेगा उनके निधन से पंचायत परिषद के संगठन को भारी नुकसान हुआ है जिनकी



कमी सदैव रहेगी ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं अपने चरणों में स्थान दें तथा शोककुल परिवार को इस दुख को सहन करने की धैर्य एवं शक्ति दे। शोक सभा में उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले चौधरी महेंद्र सिंह प्रदेश सहसंयोजक, नरेंद्र सिंह सोलंकी उत्तर प्रदेश महासचिव, दुर्गेश चंद गौतम पूर्व बार अध्यक्ष, प्रेमपाल सिंह पूर्व प्रधान, ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह उर्फ अक्कू प्रधान, अली हसन पूर्व प्रधान, कु आरिफ अली खान, कुवर कुशवीर सिंह एडवोकेट, जिला महासचिव ठाकुर नरेंद्र सिंह, एडवोकेट संजय अग्रवाल, लोकेंद्र पाल सिंह, पूर्व प्रधान ताहिर हुसैन, सुशील कुमार गुप्ता, देवेश गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह, ठाकुर सत्येंद्र सिंह, पूर्व पार्षद महानगर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, पूर्व पार्षद आदि उपस्थित रहे।

# जिला ब्राह्मण महासभा ने हवन यज्ञ कर मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिला ब्राह्मण महासभा ने



रामलीला मैदान स्थित परशुराम शिविर पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हवन यज्ञ व प्रसाद वितरण कर मनाया।

जिला अध्यक्ष कौशल किशोर उपाध्याय व महानगर अध्यक्ष हरिओम शर्मा रगी, शोभायात्रा अध्यक्ष आशू उपाध्याय, परशुराम सेना जिलाअध्यक्ष वीनेश शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष श्रीओम शर्मा व समस्त सम्मानित विप्र बंधुओं द्वारा प्रातः 8:00 बजे परशुराम शिविर पर भगवान परशुराम की आरती कर हवन यज्ञ व प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान विनयकांत भारद्वाज, रितिक उपाध्याय, निक्की शर्मा, यश पंडित, बसंत शर्मा, दुष्यंत पचौरी, सतीश चंद शास्त्री, राजेश शर्मा, अजय शर्मा, टोकी भारद्वाज, आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रभारी आपदा मीनू राणा ने हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रहने के बताए उपाय

अलीगढ़ : भीषण गर्मी की वजह से जनमानस का जीना मुहाल हो गया है। गर्म हवाओं के मध्य गर्मी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान व गर्मी के कारण लोगों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ता जा रहा है। चिकित्सक लोगों को हीट स्ट्रोक यानी लू की चपेट में आने की आशंका जता रहे हैं।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रभारी अधिकारी आपदा एवं एडीएम वित्त मीनू राणा ने बताया कि कुछ सामान्य से एहतियात के साथ हीट स्ट्रोक से सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 01 मई को तापमान 40 से 50 डिग्री के मध्य रहने का पूवार्नुमान है। वहीं 02 एवं 03 मई को कहीं-कहीं तापमान 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने का पूवार्नुमान है।

दैवीय आपदा प्रभारी और एडीएम वित्त मीनू राणा ने हीट स्ट्रोक यानी लू के प्रभाव और कार्रवाई के बारे में सुझाव देते हुए बताया है कि आम जनता के लिए गर्मी सहनीय है, लेकिन कमजोर लोगों, जैसे शिशु, पुरानी बीमारी वाले बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य चिंता का विषय है। उच्च तापमान से उन लोगों में गर्मी की बीमारी के लक्षणों की संभावना बढ़ जाती है जो या तो लम्बे समय तक सूरज के संपर्क में रहते हैं या भारी काम करते हैं, जैसे औद्योगिक श्रमिक, खनन श्रमिक, मजदूर, किसान और पशुधन। उन्होंने बताया है कि दिन में 11 से 3 बजे के व्यस्त घंटों के दौरान गर्मी में ऐंठन, घमौरियां होने की संभावना है।

उन्होंने सुरक्षात्मक सुझाव देते हुए बताया है कि विशेष रूप से दोपहर के समय लम्बे समय तक गर्मी के संपर्क में आने से बचें। हल्के, ढीले, हल्के रंग के, शरीर को ढकने वाले पूरे सूती कपड़े पहनें। सिर ढकें, बहार निकलते समय कपड़े, टोपी या छाते का प्रयोग करें। खुद को हाईड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर में बने पेय जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ का उपयोग करें। निर्जलीकरण से बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं। कठिन कार्यों को दिन के ठंडे समय में करें। श्रमिक सीधी धूप से बचें। बाहर गतिविधियों के मध्य अंतराल रखें। गर्भवती और चिकित्सीय स्थिति वाले श्रमिक अपना विशेष ध्यान रखें।

हीट स्ट्रोक, होट रैश या हीट ऐंठन जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, पसीना और दौरे के लक्षणों को पहचानें। यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर या अस्पताल में दिखाएं। उन्होंने किसान भाईयों को सलाह दी कि वह गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और अन्य फसल और सब्जियों में सिंचाई गतिविधियों को जारी रखें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं और उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।

# मुठभेड़ में चार वाहन चोर पकड़े,सात बाइक बरामद

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने मुठभेड़ ने 4 शातिर वाहन चोर पकड़े है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उनके पास से असलाह व चोरी की बाइक बरामद की है। चनौरा पुल बाइपास रोड पर मुठभेड़ हुई। पुलिस को उनके बारे में पता चला था। पुलिस ने तुरंत वहा पर दबिश दी। पुलिस टीम को देख एक संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। अन्य 03 व्यक्ति अलग अलग दिशाओं में भागने लगे। पुलिस टीम जबावी फायरिंग की।जिससे एक अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वहा से भागे तीन अभियुक्तों को बाद में गिरफ्तार कर लिया।



पकड़े गए अभियुक्तों के नाम अर्जुन पुत्र रामचरन निवासी ग्राम कनवारा थाना खेरगढ, अकरम पुत्र मुईनउध्दीन, साहिद पुत्र मौहम्मद सलीम तथा रिजवान पुत्र इकराम निवासी गली नंबर 10 मशरूर गंज थाना रसूलपुर बताए है। मुठभेड़ में अर्जुन सिंह पुत्र रामचरण निवासी कनवारा थाना खेरगढ़ के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद किए। उनके पास से चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद की है। एसपी सिटी ने रवि शंकर सिंह ने बताया अर्जुन पुत्र रामचरन शातिर बदमाश है। वह एचएस 22 ए थाना खैरगढ है। उस पर गैंगस्टर एनडीपीएस सहित 16 मुकदमे दर्ज है।

# अधिवर्षता आयू पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले चार पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। अपनी अधिवर्षता आयू पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई। पुलिस लाइंस ने उनका अभिनंदन किया



गया। जनपद में बुधवार को चार पुलिस कर्मी अपनी अधिवर्षता आयू पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत हुए सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। चारों को पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन प्रवीन तिवारी ने उनका अभिनंदन किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, उपहार एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। वहा मौजूद अन्य लोगों ने भी माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। उनके अब तक के सराहनीय कार्यों की चर्चा की गई। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बाद में वहा मौजूद सभी लोगों ने विदाई दी। उनके परिजन भी समारोह में आए। वह उन्हें सोने साथ घर ले गए। जनपद में बुधवार को उप निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा, उप निरीक्षक कमलेश कुमार, मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश पचौरी तथा लीडिंग फायरमैन निहाल सिंह सेवा निवृत हुए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दाऊ दयाल इंग्लिश मीडियम की सात छात्राओ की हालत बिगड़ी सौसैया अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जलेसर रोड स्थित दाऊ दयाल इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार की प्रातः अचानक 7 छात्राओ हालत बिगड़ गई जिसे देख स्कूल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए उन्होंने संबंधित छात्राओं के परिजनों को जानकारी देने के बाद उन्हें स्कूल बस के द्वारा उपचार के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित 100 सैया अस्पताल के बाल रोग विभाग में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने भरती कर उनका उपचार शुरू कर दिया इधर छात्राओं के परिजन भी 100 सैया अस्पताल पहुंच गए मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एल.के. गुप्ता ने बताया कि यह सामूहिक पैनिक अटैक का मामला है, जिसमें एक बच्ची की स्थिति देखकर अन्य बच्चे मानसिक रूप से प्रभावित हो जाते हैं। सभी बच्चियों की जांच की गई है, वे शारीरिक रूप से पूरी तरह



स्वस्थ हैं। इधर स्कूल के कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया की सभी बच्चे सुबह स्कूल आने के बाद एक बच्चे की अचानक तबीयत खराब होने पर हम उसे सौसैया अस्पताल लेकर आए जहां उसकी उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई और वह अपने सकुशल घर चली गई वापस कॉलेज पहुंचे धीमे-धीमे तीन चार छात्राओ की हालात एक दूसरे को देखकर बिगड़ गई जिन्हें तत्काल उपचार के लिए स्कूल बस द्वारा सौसैया अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी की हालत सही है ! बीमार होने वाले बच्चों के नाम 10 वर्षीय आराध्या पुत्री अश्वनी कुमार निवासी शिव कॉलोनी जलेश्वर रोड 11 वर्षीय तीन पुत्री संजय निवासी देवकी नगर थाना उत्तर 11 वर्षी पूर्वी पुत्री सत्यम निवासी कोटडा मोहल्ला थाना दक्षिण 11 वर्षीय तमन्ना पुत्री संजय निवासी द्वारकापुरी थाना उत्तर दो अन्य और हैं !

# अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के फोटो के साथ अपना आधा चेहरा लगाकर बाबा साहब अंबेडकर का किया अपमान

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा महानगर फिरोजाबाद में जिलाध्यक्ष महानगर भाजपा सतीश दिवाकर जी के नेतृत्व में अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के फोटो के साथ अपना आधा चेहरा लगाकर बाबा साहब अंबेडकर का जो अपमान किया है उसके विरोध में अंबेडकर पार्क रहना में बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया !

डॉ सतीश दिवाकर ने कहा बाबा साहब जो कि देश के संविधान निमार्ता है बाबा साहब के चित्र में अपना आधा चित्र लगाकर बाबा साहब से अपनी तुलना करना यह अखिलेश की दूषित मानसिकता का सबसे बड़ा उदाहरण है उनका यकृत दशार्ता है कि वह कितने दलित विरोधी हैं समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर



जी का अपमान करती रही है

नीरज सिंह जी ने कहा दलित उत्पीड़न का तो समाजवादी पार्टी का पुराना इतिहास हैं समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया यह कृत्य घोर निदानीय है बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष३ काली पट्टी बांधकर एवं हाथों में तख्तियां लेकर बाबा साहेब का किया अपमान समाजवादी पार्टी का घिनौना काम, बाबा साहब है देश की शान सपा कर रही उनका अपमान, बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान ऐसे नारों के साथ विरुद्ध प्रदर्शन में शैलेंद्र गुप्ता, विवेक अग्रवाल, अंकित तिवारी,दीपक गुप्ता, राजेश झा, आकाश गुप्ता, के पी सिंह, अरविंद पाराशर, विकास दिवाकर, राहुल शर्मा,नानू यादव, अवनीश कुशवाहा , ध्रुव, संकेत, हिमांशु,आर्यन,प्रांशु आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे

# खुला कैंप लगाकर 80 प्रतिशत लोकल बेरोजगारों की हो भर्ती: रोशन लाल यादव

- कलेक्ट्रेट पहुंच सोसंवा कार्यकताओं ने तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा
- एनसीएल खड़िया परियोजना में काम कर रही निजी कंपनी कलिंगा में हुई भर्ती हो निरस्त



**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। सोनांचल संघर्ष वाहिनी (सोसंवा) कार्यकताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर एनसीएल खड़िया कोयला परियोजना में काम कर रही निजी कंपनी कलिंगा के विरुद्ध तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एडीएम न्यायिक रमेश चंद्र यादव को सौंपा।

सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने कहा कि भर्ती के नाम पर धड़ल्ले से बेरोजगार युवाओं का दोहन किया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए चाहे जितना बड़ा आंदोलन क्यों न करना पड़े किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निजी कंपनी में एक हजार के ऊपर संविदा हेलफर और ड्राइवरों की भर्ती में संगठित संरक्षण प्राप्त तथा कथित गिरोह के द्वारा यहां के विस्थापित, प्रभावित और लोकल बेरोजगारों की भर्ती के नाम पर धड़ल्ले से युवाओं का दोहन किया जा रहा है। भर्ती घोटाले की जांच हो और संगठित गिरोह द्वारा अभी तक कराई गई भर्ती को निरस्त कर भर्ती की स्पष्ट गाइड लाइन बनाकर तीन दिन खुला कैंप लगाकर एक हजार में 80% विस्थापित, प्रभावित और लोकल बेरोजगारों की भर्ती सुनिश्चित की जाए, अन्यथा अब यह आंदोलन जल्द उर्जांचल जन आंदोलन के रूप में बदल जाएगा।

श्री यादव ने एनआईटी के समझौते के आधार पर एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली के चीफ जनरल मैनेजर द्वारा 10 जुलाई 2006 को स्पष्ट आदेश पारित किया गया है कि संविदा की समस्त भर्ती की 80 प्रतिशत विस्थापित, प्रभावित व लोकल बेरोजगारों की ही भर्ती सुनिश्चित हो। बावजूद इसके आदेश की अनदेखी कर चंद संगठित लोगों व एनसीएल खड़िया प्रबंधन की मिलीभगत से बाहरी लोगों की भर्ती सुविधा शुल्क लेकर बेरोकटोक की जा रही है। कहा कि अगर की भर्ती को निरस्त कर मामले की जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी और उर्जांचल में बेरोजगारों की भर्ती का खेल खेल रहे संगठित लोग जल्द बेनकाब होंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सोसंवा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण मोहन यादव, राष्ट्रीय महासचिव पुष्पेंद्र चौधरी, रामचंद्र सिंह, सत्यप्रकाश यादव, अरुण कुमार सोनू, रामकेश पाल, फिरोज खान, सलमान खान, अन्नू खान, बब्बू खान, वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार गिरी, संतोष सोनी आदि शामिल रहे।

# जय ज्योति इण्टर कॉलेज चुर्क में आयोजित की गयी, साइबर जागरुकता कार्यशाला



**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। चुर्क पुलिस महानिरीक्षक कानून/ व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध के प्रति चलाये जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना निरीक्षक सदानन्द राय व उनकी टीम जिसमें मनोज कुमार सिंह, विकास मौर्या, अखिलेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, शैलेश विक्रम, लक्ष्मी सिंह के साथ जय ज्योति इण्टर मीडिएट कालेज चुर्क स्थित समस्त स्टाफ, छात्राएं एवं अन्य सदस्यगण के मध्य साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कालेज के अध्यापक एवं अन्य स्टाफ के साथ-साथ कालेज के छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा साइबर अपराध व इनसे बचाव के तरीको पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिसमें विकास मौर्या द्वारा मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज करने, साइबर अपराध की वित्तीय शिकायत एवं सोशल शिकायत दर्ज करने एवं साइबर अपराध के शिकार न होने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। वही जीतेन्द्र कुमार तथा शैलेश विक्रम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हास्टअप, इंस्टाग्राम आदि पर होने वाले साइबर अपराध के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। लक्ष्मी सिंह तथा अखिलेश कुमार द्वारा अज्ञात विडियो कॉल के द्वारा साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सट्राॅर्शन जैसे अन्य गंभीर साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही साथ साइबर अपराध सम्बन्धी शिकायतों के लिये हेल्पलाइन नं0-1930 पर शिकायत दर्ज करने के बारे में बताया गया।

# वैष्णो मंदिर के पास झोपड़ी में लगी आग, मुसाफिरों ने दिखाई मानवता



**दैनिक समाज जागरण।**

डाला/ सोनभद्र। बुधवार के दिन करीब 3:00 बजे डाला में बैष्णो मंदिर से आगे ब्रिज के नीचे एक झोपड़ी में आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब वहां से कई मुसाफिर गुजर रहे थे। आग की लपटें देखकर राहगीरों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग काफी तेजी से फैल रही थी। मौके पर मौजूद मुसाफिरों ने बिना किसी देरी के आसपास के लोगों से पानी मांगा और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। उनकी तत्परता और एकजुट प्रयास सराहनीय रहे। जानकारी के अनुसार, उस मुसाफिरों अरविंद शुक्ला और उनके सहायक जयदेव भी शामिल थे, जिन्होंने आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अन्य राहगीरों के साथ मिलकर अथक प्रयास किया, जिसके परिणाम स्वरूप आग को फैलने से रोका जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है

इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मुश्किल घड़ी में अनजान लोग भी एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आ सकते हैं। मुसाफिरों द्वारा दिखाई गई यह मानवीयता निश्चित रूप से प्रेरणादायक है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बीमारी से ग्रसित व्यक्तियो से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में ली जानकारी।



**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। मीजल्स, रूबैला जैसे रोग के टीकाकरण से सम्बन्धित ग्राम पंचायत परसोई में फैली भ्रान्तियों को दूर करने के लिए दिनांक 30.04. 2025 को श्रीमती जागृति अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारीयों के साथ ग्राम पंचायत में भ्रमण किया गया तथा उक्त बीमारी से ग्रसित बच्चों के घर-घर जाकर जानकारी ली गयी तथा परिवार से अनुरोध किया गया कि बीमारी से बचने के लिए बच्चों का टीकाकरण कराना आवश्यक है, जिससे ग्रसित बच्चों के साथ-साथ अन्य बच्चे भी बीमारी की चपेट में न आ सकें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बीमारी से ग्रसित कुछ बच्चों के अभिभावक को प्रेरित करते हुए बच्चों को दवा की खुराक पिलाई गयी, जिससे बच्चे अति शीघ्र स्वस्थ्य हो सके। इसके साथ ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए टीकाकरण के सम्बन्ध में बताया गया कि 05 वर्ष तक के बच्चों को समय पर टीकाकरण से तपेदिक, पोलियों, गलाघोट , काली खॉसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी, निमोनिया, खसरा , रूबैला और डायरिया जैसी गम्भीर बीमारियों से टीकाकरण के माध्यम से आसानी से बचाव किया जा सकता है। बचाव के सभी टीके स्वास्थ्य केन्द्र पर निःशुल्क लगाये जाते है। इसके साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में टी०बी० से ग्रसित व्यक्ति से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी एवं उनको पोषण पोटली दिया गया। मरीज द्वारा बताया गया कि अनुदान राशि के रूप में प्रतिमाह 500 रुपए स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए सरकार के तरफ से प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत परसोई के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय में 152 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 54 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में 169 के सापेक्ष मात्र 38 बच्चे उपस्थित रहें, जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अप्रसन्ता व्यक्त करते हुए सभी अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि अभिभावकों को जागरूक करते हुए बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करें। ग्राम पंचायत के भ्रमण के दौरान अभिभावकों को मुख्य विकास अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा प्रेरित भी किया गया। शिक्षा के स्तर को उच्च करने के लिए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने एवं मिड डे मील के तहत बच्चों को गुणवत्ता परक एवं मानक के अनुरूप मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी चोपन, अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोपन, डी०आई०ओ०, एस०एम०ओ० डब्लू०एच०ओ०, डी०एम०सी० युनीसेफ, बी०एम०सी० युनीसेफ, बाल विकास विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में हम सबकी जिम्मेदारी- महेशानंद भाई



**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बाल विवाह कुप्रथा को समाप्त करने हेतु विभिन्न स्थानों पर धर्म गुरुओं द्वारा लिया गया शपथ- आज दिनांक 30-4-2025 को देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सोनभद्र में सहयोगी संगठन ग्राम स्वराज समिति की ओर से अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बाल विवाह कुप्रथा को समाप्त करने हेतु जनपद के विभिन्न स्थानों पर धर्म गुरुओं को दिलाई गयी शपथ साथ ही उनको बाल विवाह से होने वाले हानियो एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई

ग्राम स्वराज समिति के निदेशक महेशानंद भाई द्वारा बताया गया कि धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान के फलस्वरूप एवं प्रशासन के सहयोग से जनपद में इस वित्तिय वर्ष (अप्रैल 2025 से अब तक) में कुल चौदह बाल विवाह रोकवाया गया जिसमें विशेष रूप से घोरावल, चतरा, दुध्दी और चोपन में बाल विवाह की संख्या अधिक पाया गया साथ ही यह भी बताया गया बाल विवाह रोकथाम हेतु संचालित अभियान जनपद में क्रियान्वित रहेगा।

# मजदूर दिवस मेहनतकश लोगों के संघर्ष और अधिकारों का सम्मान है -- एड पवन कुमार सिंह




**ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा डी बी ए सभागार में मजदूर दिवस के पूर्व संध्या पर अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य के संचालन में धूमधाम से मनाया गया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि मजदूर दिवस मेहनतकश लोगों के संघर्ष और अधिकारों के सम्मान, योगदान और मेहनत को मान्यता देने के लिए एक बेहद खास दिन है। यह दिन उन सभी श्रमिकों को समर्पित है, जो कठिन परिश्रम से आम जन मानस के जीवन को आसान बनाते हैं। श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजदूर दिवस मनाया जाता है।

मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि भारत में पहली बार मजदूर दिवस 1923 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत चेन्नई में कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने की थी। उन्होंने मजदूरों के हक और अधिकारों की मांग को लेकर मद्रास हाई कोर्ट के सामने पहली बार मजदूर दिवस की सभा आयोजित की थी। इसी सभा में पहली बार भारत में मई दिवस मनाया गया। उपाध्यक्ष कांता प्रसाद यादव ने कहा कि मजदूर दिवस, मई दिवस और इंटरनेशनल लेबर डे भी अब इसकी भी एक वजह है। 1886 में 1 मई को ही अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया था। उनकी मांग थी कि मजदूरी का समय 8 घंटे निर्धारित किया जाए और हफ्ते में एक दिन छुट्टी हो। इससे पहले मजदूरों के लिए कोई समय-सीमा नहीं थी। उनके लिए कोई नियम-कायदे ही नहीं होते थे। लगातार 15-15 घंटे काम लिया जाता था।

मजदूर दिवस के अवसर पर राजेश कुमार यादव, सुरेश सिंह कुशवाहा, शांति वर्मा, संदीप जायसवाल, कामता प्रसाद यादव, नवीन कुमार पांडेय, अभिषेक सिंह मौर्य, शाहनवाज खान, टीटू गुप्ता, फूल सिंह, राम सजीवन चंद्रवंशी आदि अधिवक्तागण लोगों उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार चुर्क घुर्मा सोनभद्र का किया गया निरीक्षण

## बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा



**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा आज जिला कारागार चुर्क (घुर्मा), सोनभद्र का निरीक्षण किया गया, इस दौरान पाकशाला में बन्दियों हेतु शाम के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था, तैयार किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु जेलर को निर्देशित किया गया, निरीक्षण के दौरान कारागार में बन्दियों की बीमारी आदि के सम्बन्ध में जेल के बंदियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा बन्दियों के स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान कारागार की बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था दिन एवं रत्रि शौचालय, स्नान व्यवस्था आदि का अवलोकन किया गया और जेलर को निर्देशित किया गया कि बन्दियों हेतु बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बन्दियों को कारागार में वकील की व्यवस्था है कि नहीं, के सम्बन्ध में भी बन्दियों से जानकारी ली गयी, जिन बन्दियों के पास वकील की व्यवस्था न होने की बात संज्ञान में आयी, उन बन्दियों के लिए विधिक सेवा के माध्यम से अधिवक्ता की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। कारागार में कार्य करने के बदले मिलने वाली पारिश्रमिक आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। इस दौरान बन्दियों से सीधा संवाद कर जेल में मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित जेलर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर राजेश कुमार वर्मा जेलर, गौरव कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, एवं अन्य कारागार कार्मियों सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# बाल गृह बालिका का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण।

- बाल गृह बालिका में दी जाने वाली सुविधाओं का लिये जायजा।
- बाल गृह बालिका में शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं करायी जाए उपलब्ध



**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज बाल गृह बालिका राबर्ट्सगंज का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाल गृह बालिका में आवासित बालिकाओं से सीधा संवाद कर संस्था द्वारा द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिये, इस दौरान जिलाधिकारी ने संस्था अधीक्षिका को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्था में आवासित बालिकाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित कराया जाये और निर्धारित मीनू के अनुसार उन्हें नाश्ता, भोजन उपलब्ध कराया जाये, आवासित बालिकाओं की काउंसिलिंग भी समय-समय पर की जाये, जो बालिका घर जाने के इच्छुक हैं, उन्हें बाल कल्याण समिति के माध्यम से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभिभावक से संवाद कर उन्हें घर भेजने की कार्यवाही भी की जाये, संरक्षण अधिकारी द्वारा नियमित रूप से बाल गृह बालिका केन्द्र का निरीक्षण किया जाये और उससे सम्बन्धित रिपोर्ट प्रेषित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने बालिका केन्द्र के उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किये, निरीक्षण में काउंसलर रीना सिंह, अनुपस्थित थे, जिनका स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये गये। इस मौके पर प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती देवी, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, बाल गृह बालिक के अधीक्षिका नीलम सिंह, बाल कल्याण अधिकारी रिन्कू यादव, अर्थ चिकित्सक कविता चतुर्वेदी भी मौके पर उपस्थित रहें।

# पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**शिव प्रताप सिंह/ समाज जागरण।**

ओबरा/ सोनभद्र। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों की स्मृति में ओबरा नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के कमल पेट्रोल टंकी स्थित प्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ पत्रकार राम प्यारे सिंह और सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पत्रकारों ने एकत्रित होकर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



इस शोक सभा में पत्रकारों ने दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के संतोष साहनी और अजीत सिंह ने इस बर्बर और कायराना हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाना मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध है। उन्होंने यह भी कहा कि सोनभद्र जिले के सभी पत्रकार इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

वरिष्ठ पत्रकार अमरदीप सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इस प्रकार की हिंसक घटनाओं को देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने का नापाक प्रयास बताया। उन्होंने सरकार से पुरजोर मांग की कि इस घिनौने कृत्य के दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

इस श्रद्धांजलि सभा में ओबरा और डाला नगर के कई प्रतिष्ठित पत्रकारों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से राम प्यारे सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, संतोष साहनी, मिथिलेश भारद्वाज, सोहेब अहमद खान, भारत कुमार, अजीत सिंह, ज्वाला प्रसाद और कैलाश बिहारी शामिल थे। सभी उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और इससे मिलकर लड़ने का दृढ़ संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के तत्वाधान ने मनाई गई परशुराम जयंती।

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा स्थित ब्राह्मण समाज कार्यालय पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में बुधवार को भगवान परशुराम जी की जयंती पूरे श्रद्धा व उल्लास के साथ मनायी गयी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के अध्यक्ष नंदलाल पांडेय ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया को हुआ था। वे समाज में सद्भाव स्थापित करने के लिए सदैव प्रयत्नशील थे। समाज को उनके जीवन से प्रेरणा भी लेनी चाहिए। इस मौके पर देवानंद मिश्र, संतोष पाण्डेय, राजीव दूबे,कृष्ण मोहन तिवारी, राकेश मिश्रा, पशुपति नाथ उपाध्याय, अगस्त शुक्ला, कृष्ण बिहारी तिवारी, कृपा शंकर पाण्डेय, महेश पाण्डेय, आचार्य अरविन्द शुक्ला, साहित तमाम ब्रह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता एवं फरियादियों की सुनी गई समस्याएं।

**दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-30.04.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु



सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# समाचार संकलन के लिए नगर परिषद पहुंची महिला पत्रकार से की गयी अभद्रता

अनूपपुर। जिला क्षेत्रांतर्गत नगर परिषद बनगवां एवं डोला में संविलियन भर्ती से सम्बंधित समाचार के संकलन के लिए पहुंची महिला पत्रकार सुमिता शर्मा पर परिषद के कर्मचारियों द्वारा ना केवल अभद्रता की गई। अपितु मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया। जिससे आहत होकर महिला पत्रकार ने स्थानीय रामनगर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए मामले पर कार्यवाई कि मांग किया गया है। वहीं घटना कि जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकारों ने मामले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रेस कि स्वतंत्रता पर कुठाराघात बताया। और सभी आक्रोशित पत्रकारों ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर थाना प्रभारी रामनगर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाई का मांग किया गया।

इनका कहना है।

स्थानीय पत्रकारों द्वारा घटना से अवगत कराकर, ज्ञापन दिया गया है। नगर परिषद से भी जानकारी एकत्रित कर न्यायोचित कार्यवाई किया जाएगा। सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर।

# मंत्रोच्चारण, विधि विधान से 51 बटुकों का उप नयन संस्कार सम्पन्न

**विजय तिवारी**

अनूपपुर / 30 अप्रैल को जिला मुख्यालय अनूपपुर में ब्राम्हण समाज सेवा समिति अनूपपुर द्वारा अक्षय तृतीया परशुराम जयंती का पर्व हर्षोल्लास और पूर्ण श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। आशीर्वाद मैरिज गार्डन में आचार्य डा तीरथ प्रसाद द्विवेदी, पं अजय शास्त्री, पं मधुवन पाण्डेय, पं आलोक द्विवेदी, पं सुनील मिश्रा, पं राम सुशील शर्मा, पं राहुल परौहा ने आचार्य पीठ से मंत्रोच्चारण और विधि विधान का पालन करवाते हुए जिले भर से आए 51 बटुकों का उप नयन संस्कार सम्पन्न करवाया। समिति ने सभी बटुकों और उनके परिजनों के लिये सम्पूर्ण व्यवस्था की। आचार्य गणो ने उप नयन संस्कार से जुड़े सभी कार्यों को ढोल - नगाड़े और मंगलाच्चारण के बीच उपनयन संस्कार करवाया।

### निकाली गयी शोभा यात्रा

30 अप्रैल बुधवार, वैशाख मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) को भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर शायं 5:00 बजे से जिला मुख्यालय स्थित अमरकंटक चौक आशीर्वाद मैरिज गार्डन से भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम भगवान के जन्मोत्सव पर ब्राम्हण समाज सेवा समिति अनूपपुर के द्वारा भव्य एवं पारंपरिक शोभा यात्रा निकाली गयी। इससे पहले प्रातः 7 बजे से सामूहिक उपनयन संस्कार का कार्यक्रम शायं 5 बजे पूर्ण हुआ। भगवान श्री परशुराम जी के पूजन उपरांत पुण्य श्लोकों का पाठन कर यात्रा प्रारम्भ की गयी। शोभा यात्रा मे सभी बटुकगण, उनके परिजनों और जिले के अलग - अलग स्थानों से आए गणमान्य जनों ने सहभागिता की। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शंकर मंदिर चौक पहुंची। जहाँ भगवान परशुराम जी के पूजन उपरांत यात्रा अमरकंटक तिराहा मे सम्पन्न हुई। इस यात्रा में अनूपपुर, चचाई, अमलाई, जैतहरी, कोतमा, बिजुरी, राजनगर, पसान, अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम के समस्त विप्र बंधुओं और गणमान्यजन कार्यक्रम मे शामिल हुए।

# डॉ अंबेडकर जी की तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर लगाने पर भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। भाजपा महानगर द्वारा धरना प्रदर्शन अंबेडकर पार्क में किया पार्क में पहुंचकर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद धरना को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने कहा बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी जिस तरह से समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की छवि का अपमान करते हुए जो चित्र (ग्राफ) जारी किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर जी की बड़ी तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की भी तस्वीर लगाई गई यह न केवल दलित समाज का, बल्कि समूचे राष्ट्रनायक का अपमान है।

महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने इससे समाजवादी पार्टी के नेताओं की जो हरकत है वह दुर्भाग्यपूर्ण है बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा आज इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा धरना दिया गया।

**यह बाबा साहब का नहीं, दलित समाज का अपमान**

एससी/ एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया



ने कहां यह न केवल दलित समाज का, बल्कि समूचे राष्ट्र नायक का अपमान है ऐसी हरकत से उनकी मानसिकता का पता लगता है। भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट और गुलशन आनंद ने भी जो राष्ट्र नायक का सम्मान नहीं कर सकता वह किसका सम्मान करेगा भाजपा नेता पंडित राम गोपाल मिश्रा ने डॉ अंबेडकर जी की बड़ी तस्वीर के साथ श्री अखिलेश यादव की भी तस्वीर लगाई गई यह न केवल दलित समाज का बल्कि समूचे राष्ट्र नायक का अपमान है।

इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के विरोध में आज अंबेडकर पार्क में धरना दिया गया धरने मुख्य रूप से भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, अनिल कुमार एडवोकेट, गुलशन आनंद, पंडित राम गोपाल मिश्रा, निवोतिता श्रीवास्तव ,दीपक सोनकर,विष्णु शर्मा, प्रभु दयाल लोधी, बंटी ठाकुर, प्रत्तेश पांडे, अरुण कश्यप, अजय प्रताप सिंह,अमरीश कठेरिया, प्रवेश वर्मा, सूर्यकांत मौर्य, राजकिशोर कश्यप, योगेश कुमार,मोहित तिवारी,शिखा मल्होत्रा, राजीव कश्यप, कन्हैया राजपूत, नरेंद्र मौर्य, बृजेश प्रताप सिंह, जयदीप वाल्मीकि, अजय मौर्या, मोहित कपूर,सुधा सक्सेना, अतुल कपूर, अजय चौहन, पुष्पेंद्र पटेल,गौरव गुप्ता, सुधांशु सक्सेना,विपिन भास्कर, गरिमा कमांडो, संतोष कश्यप, विवेक पटेल, डॉ बनवारी लाल शर्मा, छागमल मौर्य, अजय रत्नाकर, बबलू पटेल, पूनम गौतम, रोहित राकेश, आरती गुप्ता, पुष्पेंद्र शुक्ला, बिंदु सक्सेना एवं समस्त महानगर पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं पाषर्दगण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रेनों में सामान करता था चोरी, नियत खराब हुई तो कर डाला किशोरी का रेप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। बीते दिनों ट्रेन में सफर कर रही नाबालिग किशोरी से रेप की घटना ने जीआरपी की नाक में दम कर दिया था। एक महीने तक जीआरपी की टीमों ने पसीना बहाया और आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी जीआरपी मुरादाबाद अनुभाग आशुतोष शुक्ला ने पूरे मामले का खुलासा किया।

दरअसल बीती 27 मार्च को कासगंज का रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी अपने परिवार के साथ पूर्णागिरी मेले से ट्रेन के जरिए वापस लौट रही थी। टनकपुर से बरेली तक परिवार आया और यहां से कासगंज जाना था। लड़की जनरल कोच



में सवार हो गई। लेकिन परिवार के लोग नहीं चढ़ सके। आरोपी ने लड़की को ट्रेन से उतार लिया और प्लेटफार्म से थोड़ा आगे पुल के नीचे एक नाले में लड़की के साथ रेप किया। अब पुलिस ने सोरों कासगंज के रहने वाले चंद्रकेश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि आरोपी पर जीआरपी समेत दूसरे थानों में चोरी और छिनैती के मामले दर्ज हैं। टनकपुर से लेकर बरेली तक कई सीसीटीवी खंगालने के बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ सका। लूट के मकसद से अक्सर ट्रेनों में सफर करता था। बीती 22 अप्रैल को रामगंगा पर एक महिला से चेन की छिनैती की थी।

# रिश्तों का खून: बहन ने हथौड़े से किया हमला, पुलिस पर अपराधियों को बचाने का आरोप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के जोगी नवादा मोहल्ले में रिश्तों का ऐसा खौफनाक चेहरा सामने आया है, जिसने इंसानियत को झकझोर दिया। घर खाली कराने के विवाद ने सोमवार सुबह उस वक्त खूनी रूप ले लिया, जब एक महिला पर उसकी सगी बहन ने अपने ससुरालियों के साथ मिलकर हथौड़े और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।

घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब पीड़िता इशरत के घर में उसकी छोटी बहन रूमाना, उसका पति विक्की और ससुरालीजन शौकीन, सलमा, तालिब, अबीज, कासिम, नाजिम, शमा और नंदोई नाजिम घुस आए। इशरत पर पहले जमकर लात-घूंसे बरसाए गए, फिर रूमाना ने हथौड़े से सिर पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इसके बाद धारदार हथियार से भी उस पर कई बार वार किया गया।

इशरत के शोर मचाने पर उसका पति चीना बीच-बचाव करने पहुंचा तो हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा। उसके सिर पर भी वार कर दिया गया जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह दोनों को



हमलावरों से छुड़ाया और आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने बताया कि दोनों के सिर में गहरे घाव हैं और टांके लगाए गए हैं।

**पुलिस पर लीपापोती का आरोप, चौकी इंचार्ज ने दी धमकी**

इस पूरे प्रकरण में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़िता द्वारा बारादरी थाने को घटना की पूरी जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने इसे महज सामान्य मारपीट का मामला बताते हुए मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग की तो चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र विश्नोई ने उल्टा उसे ही धमकाया और चुप रहने के लिए दबाव बनाया।

इशरत का कहना है कि पुलिस शुरू से ही हमलावर पक्ष का पक्ष ले रही है और मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों का भी आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता और एकतरफा रवैये ने पीड़िता को न्याय से दूर कर दिया है।

**एसएसपी से गुहार, निष्पक्ष जांच की मांग**

घटना के दो दिन बाद पीड़िता इशरत ने मंगलवार को बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी है। प्रार्थना पत्र में उसने मांग की है कि आरोपी पक्ष के खिलाफ धारा 307 (जानलेवा हमला) सहित संगीन धाराएं जोड़ी जाएं और चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# वुडरो स्कूल के कुकृत्यों के खिलाफ 72 घंटे की चेतावनी, आमरण अनशन की घोषणा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मिशन तिरंगा सामाजिक संस्था ने स्थानीय वुडरो स्कूल के प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रेस वार्ता आयोजित की। संस्था ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित इस स्कूल के प्रबंध तंत्र पर दो होनहार छात्रों का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया। प्रेस वार्ता में मिशन तिरंगा ने स्कूल प्रबंधन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ तो स्कूल गेट पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

मिशन तिरंगा अभियान के संरक्षक शकेब रहमान ने बताया कि कक्षा 11वीं और 12वीं के दो छात्रों, मोहम्मद हस्सान अली और आकाश राजपूत, को स्कूल ने प्री-बोर्ड परीक्षा में मैथ्स एप्लाइड विषय पढ़ाया और परीक्षा ली। लेकिन अंतिम बोर्ड परीक्षा में उन्हें मैथ्स कोर का पेपर दे दिया गया, जिससे उनका शैक्षिक भविष्य खतरे में पड़ गया। इस गलती को स्कूल की प्रिंसिपल ने लिखित शपथपत्र में स्वीकार किया, लेकिन कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। संस्था ने आरोप लगाया कि




स्कूल प्रबंधन ने अपनी गलती छिपाने के लिए हठधर्मिता दिखाई और अभिभावकों को गुमराह किया है।

शिकायतों के बावजूद, जिसमें जिलाधिकारी बरेली और सीबीएसई बोर्ड के कंट्रोलर को पत्र लिखे गए, कोई कार्रवाई नहीं हुई। मिशन तिरंगा ने यह भी दावा किया कि स्कूल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर गलत और बिना सत्यापन की आख्या प्रस्तुत कर सरकार को भ्रमित किया। 29 अप्रैल को जिलाधिकारी को अंतिम गुहार पत्र सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि 72 घंटे के भीतर छात्रों को प्रमोट कर न्याय किया जाए। प्रेस वार्ता में प्रशांत सक्सेना, तुलसीदास कातिब, अनुराग शर्मा, मोहम्मद इरफान और तोता राम राजपूत सहित पीड़ित छात्र मौजूद थे। संस्था ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी न हुईं तो स्कूल, प्रशासन और सीबीएसई बोर्ड की जवाबदेही तय करते हुए आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

# पड़ोसी करते हैं स्कूल में राष्ट्रगान का विरोध , मामला निकला झूठा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। थाना किला क्षेत्र में स्थित जामा मस्जिद के पास लूमिंग हेल्थ स्कूल की संचालिका शोबना ने आरोप लाया कि उनके स्कूल में रोजाना की तरह सुबह प्रार्थना होती है और राष्ट्रगान भी होता है। जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के छोटे-छोटे बच्चे शामिल होते हैं। प्रार्थना के दौरान ह्यजन गण मनह्व जैसे राष्ट्रगान का गायन होता है। स्कूल संचालिका के अनुसार, क्षेत्र के कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग इस राष्ट्रगान का विरोध करते हैं और स्कूल में आकर आपत्तिजनक व अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हैं। इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से



की पुलिस ने इसकी जांच कराई मामला झूठा निकला।

**स्कूल के पास प्लाट को लेकर है विवाद**

जिन लोगों ने स्कूल बालों को उकसाया है उन लोगों पर होगी कार्रवाई। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया किला क्षेत्र का एक प्रकरण सामने आया जिसमें महिला शोबना एक स्कूल का संचालन करती है उसने आरोप लगाया कि पड़ोस के रहने वाले मुस्तफा उर्फ मुन्ने , शकूर पुत्र जहूर अहमद आदि लोगों पर स्कूल में राष्ट्रगान होने का विरोध करते हैं इस मामले में जांच कराई गई , स्कूल के पास मुस्तफा का एक प्लाट है उस जमीन को शबीना खरीदना चाहती है मुस्तफा द्वारा जमीन नहीं बेचने के कारण शोबना ने झूठा आरोप लगाया गया था जिन लोगों ने इस प्रकरण में शबीना को उकसाया है उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसडीएम की छापेमारी से मचा हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। सरकारी अस्पतालों की लापरवाही एक बार फिर सामने आई जब एसडीएम नहने राम ने बुधवार को आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो नजारा सामने आया, वह स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अस्पताल का प्रभारी डॉक्टर, मरीजों के पर्चे बनाने वाला वार्ड बॉय और ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स– तीनों नदारद मिले।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिस तरह से बिना जवाबदेही के कर्मचारियों की गैरमौजूदगी मिली, उसने साफ कर दिया कि अस्पताल सिर्फ कागजों में चल रहा है। स्टाफ नर्स रुचि सक्सेना, जिनकी ड्यूटी दोपहर 2 बजे से सुबह 8 बजे तक की थी, वह मौके पर नहीं थीं। वहीं, नर्स मोनिका शर्मा सुबह 8 बजे की ड्यूटी खत्म करके जा चुकी थीं। इसका मतलब, अस्पताल में करीब 6 घंटे तक कोई स्टाफ नर्स मौजूद नहीं थी, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती थी।

एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रभारी



और वार्ड बॉय की अनुपस्थिति की शिकायत सीएमओ को भेजी जाएगी और साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक स्थायी प्रभारी की नियुक्ति की मांग भी की जाएगी। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि अब अस्पताल में कोई कर्मचारी लापरवाही नहीं करेगा और अस्पताल खुलने से लेकर बंद होने तक सभी कर्मचारी अपने-अपने पटल पर मौजूद रहेंगे।

एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना वजह मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने पर रोक लगाई जाए। सरकारी अस्पताल में मौजूद दवाएं ही मरीजों को दी जाएं और केवल गंभीर मामलों में ही जिला अस्पताल रेफर किया जाए। अन्य सभी मरीजों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था में भी सुधार लाया जाए, और किसी भी मरीज को परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इस छापेमारी ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की पोल खोल दी है। अब देखना होगा कि सीएमओ इस पर क्या कार्रवाई करते हैं या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की संयुक्त बैठक गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार ने किया संबोधित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की बरेली महानगर, आंवला की संयुक्त कार्यक्रम सम्पन्न किया, जिसमें मुख्य अतिथि गन्ना राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री संजय सिंह गंगवार जी ने युवाओं को संबोधित किया और बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत देश के लिए क्यों जरूरी है। एक राष्ट्र, एक चुनाव के फायदे बताए कि देश में हर वर्ष किसी न किसी चुनाव के चलते न केवल धन बल्कि समय की भी भारी बबार्दी होती है। यदि एक साथ चुनाव कराए जाएं, तो इससे देश की विकास प्रक्रिया में तेजी आएगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि बैठक में पारित प्रस्ताव राष्ट्रपति को भेजा जाएगा ताकि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। यह कार्यक्रम फ्यूचर यूनिवर्सिटी में हुआ, जिसमें फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, कुंवर महाराज, मुकेश गुप्ता, ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष अमन सक्सेना, राजू उपाध्याय, आशीष पांडे, द्रोणाचार्य, सौरभ, हिमांशु, दिव्यांश, दीपक, अमित, मीडिया प्रभारी अखिल अग्रवाल एवं कार्यकर्ता युवा नौजवान मौजूद रहे।

# मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, छात्राओं के आंखों से छलके खुशी आंसू

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा।नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में बुधवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय टाप करने वाली हाईस्कूल की छात्रा जैनव जहां 88.83 प्रतिशत , अंक लाकर कालेज टाप किया है। वहीं पल्लवी ने 82.67 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान पाया है। मरियम ने 81 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान पाया है। वहीं बारहवीं कक्षा में विज्ञान वर्ग की कुमारी निधि ने 80.6प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पाया है।निधि ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री माता रानी राठौर पिता राजा राम एवं शिक्षकों को दिया है।कृषि वर्ग में बारहवीं के छात्र रजत गंगवार ने 81.10 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अवनीश यादव ने 80.9प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है।कला वर्ग में अनिल कुमार ने 78.6प्रतिशत अंक पाकर अपने परिजनों एवं कालेज का मान बढ़ाया है।सभी मेधावियों को प्रबंधक सुबोध कुमार, प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह, ने ग्यारह -ग्यारह सौ रुपए की धनराशि के चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान शिक्षक राजपाल, कुसुम गंगवार, रघुवीर सरन, डॉ राजेश कुमार गंगवार, लोकेश कुमार, रमेश कुमार,राघवेंन्द्र कुमार,अतुल मौर्या, राजेश गंगवार पीटीआई, राजेश द्विवेदी, गिरिजेश बाला, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव का आयोजन यज्ञ के साथ विश्राम तथा पहलगाम के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। बुद्धवार को बदायूं रोड आकाश वाणी केन्द्र के सामने भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव का वैदिक रीति से ,मंत्रोच्चार के साथ भव्यता पूर्ण कार्यक्रम के दूसरे दिन यज्ञ का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः काल भगवान परशुराम जी के श्रंगार के साथ विष्णु सहस्त्र नाम से यज्ञ आचार्य हिमांशु जी व राजीव उपाध्याय जी के द्वारा संपन्न किया गया '

अंत में भगवान परशुराम जी की आरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से अपने अपने हाथों मे दीपक लेकर भगवान की दिव्य आरती उतारी '

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र



पाण्डेय,मुनेन्द्र देव शर्मा,राजेन्द्र प्रसाद घिडियाल , रमेश तिवारी,कौशल सरस्वती,गजेन्द्र पाण्डेय,सुमित मिश्रा ,प्रमोद उपाध्याय,सी के मिश्रा,सौरभ मिश्रा,दिनेश शर्मा,संध्या शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, विजेन्द्र पाण्डेय , ठाकुर बुद्ध पाल सिंह,सुभाष पाण्डेय, सत्येंद्र पाण्डेय, रंजीत प्रजापति , बृजेश शर्मा, यश शर्मा, श्रीधर शुक्ला आदि सैकड़ों भक्त जनों ने प्रभु की आरती कर प्रसाद भोग लगा भगवान से आशीर्वाद लिया ' अंत में सभी उपस्थित जनों ने पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना के मृतकों के आत्मा की शान्ति के लिए 2 मिनट का मौन तथा आतंक व आतंकवाद के पोषकों के समूल नाश के लिए प्रभु से प्रार्थना की गई '

# प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ बिराजे

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। शहर में इन दिनों धार्मिक कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में 28 अप्रैल से 7 में तक मठ गद्दी स्थल तुलसीदास महाराज के महंत नीरज नयन दास की अध्यक्षता में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। बुधवार को मंदिर परिसर में देव स्थापना, हवन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में आए भक्तों ने हवन में आहुति अर्पित की। इस अवसर पर महंत नीरज नयन दास ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट को दी गई है। अक्षय तृतीया पर भगवान जगन्नाथ,



बलभद्र और सुभद्रा को विधि विधान के साथ विराजित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के विभिन्न मंदिरों के संकीर्तन मंडलों के द्वारा 1 मई से 7 में तक संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी यह मंदिर तुलसी स्थल की शाखा है। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालों में हरीश चंद्र अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, अनिल कुमार सक्सेना, लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र कुमार अटल, पवन जायसवाल , संजीवजयसवाल, ओम प्रकाश लोधी, मुकेश सक्सेना, अभिषेक कश्यप, अशोक मौर्य, राजीव अग्रवाल, प्रदीप मालिक, अतुल अग्रवाल, दिनेश शर्मा, सुधीरजयसवाल, सुमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल रहे।

# आप लोगों ने अपना बहुमूल्य समय रेलवे को दिया है, अब आप इन जिम्मेदारियों से मुक्त हो चुंके है : मनोज कुमार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। इज्जतनगर मंडल पर माह अप्रैल, 2025 में सेवानिवृत्त हुए कुल 9 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने समापक राशि का भुगतान परिपत्र, मेडीकल कार्ड सहित सेवानिवृत्ति के अन्य दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान किए तथा सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मचारियों के दीर्घ आयु, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रेल परिवार के अभिन्न अंग हैं। आप लोगों ने अपना बहुमूल्य समय रेलवे को दिया है, अब आप इन जिम्मेदारियों से मुक्त हो चुंके है। अब आपलोगों को भरपूर समय मिलेगा, जिसके फलस्वरुप आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ-साथ अपना स्वास्थ्य पर भी पूरा समय दे पायेंगे तथा एक नये स्तर से जीवन की शुरूआत कर सकते हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए रेल प्रशासन का द्वार आप लोगों के लिए सदैव खुला है। आवश्यकता पड़ने पर आप बेहिचक रेल अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। सभा कक्ष में उपस्थित शाखा अधिकारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने सुझावों के द्वारा बताया कि अपने जीवन भर की कमाई पूँजी को साइबर अपराधियों से बचा कर रखे। किसी के साथ अपना बैंक अकाउंट का ओ.टी.पी. शेयर न करें। अपने पूँजी का सोच-समझकर ही कहीं पर निवेश करें।

विगत कुछ महीनों से मंडल रेल



प्रबंधक के नेतृत्व में इज्जतनगर मंडल पर एक नयी पहल की शुरूआत की गई है। जिसमें सेवानिवृत्ति के कारण हो रही रिक्तियों पर उसी तिथि को प्रस्तावित कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की जाती है। इस माह में भी कुछ कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान किया गया। सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों में सर्वश्री विपिन सक्सेना, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक/ इज्जतनगर; धरम सिंह कोरंगा, ट्रैकमेन्टेनर-।।/रेलपथ/लालकुआँ; महावीर सिंह, ट्रैकमेन्टेनर-।/रेलपथ /हाथरस सिटी; राजीव सक्सेना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ड्राइंग/इज्जतनगर; इन्दल राम, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/गतिशक्ति/इज्जतनगर; मनोज कुमार शर्मा, स्टेशन अधीक्षक/कासगंज; राम प्रकाश, एच.के.ए./मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/इज्जतनगर; गोविन्द सिंह राना, वरिष्ठ क्नीशियन/डीजल शेड; विरेन्द्र सिंह पवार, हेल्पर/विद्युत डीजल शेड आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक डॉ. रत्नेश कुमार सिंह, मुख्य मंडल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यू.एस. नाग, मुख्य परियोजना प्रबंधक/गतिशक्ति म0 शमीम, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर श्री योगेश कुमार, सभी शाखा अधिकारी सहित मान्यता प्राप्त यूनियन एवं एसोशिएशनों के पदाधिकारियों, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया।

# बरेली जोन कार्यालय में एडीजी ने सेवानिवृत कर्मियों को दी सम्मान विदाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। बरेली जोन कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक रमित ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को सम्मान विदाई दी। साथ ही उनके सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करने के साथ ही सेवानिवृत कर्मचारियों से समय-समय पर पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

अपर पुलिस महानिदेशक बरेली रमित शर्मा ने जोन कार्यालय में कार्यरत रामपाल अर्दली और जनपद बदायूं में कार्यरत सूरज (माली) के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में उन्हें फूल माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। रामपाल यूपी पुलिस में वर्ष 1995 में अर्दली (डढ)के पद पर जनपद बरेली में भर्ती हुए थे।

वह वर्ष 2012 तक परिक्षेत्र कार्यालय बरेली में कार्यरत रहे। इसके बाद बरेली जोन कार्यालय में रहे। रामपाल जनपद बरेली के ग्राम शहवाजपुर थाना भुता के मूल निवासी है। वहीं, जनपद बदायूं में कार्यरत सूरज (माली) यूपी पुलिस में वर्ष 1984 में माली के पद पर जनपद बदायूं में भर्ती हुए थे। सूरज कृष्णा कॉलोनी थाना उझानी जनपद बदायूं के मूल निवासी हैं।

समारोह के दौरान संजू यादव विशेष कार्यधिकारी कल्याण (ओएसडी) जोन कार्यालय, धर्मेन्द्र कुमार राय पुलिस उपाधीक्षक एवं स्टॉफ ऑफिसर जोन कार्यालय, बरेली एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत हुए कर्मचारी रामपाल और सूरज को शुभकामनाएं दीं।

# श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर सुशील अरोरा एवं उपाध्यक्ष पद पर अश्वनी ओबेरॉय का हुआ निर्विरोध चयन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। अक्षय तृतीया के पावन दिन आज श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति बरेली की मुख्य कार्यकारी सदस्यों की एक मीटिंग श्री हरि मंदिर कार्यालय में सम्पन्न हुई जिस मे आज सभी सदस्यों ने एक मत हो कर श्री सुशील अरोरा को अध्यक्ष पद एवं अश्वनी ओबेरॉय को उपाध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध चयन हुआ। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने वा अन्य सदस्यों द्वारा दोनों का माल्यार्पण किया गया। अभी थोड़े दिन पहले ही पूर्व अध्यक्ष श्री सतीश खट्टर जी के निधन के कारण प्रधान पद रिक्त हुआ था। आज की मीटिंग में सचिव रवि छाबड़ा एवं कार्यकारणी समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जोगी परिवार पहुँचा ग्राम गातापारा

## जयंती पर जोगी के सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प

**समाज जागरण विजय तिवारी**

रायपुर। दिनांक 29/04/2025। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री अजीत जोगी की 79 वीं जयंती के अवसर पर आज ग्राम गातापारा, अभनपुर में रायपुर ज़िला ग्रामीण जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे द्वारा ज़िला अध्यक्ष माखन ताम्रकार के अगुवाई में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी, प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी, ऋचा जोगी ग्राम गातापारा पहुँचे और जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर स्वर्गीय जोगी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति समर्पण और स्मरण की गहरी भावना व्यक्त की गई। स्वर्गीय अजीत जोगी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, राजनीतिक योगदान और छत्तीसगढ़ के विकास में उनकी



अमिट भूमिका को याद किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, "मेरे पिताजी का जीवन छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति समर्पण और सामाजिक न्याय के संघर्ष का प्रतीक है। आज के दिन हम संकल्प लेते है, हम उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" ज़िला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने कहा *"जोगी जी ने राज्य की राजनीति में गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्तियों के उत्थान के लिए नैतिकता और जनकल्याण को प्राथमिकता दी। आज का दिन उनके विजन को साकार करने का संकल्प दिवस है।"

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग के नेता कुबेर यदु ने स्वर्गीय जोगी जी की जनकेंद्रित नीतियों, आदिवासी समुदाय के उत्थान में उनके योगदान और छत्तीसगढ़ के गौरव को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के प्रयासों को याद किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस मौके पर घोषणा की कि पार्टी अजीत जोगीके सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी।इसी क्रम में ग्राम गातापार के ग्रामीणों ने गाँव में स्व अजीत जोगी की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया है।

# हिंदुस्तान पावर ने 21 गांवों को हाई मास्ट एलईडी लाइट्स से किया रोशन, ग्रामीण अवसंरचना और सुरक्षा को मिला नया आयाम

जैतहरी, 30 अप्रैल 2025 - ग्रामीण विकास और अवसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, हिंदुस्तान पावर ने जैतहरी एवं आसपास के गांवों में एक व्यापक ग्रामीण रोशनी परियोजना की शुरुआत की है। कंपनी द्वारा क्षेत्र के 21 गांवों में कुल 40 हाई मास्ट एलईडी लाइट्स की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया गया है।

पिछले सप्ताह कंपनी ने जैतहरी के राठौर चौक से प्लांट गेट क्रमांक 2 तक सड़क किनारे लाइट्स का सफलतापूर्वक संचालन किया।

प्रत्येक हाई मास्ट लाइट 10 मीटर ऊंचे पोल पर चार 100 वॉट की एलईडी लाइट्स के साथ स्थापित की जा रही है, जिससे कुल 400 वॉट की रोशनी एक स्थान पर उपलब्ध हो रही है। ये लाइट्स छुल्हा, नगढहा टोला, खिरना टोला, बेलिया, धुर्वासिन, चोलना, ढंगावन, पडौर, महुदा, चंदपुर, पचौहा, कुकरगोडा, पदरिया, सिवनी, बलबहरा, मुरा टोला, गोड़न टोला, लहरपुर, अमगवां, गुंवारी, टकुहली और



जैतहरी जैसे गांवों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर लगाई जा रही हैं।

अब तक 12 हाई मास्ट लाइट्स स्थापित की जा चुकी हैं और पूरी तरह चालू हैं। शेष लाइट्स का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है और आगामी दो से तीन दिनों में पूरा होने की संभावना है।

इस पहल को स्थानीय समुदायों द्वारा अत्यंत सराहना मिल रही है। ग्राम सरपंचों ने अपने-अपने गांवों में सामुदायिक स्थलों पर हाई मास्ट लाइट्स लगाने हेतु सक्रिय रूप से अनुरोध किया, जिससे सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों को बल मिल सके। ग्रामीणों ने बेहतर रोशनी और रात्रिकालीन गतिविधियों में वृद्धि के लिए कंपनी का आभार व्यक्त किया।

हिंदुस्तान पावर के सीएसआर प्रमुख श्री सत्यम सलील ने कहा, "हम अपने आसपास की समुदायों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन लाने में विश्वास रखते हैं। यह प्रकाश व्यवस्था पहल न केवल जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता को भी सशक्त बनाती है। ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया हमारे लिए प्रेरणा है, जिससे हम सतत सामुदायिक विकास की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।"

हिंदुस्तान पावर सामुदायिक केंद्रित विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और अपने संचालन क्षेत्रों में जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# दुनिया के लिए बहुत जरूरी आतंकवाद और उसके संरक्षकों का खात्मा : राकेश मणि, सलीम

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश भर के सामाजिक संगठनों में भी जबरदस्त रोष व्याप्त है। आतंकवाद से जुड़े इस गंभीर मुद्दे को लेकर प्रतिक्रियाओं का भी दौर जारी है, जिसके क्रम में ट्रांस गोमती निवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सलीम और महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने पहलगाम की नरसंहार की घोर निन्दा करते हुए सरकार से कठोरता कार्यवाही की मांग भी की है।

अध्यक्ष मो. सलीम और महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय द्वारा जारी संयुक्त विज्ञप्ति में सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही दुनिया से आतंकवाद और उसे समर्थन देने वाले लोगों को भी दुनिया से अलग थलग करने को विश्व हित में बताते हुए यह भी कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करें कि पहलगाम पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पर चूक कैसे हुई।

भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सफल कूटनीतिक प्रयासों के बीच चीन के सहयोग से पाकिस्तान और बंगलादेश पर भारत विरोधी षड्यंत्र करने का भी आरोप लगाते हुए मोहम्मद सलीम और राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि भारत को दोनों तरफ से घेर कर चीन अपनी विस्तारवादी नीति को बढ़ाना चाहता है



इन दोनों नेताओं मोहम्मद सलीम और राकेश मणि पांडेय ने भारत की कूट नीति की सराहना भी की और कहा कि इसी के चलते दुनिया की अमेरिका व रूस जैसी महाशक्तियां भारत के साथ हैं लेकिन भारत अमेरिका से अधिक रूस पर विश्वास कर सकता है ,क्योंकि रूस ने पहले भी भारत के साथ अपनी मित्रता को प्रमाणित किया है। जबकि अमेरिका ने कई अन्य स्थितियों में भारत के विरूद्ध पाकिस्तान का साथ दिया है। मोहम्मद.सलीम व राकेशमणि पाण्डेय ने विश्व समुदाय के राष्ट्राध्यक्षों से दुनिया से सभी परमाणु बम समाप्त किये जाने की भी मांग करते हुए कहा कि दुनिया को आज सबसे ज्यादा जरूरत रोटी ,रोजी और चिकित्सा व्यवस्था की है।

आतंकवाद, विस्तारवाद और कटरता के कारण देश व विदेशो में चल रहीं विध्वंसक गतिविधियों पर रोक के लिए प्रभावी कार्यवाही को भी आवश्यक बताते हुए अध्यक्ष मोहम्मद सलीम और महामंत्री राकेश पांडेय यह भी कहा कि कुछ देश तनाव पैदा करके अपने सैन्य साजो सामान को बेच कर लाभ कमाने में लगे हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि विकासशील देश अपनी आमदनी का अधिकांश भाग युद्ध सामग्री के खरीदने में व्यय करते हैं, जिससे उनकी स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है।

अध्यक्ष मोहम्मद सलीम महामंत्री राकेश पांडे ने भविष्य में प्रबल संभावित युद्ध से होने वाले नुकसान पर भी चिंता जाहिर करते हुए सभी राष्ट्रध्यक्षों से एक मंच पर बैठकर मानव समाज के लिए विनाशक परमाणु बमों जैसे हालातों को समाप्त करने की भी बात कही और दावा किया कि अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो ना केवल लाखों करोड़ों बेगुनाह मारे जायेंगे बल्कि सारी विकासशील स्थितियां भी समाप्त हो जायेंगी।

# नगर विकास एवं जन सेवा को लेकर सभी वार्डो में नवगठित परिषद द्वारा करोड़ों रुपए के गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य जारी - अजय सराफ

कोतमा - अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं वैशाली ताम्रकार उपाध्यक्ष ने बताया कि सरकार के द्वारा नियमानुसार नगर को सुसज्जित और सौंदर्यीकरण करने के उद्देश्य से एवं आमजन को मूलभूत सुविधा मिले इसके लिए नगर में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य जारी हैं, जिस संबंध में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बताते हुए कहा कि नवगठित नगर पालिका परिषद द्वारा जन सेवा को लेकर लगातार लोकधन का सदुपयोग करते हुए सभी वार्डों में पेयजल समस्या को दूर करते हुए समुचित व्यवस्था बनाई जा रही हैं, सभी वार्डों में नियमित सफाई कर्मचारी लगाकर सफाई का कार्य



किया जा रहा है, नगर के प्रत्येक वार्डों में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए, नगर के सभी वार्डों में नए निर्माण कार्य भी गुणवत्ता युक्त जारी है, जिसके तहत वार्ड क्रमांक 11/12 के सहित सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था समुचित हो इसके लिए, ओवर हेड टैंक निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है, साथ ही वार्ड क्रमांक 7 बुढी दाई मंदिर के पास पेवर ब्लॉक फिक्सिंग निर्माण कार्य जारी है वहीं वार्ड क्रमांक 8 में कोतमा नगर से भालूमाडा मार्ग के दोनों किनारो में पेवर ब्लॉक फिक्सिंग का निर्माण कार्य जारी है सभी वार्डों में गुणवत्तायुक्त नाली का निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी समीक्षा नगर पालिका अध्यक्ष सराफ एवं उपाध्यक्ष वैशाली ताम्रकार के साथ परिषद के सभी वार्ड पार्षद सहित पूरी टीम व प्रदीप झारिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ओमती तिवारी उपयंत्री मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच करते हुए की जा रही है।

# इंदौर में आयोजित UCMAS 20वी अबेकस एरिथमैटिक मेंटल प्रतियोगिता में चचाई अनूपपुर के छात्रों ने परचम लहराया।

चचाई ----विगत दिनों 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित UCMAS 20वी एबेकस एरिथमेटिक मेंटल प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर के 350 से अधिक सेंटरो से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें विद्युत नगरी चचाई (अनूपपुर) की मां शारदा अबेकस क्लासेज के नौ होनहार विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया केवल 8 मिनट में 200 प्रश्न हल कर इन विद्यार्थियों ने न केवल समय पर विजय पाई बल्कि पूरे मंच पर अपना परचम लहरा सम्मान अर्जित किया।




इस कार्यक्रम में प्रथम रनर अप विद्युत नगरी चचाई डबल डी कॉलोनी की छात्रा नित्या तीतरमारे पिता कृष्ण कुमार रही वहीं अन्य आठ मेरिट अवार्ड प्राप्त छात्रों में नेत्रिका दौलतानी पिता मनीष दौलतानी, जागृति सिंह पिता लव कुश सिंह, ईकेश्वर कुशवाहा पिता अजय कुशवाहा, देवेश राजवंशी पिता आलोक राजवंशी, प्रशा हजारी पिता बलराम जाटव, श्रद्धा बैगा पिता सिया शरण बैगा, लक्ष्य भारद्वाज पिता धर्मेंद्र भारद्वाज, एवं निराली भैरम पिता राजेश भैरम।

यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत अभिभावकों का अपार सहयोग और मां शारदा अबेकस क्लासेज के समर्पित शिक्षकों को जाता है।

# सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की काली कमाई से अर्जित अवैध संपति होगी कुर्क।

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ ।डीएम शिव सहाय अवस्थी ने गुलशन यादव की चल अचल अवैध संपति को जब्त करने का आदेश दिया है।

*यह आदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत चल रहे मुकदमे मे किया गया है जिसमें सात करोड़ से अधिक की अवैध संपति कुर्क की जा सकती है।

गैंग लीडर गुलशन यादव पर दर्ज हैं 53 संगीन मामले हैं जो हत्या ,हत्या का प्रयास,रंगदारी जैसे संगीन अपराध के हैं।

जेल में निरुद्ध सपा जिलाध्यक्ष छवि नाथ यादव के भाई गुलशन यादव को बनाया गया है कार्यवाहक जिलाध्यक्ष।

डीएम के कुर्की के आदेश से गर्म हुई सियासी पारा!

सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पद से हटाए जाएंगे गुलशन यादव!

गैंगस्टर और अपराधिक छवि के छविनाथ और गुलशन यादव के जिलाध्यक्ष पद पर काबिज होने से सपा की हो रही किरकिरी!

# संलग्न प्यादों की बिदाई मलाईदार शिक्षको की फौज अभी भी उड़ा रही मौज

**समाज जागरण**

शहडोल ---- शहडोल संभाग के अनूपपुर जिले के विकास खंड पुष्पराज गढ़ का पडमनिया संकुल केंद्र समाचार पत्रो की सुर्खियों में छाया हुआ है । मामला है शिक्षकों के संलग्नीकरण का ।इस मामले में संभागीय उपायुक्त जन जातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित विकास शहडोल से लेकर सहायक आयुक्त अनुपपुर तक बैठे प्रशासनिक अधिकारियों ने जिस तरह से नियम विरुद्ध शिक्षकों को संलग्न कर भष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है , उसकी शिक्षा जगत में चहुंओर निंदा हो रही है। बताया जाता है कि इन प्रशासनिक अधिकारियों को न तो नियम कानूनो की परवाह है और न ही राज्य स्तरीय उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशो की चिंता है ।जो शिक्षक, प्राचार्य इनके भष्टाचार में सहायक बना हुआ है , उसके लिए सारे नियम कानूनो की धज्जियां स्वयं संभाग स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारी उनका मजाक बना कर उड़ा रहे हैं ।एक गडबडी करने के लिए इन्हें चाहे और जितनी गड़बड़ी करना पडे यह सब करने के लिए तैयार है ,बशर्ते इनके मन मुताबिक हर माह मिलने वाली भेंट मिलती रहे ,उसका सिलसिला टूटा की नियम आड़े आ जायेगा । संलग्नीकरण के इस खेल में संकुल प्राचार्य से लेकर विभागीय अधिकारियों के लिय भी कमायी का जरिया बना हुआ है ।

संलग्नीकरण का खेल पुराना है , आदिवासी विकास खंड में चतुर चालाक शिक्षक अपने उच्च अधिकारियों की सेवा, खुशामद कर मनमानी जगहों पर अपनी मूल पदस्थापना से हटकर सलंग्न हों जाते हैं , कोई सहायक आयुक्त की सेटिंग्स से तो, कोई उपायुक्त की मेहरबानी से मलाईदार विद्यालयो में अपनी सलंग्नता करा बैठते हैं , इस मनमानी पूर्ण कृत्य पर रोक लगाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने आवश्यक पहल करते हुए राज स्तर से ही संलग्नीकरण समाप्त करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे । मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश पर अमल करते हुए आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग भोपाल ने पत्र 10 दिसम्बर 2024 को जारी करते हुए आदिवासी विकास खंडों में तत्काल समाप्त करते हुए लिखा था कि आदेश का पालन 16 दिसम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से कर दिया जाये ,साथ ही पत्र में उल्लेख था कि अन्यथा 16 दिसम्बर 2024 के बाद संलग्नीकरण के सभी आदेश स्वमेव निरस्त हो जायेंगे । आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग भोपाल के आदेश का अनुपपुर जिले के पुष्पराज गढ़ विकास खंड में भी लागू होता है परन्तु इस आदेश का पालन सिर्फ सरकारी कागजों तक सिमट कर रह गया है । बताया जाता है कि आदेश के पालन में संभागीय उपायुक्त शहडोल, सहायक आयुक्त अनुपपुर, और खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज गढ़ ने कागजी घोड़े दौड़ा कर अपने कर्तव्यों की इंतिहा तो कर ली, लेकिन उस आदेश का धरातल पर असली जामा पहनाया गया कि नहीं इसे देखने -सुनने वाला कोई नहीं है। ध्यान देने योग्य है कि समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का असर यह हुआ कि पडमनिया संकुल केन्द्र में ही सलंग्न शिक्षक जो मलाईदार शिक्षको के लिए भेंट चढ़ायें गये थे , उन्हें तो उनके मूल पदांकित विद्यालय भेज दिया गया था , लेकिन अभी भी मलाई दार शिक्षकों पर उच्च अधिकारियों की कृपा पूर्ववत बनी हुई है । उल्लेखनीय है कि पडमनिया संकुल केन्द्र में खरसौंल में पदांकित शिक्षक सुरेन्द्र पटेल जी को उपायुक्त जन जातीय कार्य विभाग शहडोल के व्दारा संलग्न करते हुए उल्लेख किया गया था कि बडी तुम्मी में प्राचार्य, व्याख्यता,उमा शिक्षक, या वरिष्ठ शिक्षक के पद स्थापना के बाद यह संलग्नीकरण स्वमेव निरस्त माना जायेगा ,पर यहां पर सुखलाल सिंह मसराम जिन्हें सुरेन्द्र पटेल की पदस्थापना के लिए गिंजरी संलग्न किया गया है उनके मूल पदांकित विद्यालय बडी तुम्मी में आने के बाद भी सुरेन्द्र पटेल को बडी तुम्मी से नहीं हटाया गया । यद्यपि सुखलाल मसराम कनिष्ठ शिक्षक है लेकिन इनका वेतनमान उच्च शिक्षक का है , वैसे भी कुछ विद्यालयों में कनिष्ठ शिक्षक प्राचार्य का काम काज कर रहे हैं ।मिली जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र पटेल जी के काम काज और संलग्नीकरण को लेकर आयुक्त शहडोल की जन सुनवाई में शिकायत कर इन्हें बडी तुम्मी से हटाने की मांग की गयी है ,जिस पर कार्यवाही के लिए आयुक्त शहडोल ने उपायुक्त शहडोल को भेजी गई है , आयुक्त शहडोल को यह नहीं मालूम कि इस अव्यवस्था के कर्ण धार उपायुक्त शहडोल ही है ,उनका वश चल जाये तो मूल पदस्थापना का आदेश भी कर देंगे । इस तरह और भी कई मलाईदार शिक्षको को अभी कार्यमुक्त न कर शहडोल संभाग में कतिपय अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को ठेंगे पर रखकर मनमानी का राज कायम कर रखा है। देखना है कि कमिश्नर शहडोल इस मामले में सजगता बरतकर लापरवाह अधिकारियों की सुधि लेगी की उनकी भ्रष्ट कार्यशैली इसी तरह फलीभूत होती रहेगी

# धर्म परिवर्तन कराने वाला मौलाना पुलिस की गिरफ्त में

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जेठवारा गांव के दलित परिवार को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले मौलाना के खिलाफ विधिक कार्रवाई होने के बाद सामाजिक दबाव एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश सिंह की पहल के बाद दलित युवक शनी कुमार की आज घर वापसी हुई। इस मौके पर शनी कुमार के माता पिता ने आज घर पर सत्यनारायण कथा एवं हवन का आयोजन किया।जिसमें गांव समाज के साथ उसके रिश्तेदार भी सम्मिलित हुए।बता दे कि जेठवारा थाना क्षेत्र के अकरिया पार गांव के सुभाष चंद्र कोरी का बेटा शनी कुमार की मुलाकात लोकापुर बाजार की चांद तारा मस्जिद के मौलाना शाहिद से हुई,तो मौलाना ने उसका धर्म परिवर्तन कराते हुए नमाज पढ़ना सिखाया।रोज अभ्यास करके शनी कलमा पढ़ना सीख लिया और मस्जिद जाकर नियमित नमाज पढ़ने लगा। साथ ही अपने भाई और दो बहनों को भी कलमा सिखाना शुरू कर दिया।एक दिन शनी की दोनों बहने जब बुर्का पहन कर बाहर निकलीं तो पड़ोसियों ने देख लिया और जेठवारा पुलिस को सूचना दे दिया।जांच के बाद धर्म परिवर्तन के मामले का खुलासा हो गया और मौलाना शाहिद पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

मौलाना शाहिद सनी को आर्थिक सहयोग एवं तंत्रमंत्र सिखाने का लालच देकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया।वह मौलाना के साथ चोरी छुपे मस्जिद में नमाज भी पढ़ने लगा! धर्म परिवर्तन के बाद मौलाना शाहिद शनी को ईद पर कपड़े, के साथ खाने पीने की सामग्री भी देता था।सनी मौलाना का इतना मुरीद हो गया कि वह अपनी दो बहने निशा 27 व ऊषा 25 के साथ भाई दीपक व उसकी पत्नी प्रीति को भी कलमा पढ़वा कर उनका धर्म परिवर्तन करवा दिया। मामला तब प्रकाश में आया जब सनी के बहने बुर्के पहन कर बाजार की ओर निकली तो लोग दंग रह गए। इसकी जानकारी जब थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को मिली तो वह भाग कर सनी के घर पहुंच गए ।उन्होंने सनी के परिवार से मुलाकात की और सारी हकीकत खंगालने के बाद इसकी सूचना अपने आला अफसर को दिया। सनी के बताने के मुताबिक थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने चांद तारा मस्जिद लोकापुर के मौलाना शाहिद को धर दबोचा तथा बिहार प्रांत का रहने वाला दूसरा मौलाना जावेद आलम भागने में कामयाब रहा।पुलिस ने एहतियात के तौर पर चांद तारा मस्जिद के समीप पी.ए.सी तैनात करने के बाद गिरफ्तार किए गए मौलाना शाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।।

# कुंडा एक ऐसी तहसील है जिसका प्रत्येक तिनका काला है

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ ।वैसे तो यह जिला राजा महाराजाओं का कहा जाता है ।स्वतंत्रता के पूर्व इस छोटे से जिले में तीन बड़ी रियासतें थीं जिसमें कुंडा की काला कांकर, प्रतापगढ़ और पट्टी ।इन तीनों राजाओं की तूती बोला करती थी ।इनके अंदर की रियासतें भी अच्छी थी जिसमें ढ़िगवस और भदरी का अच्छा नाम था ।बाद में प्रतापगढ़ जिला बना और स्वतंत्रता का राज कायम हुआ ।स्वतंत्र भारत की रचना में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं था लेकिन समय के साथ सत्ता में बैठे लोगों का मन डोला और रिश्वत का आलम शुरू हुआ । कांग्रेस पार्टी धीरे धीरे भ्रष्टाचार में जब आकंठ डूबे गयी तो अधिकारियों का मनोबल बढ़ा और आज पूरादेश भ्रष्टाचार में डूबे चुकी है लेकिन उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के भ्रष्टाचार की कहानी योगी जी का राज होने के बाद भी अंत हींन हो चुकी है ।

सामान्य मानव को शिक्षा , सुरक्षा,और स्थानीय विकास के साथ स्वास्थ्य के व्यवस्था की मुख्य आवश्यकता समझी जाती है लेकिन उपरोक्त सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। सबसे पहले हम शिक्षा की ओर दृष्टिपात करेंगे जहां सरकारी से निजी विद्यालयों तक केवल लूट का ही साम्राज्य स्थापित है ।सरकारी शिक्षा व्यवस्था प्राथमिक से डिग्री तक शोषण का मुख्य विंदु बन चुका है ।

प्राथमिक विद्यालयों के अधिकांश शिक्षक दूरदराज से विद्यालय आते हैं यहां तक कि कुछ तो एक सौ किलोमीटर तक रेल, बस व स्कूटी निजी कार आदि से भी आया करते हैं ।प्रश्न यह है कि जब कोई भी व्यक्ति सौ किलोमीटर की यात्रा करके आयेगा तो निश्चित ही थका होगा वह कक्षा। में कितनी रुचि लेगा ।बच्चों को भयभीत करना ,डाटना और शांत बैठने के उपदेश के अलावा कोई चारा नहीं दिखता ।दूसरा भोजन व्यवस्था पढ़ाई चौपट कर रखी है बच्चों का ध्यान भोजन की ओर ही रहता है जब की इस भोजन मैं प्रधानाध्यापक व प्रधान जी हिस्साबांट हेतु तोड़ते रहते हैं ।कुछ तो ऐसे दबंग अध्यापक ऐसे हैं जो अपने स्थान पर अपने पैसे से नियुक्ति भी करते रहे हैं आज भी खुद हाजिरी लगाकर गायब हो जाते हैं और उनके स्थान पर उनका ही नियुक्त व्यक्ति पढ़ा था है ।इंटर व डिग्री कालेजों के अधिकांश अध्यापक आपको ईमानदारी से पढ़ाते नहीं मिलेंगे। प्रबंधतंत्रीय सहायता प्राप्त स्कूलों की हालत खस्ता है ,वहां क्षात्रसंख्या गिरती जा रही है। टीसी व अंक पत्र के साथ अभिभावक व अन्य सुवाधाओं हेतु मन मानी रकम ली जाती है और नकल करके पास कराने का भी पैसा केन्द्र पर वसूला जाता है ।नाजी विद्यालय तो शोषण के साधन बन चुके हैं । फीस,किताब,ड्रेस आदि ऐसे अनेकमद हैं जहां छात्र को शोषण का शिकार होना पड़ता है ।यही हाल नाजी डिग्री कालेजों का भी है

। शिक्षा के बाद स्वास्थ्य की बात करें तो सामुदायिक केंद्रों पर डाक्टरों की मनमानी चरम पर है ।इनसे गरीबों का कोई भी भला नहीं होने वाला है ।कुंडा तहसील के हर ब्लाक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जहां फिजीशियंन हैं लेकिन सार डाक्टर आपको ड्युटी पर नहीं मिलेंगे। अधिकांश डाक्टर दूर से आते हैं ।अपनी अपनी क्लीन पर व्यस्त रहते हें ,कुछ पर सी यम ओ की कृपा बरसती है वे की दिनों तक गायब रहे सकते हैं कुछकयी सालों से एक ही जगह तैनात हैं ।कुछ नर्सों, या अन्य महिला कर्मचारियों पर तंग करने आरोप भी झेलते हैं क्यों कि उन्हें कुछ अतिरिक्त सुविधा की आदत सी लगी होती हो वह कैश के रूप में हो या काइंड के रूप में।

मरीजों को दवाइयां भी देने में पक्षपात देखा जा सकता है ।गरीब जहां अपमान सहता है वहीं बाजार से निश्चित दूकान से दवा खरीदने को मजबूर भी होता है बोलने पर सरकारी काम में बांधा डालने की धमकी भी झेलता है।

अब आइये पुलिस की कार्य शैली पर जहां रसूखों और दलालों के शिवा किसी की नहीं चलती ।थानाध्यक्ष दरबार लगाकर सबेरे जनसुनवाई हेतु कुर्सी सजाकर बैठ जाते हैं उनके पहले दलाल और पत्रकार हां हुजूरी में हाजिर रहते हैं शुरू होती है सुनवा ,डांट डपट के साथ मामला हल्का दरोगा सिपाही को सौंपा जाता है फिर दलाल , पत्रकार सभी पार्टियों के पीछे लगकर अपना उल्लू सीधा करने में लग जाते हैं ।इस खेल में पिसती है फरियादी जनता ।१००नं पुलिस का ये हाल है कि वह राहगीरों को भी नहीं बख्शती ।जहां चाहे मनमानापन दिखा सकती है । पुलिस के असरदारों का काम करती है ।

आगे एक का राजस्व विभाग व मनरेगा से या फिर विकास से जुड़ा है ।पहले हम राजस्व विभाग की बात करते हैं जो लोगों की जमीन से जुड़ा होता है जिसमें लेखपाल तहसीलदार व यह डी एम यहोद जुड़े रहते हैं लेकिन एक तीनों हमेशा जमीनी विवाद से दूर रहना चाहते हैं पिस्ता केवल काश्तकार है ।रोज अवैध कब्जे के मामले थाने और तहसील में आते हैं और कुंडा में जमीन का झगड़ा लेखपाल की देन है । हल्का लेखपाल काश्तकारों के सीधे संपर्क में नहीं रहता और न ही मिलने पर सीधे मुंह बात ही करता है ।रिश्वत में मोटी रकम मांगता है और का भी नहीं करता ।एस डी एम और तहसीलदार उसपर कोई कार्रवाई भी नहीं करते ।।

# पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने आज पुलिस लाईन परिसर प्रतापगढ़ में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं में आने के बाद निर्धारित समय पर पुलिस कर्मी को सेवानिवृत्त होना पड़ता है, हेड कास्टेबल बलवन्त सिंह जो आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं, का कार्यकाल जनपद प्रतापगढ़ में काफी सराहनीय रहा है, इनके द्वारा जनपद में किये गये सराहनीय कार्यो को याद किया जायेगा, इन्हें सराहनीय कार्य हेतु 26 जनवरी 2025 को पुलिस रजत पदक से भी पुलिस लाईन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त होने वाले बलवन्त सिंह हेड कास्टेबल, प्रदीप श्रीवास्तव वरिष्ठ लिपिक, सत्यम दूबे उप निरीक्षक, लाल जी को प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्रम व श्रीराम चरित मानस रामायण पाठ की पुस्तक देकर सम्मानित किये। इस मौके पर सी0ओ0 सिटी सहित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# हर वर्ष मनाया जाता है श्रमिक दिवस समस्या जस की तस: मनोज

**समाज जागरण**

शहडोल 01 मई मजदूर दिवस 10 लाख आउटसोर्स कर्मी सुविधा पाने में फिसड्डीअन्य राज्यों में मिल रही सुविधाएँ म.प्र. में लागू होंः भार्गवम.प्र. के सभी विभागों एवं उपक्रमों का वर्कलोड प्रदेश के दस लाखआउटसोर्स कर्मियों पर है, पर यह श्रमिक केन्द्र सरकार व अन्य राज्यों कीतुलना में लगभग आधा न्यूनतम वेतन व सुविधाएँ पाकर फिसड्डी हैं, इसलिए म.प्र. सरकार केन्द्र व कई राज्यों में आउटसोर्स श्रमिकों का दी जा रहीन्यूनतम वेतन व अन्य सुविधाएं म.प्र. में भी तत्काल लागू करें एवं पदों की संख्याभी बढ़ाई जाए, क्योंकि अधिकांश आउटसोर्स कर्मी अवकाश पाने सेवंचित हो रहे हैं। यह मांग मजदूर दिवस के अवसर पर ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स सयुंक्तसंघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया नेम.प्र. के मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री से की है।श्री भार्गव ने कहा कि जिस प्रकार तमिलनाडु सरकार ने सरकारी विभागों की भतीमें आउटसोर्सिंग को चरणबद्ध खत्म कर मुख्य कार्यों में सीधी भर्ती का निर्णय लियाहै, यही निर्णय म.प्र. सरकार भी लेकर म.प्र.विधानसभा चुनाव संकल्प पत्र पृष्ठ-81 पर अमल कर प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों कोसंविदा का दर्जा व सुविधाएं प्रदान करे, क्योंकि आपातकालीन एवं जोखिमपूर्ण चिकित्सा वउर्जा जैसे क्षेत्रों में आउटसोर्स पर दीर्घकालिक निर्भरता ठीक नहीं है। श्री भार्गव का कहना है कि कुकुरमुत्तों की तरह छाये सैकड़ों मानव बल ठेकेदारों, बिचोलियों को हटाकर आउटसोर्स की भर्ती व प्रबंधन हेतु प्लेसमेंट एजेन्सी केरूप में जिस प्रकार हरियाणा ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया, उ.प्र. व आंध्रप्रदेश ने आउटसोर्स सेवा निगम बनाया है, उसी तर्ज पर म.प्र. सरकार सैकड़ों मानव बल ठेकेदारों की जगह म.प्र. आउटसोर्ससेवा निगम का गठन करें, इससे म.प्र. के सभी विभागों व उपक्रमों मेंबार-बार टेण्डरिंग प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी एवं समय व धन की बचत होगी व इनआउटसोर्स श्रमिकों का शोषण रूकेगा तथा चयन प्रक्रिया में व आउटसोर्स ढांचे मेंसुधार होगा।उड़ीसा व हरियाणा सरकार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां अनुभव आधारितपारिश्रमिक दिया जाता है, उड़ीसा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मी को प्रत्येकपॉच वर्ष के अनुभव के लिए प्रतिमाह एक हजार रू. अतिरिक्त पारिश्रमिक दिया जाता है, इसे म.प्र. सरकार भी लागू करे।श्री भार्गव ने इस बात पर पीड़ा व्यक्त की कि म.प्र. में 50 से लेकर 55 वर्ष की आयु में आउटसोर्स कर्मी को बूढ़ा बताकरसेवा से बाहर निकाला जा रहा है, जबकि पश्चिम बंगाल में आउटसोर्स-संविदा की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष व हरियाणा में 58 वर्ष है। इन राज्यों की तरह म.प्र. में आउटसोर्स सेवा निवृत्ति आयु 60 वर्ष की जाए।

# पूर्व प्रधानाचार्य के घर पहुंचा मेधावी तो निकल आये आँसू

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। कठिन परिस्थितियों में जहां प्रवेश में नहीं मिल रहा था वहीं तत्कालीन प्रधानाचार्य ने उसकी प्रतिभा को पहचाना और प्रवेश दिया वही छात्र 93 फीसदी अंक प्राप्त किया।



बुधवार को जब रिटायर्ड प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह के आवास नदोय पहुंच उनका आशीर्वाद लिया तो गुरु और शिष्य दोनों के आंखों में खुशी के आंसू निकल आये। क्षेत्र के चेहरा निवासी आलोक कुमार हाईस्कूल की परीक्षा में 93 फीसदी लाया तो उसका एडमिशन अपने विशेष प्रभाव से दिलाने वाले तत्कालीन प्रधानाचार्य के घर पहुंचा और आशीर्वाद लिया। इस दौरान अपने दादा लालमणि के साथ पहुंचे छात्र का माल्यार्पण के साथ मुँह मीठा कराया और लक्ष्य के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी।

# 51 लोगो ने ली अपना दल एस की सदस्यता

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। अपना दल एस को और मजबूत करने के क्रम में आज रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने क्षेत्र के 51 सदस्यों को सक्रिय सदस्य का



शपथ ग्रहण करवाया।डॉ सुनील पटेल ने कहा आगामी चुनाव में अपना दल एस की मजबूत स्थिति बनी रहे इसके लिए सक्रिय सदस्य का होना बहुत जरूरी है जिसके लिए लगातार सदस्यों को एक जुट किया जा रहा है।साथ प्रदेश सरकार के साथ मिला कर क्षेत्र में विकास कार्य इन्ही सदस्यों के सहयोग और क्षेत्र के बताए गए समस्याओं के निदान के लिए तेजी से किया जा रहा हैं।आज सदस्यता ग्रहण करने में मुख्य रूप से राजेश पटेल,जय सिंह,मुन्ना पटेल,जगदीश पटेल,सत्यम पटेल,कमलेश, श्यामबली सहित अन्य सदस्यों को रोहनिया विधायक ने पार्टी गमछा और पुष्प गुच्छ भेज कर सदस्या दिलाई।आज पिंडरा कार्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजीत पटेल, डॉ नरेंद्र पटेल, मानस सिंह,विनोद पटेल,गोविंद पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्युत उपकेंद्र हरहुआ से 3 घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

**हरहुआ वाराणसी।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01मई एवं 02 मई को सुबह 10.00बजे से दोपहर 13.00 बजे तक बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 33/11 के. वी. विद्युत उपकेंद्र हरहुआ की क्षमता वृद्धि से सम्बन्धित बसबार गैंट्री, केबलिंग का कार्य किया जाना है,जिसके कारण विद्युत उपकेंद से निर्गत 11के. वी.हरहुआ ,मोहनपुर,बड़ागांव,कोइराजपुर, अकला, अहरक,उत्कर्ष बैंक एवं साईं गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति के व्यवधान के लिए सम्मानित उपभोक्ताओं से खेद है।

उक्त कार्य सम्पादन होने के उपरांत विद्युत उपकेंद्र से बेहतर विद्युत आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी। विभागीय हित में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। उक्त आशय की जानकारी उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता हरहुआ ने दी है।

# आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

**रामेश्वर वाराणसी।।** जंसा थाना क्षेत्र के भतसार गांव निवासी क्रांति कुमार एवं साहब लाल ने पुलिस को संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि हम लोग खेत की सिंचाई कर घर वापस लौट रहे थे तभी विपक्षी सुरेंद्र पुत्र झरिहर ने फोन करके बुलाया और कहा कि आप लोगों से कुछ बात करनी है जिस पर हम दोनों भाई लगभग 1 किलोमीटर दूर विपक्षी के घर पहुंच गए जहां हम लोग कुछ समझ पाते तब तक सुरेंद्र, रामसेवक, महेंद्र, पवन, सरदार, एवं मनीष, एक राय होकर हम भाइयों को लाठी डंडे एवं लात घुसो से मारना पीटना शुरू कर दिया इसी दौरान मेरा मोबाइल भी तोड़ दिये। घटना में क्रांति कुमार को गंभीर चोटे आ गई हैं इस मामले में पुलिस ने धारा 191 (2)115(2)324(2)के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# मंडलायुक्त का उद्यमियों ने की सम्मान

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणासी । करखियाव स्थित एग्रो पार्क इंडस्ट्रियल वेलफेयर सोसायटी के उद्यमियों ने बुधवार को मंडलायुक्त एस राजलिंगम से उनके आवास पर मिलकर पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान सोसायटी के बैनर तले उद्यमियों ने एग्रो पार्क में व्याप्त समस्याओं को लेकर उनके ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान वेलफेयर सोसायटी के बृजेश गुप्ता, वी एन दुबे, संदीप तुलस्यान समेत अन्य उद्यमी रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा क्षेत्र के खेवली (चकरा) गांव के रहने वाले राम जी ने उप जिलाधिकारी राजातालाब को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव का आराजी नंबर 1220 सरकारी अभिलेखों में नाली के रूप में अंकित है। जिसको गांव के ही राजकुमार, राहुल, जय सिंह, नंदलाल, सुखई, लाल जी, छोटेलाल, राजकुमार, शिवकुमार, नाली को काटकर अपने खेत में मिल लिया जब हमने इसका विरोध किया तो उपरोक्त सभी लोग झगड़ा फसाद करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले घटना की सूचना हमारे द्वारा डायल 112 पर दी गई जिसकी जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस वापस लौट गयी।

# अक्षय तृतीया महान पर्व इसी दिन हुई थी त्रेता युग की शुरुआत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। स्वामी अड़गड़ानंद जी के शिष्य नारद जी महाराज ने जक्किनी में अपने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया एक प्रमुख दिन है। यह दिन त्रेता युग के शुभारंभ के लिए भी जाना जाता है। इसी दिन छठे अवतार भगवान परशुराम का भी जन्म हुआ था। भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को प्रत्येक जीव के कल्याण के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करना चाहिए। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि अपने दुगुर्णों को धीरे-धीरे समापन की ओर ले जाना ही मनुष्यता का उदय है। वे यहां जक्खिनी में एक प्रतिष्ठान आर्यन केंद्र का उद्घाटन करने आए हुए थे। इस दौरान विनय साधु बाबा डब्लू राय धर्मेंद्र सिंह उमेश सिंह रतन शंकर नारायण सिंह अमरेशवर नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवा केवल कार्य नहीं, यह जीवन का धर्म है: प्रिंस चौबे।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जीवन में जब संस्कारों का सामंजस्य भावनाओं में हिलोरें लेती हैं तब समाजसेवा करने की उत्कंठा जग पड़ती है।

हरहुआ विकास खंड के उदयपुर ग्राम पंचायत निवासी युवा पुरस्कार विजेता समाजसेवी प्रिंस चौबे के अंदर जगी भाव जनसेवा के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुकी है। अपनी जन्मभूमि को कर्मभूमि से सेवा का अलख जगाया जो हजारों लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाया है। प्रिंस समाज में निस्वार्थ सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रतीक के रूप में जाने लगे।

जरूरतमंदों के मसीहा बनकर प्रिंस चौबे ने अब तक हजारों बुजुर्गों, विकलांगों और निराश्रितों को वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। दर्जनों विधवा महिलाओं को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के माध्यम से आर्थिक संबल दिलवाया। शिक्षा के क्षेत्र में भी 'शिक्षा का अधिकार' के तहत अनेक गरीब बच्चों का नामांकन निजी स्कूलों में करवाया, जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिली।



मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक लाभ स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों में बीमार एवं जरूरतमंद रोगियों के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से अब तक लाखों रुपये की सहायता दिलवाई ,यही नहीं। विद्युत स्पर्शाघात से हुई मौतों पर भी उन्होंने निजी प्रयासों और अपने खर्चे से पीड़ित परिवारों को लाखों रुपये का मुआवजा दिलवाकर उन परिवारों को संकट की घड़ी में सहारा दिया।

किसानों और बेटियों के लिए भी समर्पित कार्य में सहयोग कर अग्रणी रहे हैं। चाहे नमामि गंगे योजना से जैविक उपकरण दिलवाना हो या अग्निकांड व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में मुआवजा दिलवाकर किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहकर संकटमोचक बनें।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सैकड़ों बेटियों की शादी कराना ,आपदा में राहत और जान बचाने वाले कार्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाना ,भटके अर्धविक्षिप्त को परिजन से मिलवाने में उन्होंने मानवता का परिचय दिया। मोटर दुर्घटना बीमा योजनाओं के तहत दर्जनों परिवारों को न्याय और आर्थिक सहायता दिलवाई।

युवा चिंतक युवाओं के प्रेरणास्रोत प्रिंस चौबे की जनसेवा की भावना ने उन्हें युवाओं के बीच आदर्श बना दिया है। उनके कार्यों से प्रेरित होकर क्षेत्र के अनेक युवा भी समाजसेवा से जुड़ गए हैं। प्रिंस चौबे यह मानते हैं, "समाजसेवा केवल कार्य नहीं, यह जीवन का धर्म है।"

उनकी यही सोच और कर्मठता उन्हें एक साधारण व्यक्ति से असाधारण समाजसेवी बना दिया है। जनपद ही नहीं, आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी उनका नाम विश्वास, सेवा और संघर्ष का प्रतीक बन चुका है। दुःखी जीवन मे सुख और सुखी का रंग भरने के शिल्पकार बन सबके प्रिय बन गए हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मन्दिर सरायकाजी का हुआ असेसमेंट

### 14 प्रकार के जांच,62 तरह की दवाओं संग टेलीमेडिसिन परामर्श का जनता को मिलेगा लाभ।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस किया जा रहा है। हरहुआ पीएचसी के सरायकाजी आरोग्य मन्दिर का आज बुधवार को एक्सटर्नल असेसमेंट श्रीमती शहनाज हुसैन एवं श्रीमती निर्मला नेगी द्वारा किया गया।



सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सरायकाजी श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं क्षेत्रीय एएनएम श्रीमती इंद्रकला सरोज उपस्थित होकर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार जनमानस को उनके घर के पास ही आरोग्य मंदिर पर सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मानक के अनुसार दिया जाए। तथा मरीज का टेली कंसल्टेशन के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा की सलाह से उनके घर के पास ही दवा उपलब्ध कराने की सुविधा होगी।

असेसमेंट के समय ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधक बसंत लाल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय आशा शारदा द्विवेदी, आरती, आशा संगिनी तारा देवी क्षेत्रीय एएनएम किरणलता, विद्यावती देवी, सपना श्रीवास्तव, राजकुमारी, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशीष भारद्वाज, स्वागत पटेल, शशिकांत, शालिनी सिंह उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**समाज जागरण ओंकार**

दानगंज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर में बुद्धवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा 2025 में विद्यालय के शीर्ष मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में उक्त कालेज के इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर 80% अंकों के साथ गरिमा, 77.8%अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर नेहावर्मा तथा 77.2%अंकों के साथ तृतीय स्थान पर शिक्षा सिंह रहीं। हाई स्कूल में 88% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर अंशिका यादव, 85.34% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर सेजल बानो और 81.67% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर आसिया बानो रहीं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने पर समिति के सदस्यों ने सभी शिक्षिकाओं को बधाई दीं। सभी मेधावियों को विद्यालय प्रबंध एवं अभिभावकों व विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया।



समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह द्वारा विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या तथा विद्यालय विकास हेतु भावी कार्य योजनाओं को भी समिति के सदस्यों व अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं द्वारा उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रगति आख्या से खुश होकर कई अभिभावकों ने नामांकन वृद्धि तथा गरीब छात्राओं को शिक्षित कराने में विद्यालय में अपना सहयोग प्रदान करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन रंजना दूबे के द्वारा किया गया। सभी अभिभावकगण को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका "उड़ान हौसलों की" भी वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ.अनीता गिरि, सरिता कुशवाहा, चंद्रिका, नंदिता यादव, अंजू यादव, आरती कुमारी, डॉ. रीता राय, रंजना दूबे, डॉ. विशालाक्षी देवी, अर्चना चौबे, अनुरमा शास्त्री, प्रशस्ति मिश्रा, अनामिका, वंदना प्रमुख रुप से उपस्थित रहीं।

# प्रदेश में न्यायिक प्रणाली से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर योगी सरकार का फोकस

लखनऊ, 30 अप्रैल। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में न्यायिक प्रणाली से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष तौर पर फोकस कर रही है। प्रदेश में विभिन्न जिलों में पुराने-जर्जर कोर्ट परिसरों तथा जजों के रिहाइशी भवनों का भविष्य की जरूरतों के अनुसार कायाकल्प, नवनिर्माण व विकास का कार्य जारी है। इसी क्रम में, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के जजों के लिए गोमतीनगर स्थित हनीमैन क्रॉसिंग से समीप 25 रिहाइशी भवन तथा प्रयागराज में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जजों के लिए क्लाइव रोड के प्लॉट नंबर-19 पर 14 बंगलों के निर्माण व विकास की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए 143 करोड़ रुपए की लागत आएगी तथा 18 महीने की समयावधि में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस विषय में नियोजन विभाग के टेक्निकल सेल द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके आधार पर निर्माण व विकास कार्यों को प्रगति दी जा रही है। योजना के अनुसार, हाईकोर्ट के जजों के लिए लखनऊ,प्रयागराज में बन रहे रिहाइशी भवन भविष्य आधारित आधुनिक सुविधा युक्त होंगे। इनमें जजों के रिहाइशी खंडों के साथ ही गेस्ट हाउस, गार्ड रूम, वॉच टावर व डॉर्मेटरी जैसी सुविधाएं होंगी तथा परिसरों को सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम व सौर ऊर्जा चालित संयंत्र समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

### भूतल समेत एक मंजिला होगा लखनऊ में बनने वाला जजों का आवास

नियोजन विभाग के टेक्निकल सेल द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, लखनऊ बेंच के जजों के लिए गोमतीनगर स्थित हनीमैन क्रॉसिंग के समीप 25 रिहाइशी भवन तैयार किए जाएंगे। यह भूतल समेत एक मंजिला परिसर होगा और इसे विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। परिसर में इन रिहाइशी भवनों के साथ ही भूतल समेत 2 मंजिला गेस्ट हाउस का निर्माण होगा। साथ ही, 2 डॉर्मेटरी, 3 सिक्योरिटी डॉर्मेटरी, 3 गार्ड रूम, 4 वॉच टावर, पंप रूम, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, डीजी सेट, सीसीटीवी सिस्टम, लिफ्ट, सीसी रोड, पार्किंग, डिवाइडर, ग्रीनरी बेल्ट, सोलर फोटोवोल्टिक पावर प्लांट तथा बाउंड्री वॉल समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का निर्माण व विकास होगा।

### ईपीसी मोड पर 18 महीने की कार्यावधि में होगा निर्माण

इसी प्रकार, प्रयागराज में बनने वाले जजों के 14 रिहाइशी बंगलों के साथ ही परिसर में एक डॉर्मेटरी, मल्टीपर्पज फैसिलिटी रूम, वॉच टावर, पंप रूम, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, डीजी सेट, सीसीटीवी सिस्टम, लिफ्ट, सीसी रोड, पार्किंग, डिवाइडर, ग्रीनरी बेल्ट, सोलर फोटोवोल्टिक पावर प्लांट तथा बाउंड्री वॉल समेत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके लिए 18 महीने की समयावधि निर्धारित है और इन्हें ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा।

### प्रदेशभर में जारी है न्यायिक प्रणाली से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की प्रक्रिया

योगी सरकार द्वारा प्रदेश के विभन्न जिलों में न्यायिक परिसर के विकास व निर्माण से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाएं जारी है। इसमें अलीगढ़, जौनपुर (फैमिली कोर्ट निर्माण), ललितपुर के तहसील तालबेहट, गोरखपुर, गाजीपुर, श्रावस्ती, कासगंज, अमेठी, शामली, हाथरस, औरैया, चन्दौली, महोबा, कासगंज, मुरादाबाद, आगरा, बलिया व इटावा प्रमुख हैं।

# समाज मे स्वास्थ्य, शिक्षा,कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता का कार्य करें

### स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसी भी समाज के पैमाने में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की उसकी सशक्त पहचान है। विद्यार्थी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति समाज मे जागरूकता लाने का दायित्व निभाएं।

उक्त बातें हरहुआ सभागार में समाज कार्य विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के द्वारा आयोजित एम०एस०डब्ल्यू० के विद्यार्थियों के तीन दिवसीय समापन अवसर पर बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने व्यक्त की।

पीएचसी हरहुआ के आरबीएसके के नोडल प्रभारी डॉ0 जावेद ने क्षय रोग रोकथाम एवं उसके उपचार के बारे मे जानकारी दी।



अंजनी श्रीवास्तव ने जल ही जीवन है इसके महत्व व संरक्षण पर जागरूक किया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवि सिंह,एडीओ रविप्रकाश सिंह ने सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

संयोजक डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह एवं प्रो0 भावना वर्मा ने ग्रामीण शिविर के उपलब्धता एवं व्यवहारों मे कैसे लाया जाय उसके बारे मे अवगत कराया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 शैला परवीन ने दिया। ग्रामीण शिविर मे प्रो0 एम०एम० वर्मा, प्रो0 निमिषा गुप्ता, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 संदीप गिरि एवं डॉ0 भारती कुरील उपस्थित रही।

# प्रेरणा मार्ट से समूह की दीदियाँ होंगी सशक्त, बनेंगी आत्मनिर्भर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अक्षय तृतीया पर्व पर सीडीओ हिमांशु नागपाल के आदेश पर चार काशी प्रेरणा मार्ट का शुभारम्भ बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने किया।



एनआरएलएम के तहत गठित समूह की दीदीयों के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद अब काशी प्रेरणा मार्ट के माध्यम से बिकेंगे।

उद्घाटन के दौरान अपने उद्बोधन में खंड विकास अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी के इस पहल से महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में वृद्धि होगी'

आज विकासखंड में लक्ष्य महिला संकुल समिति पल्लहीपट्टी ,आदिशक्ति संकुल समिति गोसाईपुर मोहांव, प्रतिष्ठा महिला संकुल समिति भेलखा, समृद्ध महिला संकुल समिति सभईपुर में काशी प्रेरणा मार्ट का उद्घाटन हुआ।

उद्घाटन के दौरान सहायक विकास अधिकारी आईएसबी रवि प्रकाश सिंह अवर अभियंता लघु सिंचाई धर्मेंद्र कुमार सहित समूह की महिलाएं बिंदु मौर्य ,अनुप्रिया पटेल ,लक्ष्मी वर्मा एवं सीमा विश्वकर्मा सहित प्रत्येक संकुल समिति पर दर्जनों समूह की दीदियां उपस्थिति रही।

# जनजातीय नृत्य को विलुप्त होने से बचाने के लिए ऐसे कार्यशालाओं का आयोजन होना जरूरी है।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति कला संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग), उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिनांक 21 से 30 अप्रैल तक दस दिवसीय जनजातीय नृत्य कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि-अनील कुमार चैरसिया, समाज कल्याण विभाग, वाराणसी के पर्यवेक्षक द्वारा आदिवासी महानायक बिरसा मुण्डा जी के मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।



मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग आदि सहयोग से जनपद के जनजाति नृत्य के संरक्षण के क्रम में आयोजित कार्यशाला से विलुप्त हो रही नृत्य-गीत को पुनः जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होने कहा कि जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी के द्वारा निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम वं जनजाति संस्कृति के विकास हेतु दिन रात किये जा रहे कार्य के लिए संस्थान को तथा संस्थान के समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद करता हूँ कि इनके द्वारा पिछड़े गरीब एवं निर्धन समाज को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान महेन्द्र प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में जनजाति समाज के संस्कृति को बचाने की बहुज जरूरत है, क्योंकि की आधुनिकता का प्रभाव तेजी से होते जा रहा है। जिसके साथ ही उन्होने कहा कि आदिवासी जनजाति समाज के विकास एवं संरक्षण में कार्य हेतु इस संस्थान की कितनी भी प्रशंसा किया जाए कम है।

संस्थान के सचिव बृजभान मरावी ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला का आयोजिन भविष्य में पुनः आयोजित किया जाएगा जिससे गोंड समाज के दुर्लभ नृत्य-गीत को भॉवी पिढ़ी तक पहुचाया जा सके। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने 10 दिन में सिखे गये नृत्य की प्रर्दशनी भी किया। उक्त कार्यशाला में कुल 35 छात्र-छात्राएं एवं युवक प्रतिभाग किये। कार्यशाला के प्रशिक्षण विनोद कुमार, सहायक बलिराम, रवि कुमार गौतम एवं रमेश कुमार के साथ ही श्रीकांन्त उरांव, अमरनाथ, सूरज कुमार गोंड, शुशिला पटेल, पूजा, प्रियंका आदि ने दस दिन के कार्यशाला में अपना सहयोग प्रदान किया।

# 'छुट्टियां' बनकर रह गये महापुरुषों को योगी सरकार ने दिलाया मान और सम्मान

लखनऊ, 30 अप्रैल। सन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ देश अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से पंचप्रण का आह्वान भी किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों की सिद्धि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण-प्रण से जुटे हुए हैं। केंद्र की तमाम योजनाओं में यूपी जहां नंबर एक पायदान पर है, वहीं पीएम के पंचप्रण में शामिल 'महापुरुषों के सम्मान' के लिए भी योगी सरकार संकल्पबद्ध है। इसकी झलक प्रदेश की तमाम योजनाओं में उन भूले और बिसार दिये गये महापुरुषों के नामकरण के साथ मिलती है। प्रदेश में 10 ऐसी योजनाएं हैं, जिन्हें उन राष्ट्रनायकों के नाम पर रखा गया है, जिनके प्रभाव और प्रेरक शक्ति की पिछली सरकारों ने उपेक्षा की थी। पिछली सपा-बसपा सरकारों के दौरान जाति के आधार पर महापुरुषों का चयन करके न केवल खुलेआम वोट बैंक की राजनीति की जाती थी, बल्कि महापुरुषों को महज 'छुट्टियां' बनाकर छोड़ दिया गया था। न तो स्कूली बच्चों को और न सरकारी कर्मचारियों को इन महापुरुषों से प्रेरणा ही मिल पाती थी। योगी आदित्यनाथ ने इस कार्य संस्कृति को बदलने का कार्य किया है।

### पिछली सरकारों में 'छुट्टियां' बनकर रह गये थे महापुरुष

प्रदेश की पिछली सपा-बसपा की सरकारों में महापुरुषों को महज छुट्टियों तक ही सीमित करके रख दिया गया है। हर पार्टी अपने जाति-समाज से जुड़े महापुरुषों को वोट बैंक के रूप में चिह्नित करके संकीर्ण राजनीति करती दिखती थीं। जिस जाति का नेता उस जाति का महापुरुष बनाने का चलन काफी पहले से चल रहा है। यही नहीं उनके नामपर केवल सरकारी अवकाश करके कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती थी। सपा-बसपा सरकारों ने वोट बैंक के चक्कर में केवल प्रदेश में अवकाशों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। सरकारी स्कूलों के बच्चों को ये तक पता नहीं होता था कि जिनके नामपर उन्हें छुट्टी दी जा रही है, उन्होंने देश और समाज के लिए क्या किया है। हालात यहां तक हो गये थे कि स्कूलों में गर्मियों और सर्दियों की छुट्टियों को भी इसमें मिला दें तो साल के 365 दिन में से करीब ढाई सौ दिन छुट्टियों के ही होते थे, ऐसे में सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन की हालत क्या थी, किसी से छिपा नहीं है। वहीं सरकारी कर्मचारियों को भी करीब-करीब 190 दिन का अवकाश मिल जाया करता था। यही वजह है कि सरकारी कार्यालयों में फाइलें लंबे समय तक लंबित पड़ी होती थीं। जिन महापुरुषों से बच्चों को प्रेरित किया जाना चाहिए था, उनके नामपर छुट्टियां करके वोट बैंक की राजनीति खुलेआम चला करती थी। योगी सरकार ने महापुरुषों के नामपर सरकारी छुट्टियों में कटौती करते हुए उस विशेष दिन पर स्कूलों और कार्यालयों में महापुरुषों के प्रेरक प्रसंगों पर आधारित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का कार्य किया। जिससे उनके संघर्षों से नौनिहालों और सरकारी कार्यालयों में कार्य कर रही नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके।

### माता शबरी और पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर का सम्मान

योगी सरकार ने त्रेतायुगीन माता शबरी के नामपर उत्तर प्रदेश की प्रत्येक कृषि मंडियों में कैंटीन और विश्रामालय की योजना का नामकरण किया है। माता शबरी भील समाज की थीं, जिन्हें रामायण काल में श्रीराम की परम भक्त के रूप में पहचाना जाता है। वहीं मध्यकाल में इस्लामिक हमलावरों द्वारा उत्तर भारत के मंदिरों के विध्वंस के बाद ऐसे धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार कराने वाली पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर प्रदेश के सात जिलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमजीवी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण की मंजूरी देकर न केवल मातृशक्ति का सम्मान किया बल्कि वर्तमान में श्रमजीवी महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है।

### टेक्स्टाइल से लेकर लेदर पार्क तक भक्तिकाल के संतों का किया सम्मान

प्रदेश में हस्तशिल्प और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने में जुटी योगी सरकार ने टेक्सटाइल पार्क से लेकर लेदर पार्क तक के नामकरण भक्तिकाल के संतों के नाम पर करने का कार्य किया है। इनमें निर्गुण भक्ति धारा के ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि संत कबीरदास के नाम पर टेक्सटाइल पार्कों का नामकरण किया गया है।

# सुखबीर सिंह बादल को कनाडा चुनावों में लिबरल पार्टी की बंपर जीत से सीख लेनी चाहिए और तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए: करनैल सिंह पीरमोहम्मद

## अकाली दल को भी मार्क कार्नी जैसे मजबूत अकाली नेता की सख्त जरूरत है - पीरमोहम्मद

पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख दैनिक समाज जागरण

जैतो, 30 अप्रैल : शिरोमणि अकाली दल के पूर्व महासचिव एवं प्रवक्ता श्री करनैल सिंह पीरमोहम्मद ने एक बार फिर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष श्री सुखबीर सिंह बादल को नेक सलाह देते हुए कहा है कि जिस प्रकार कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने समय की नजाकत को समझते हुए पार्टी और देश हित में त्यागपत्र देकर त्याग की भावना का परिचय दिया और अपनी लिबरल पार्टी को चौथी बार जीत दिलाई, उसी प्रकार श्री सुखबीर सिंह बादल को भी त्याग की भावना से पंजाब की क्षेत्रीय पार्टी शिरोमणि अकाली दल से तुरंत त्यागपत्र देकर 2027 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल की सरकार की नींव रखनी चाहिए और पंथक पार्टी के उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। श्री करनैल



सिंह पीरमोहम्मद ने कहा कि जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा के चुनावों में लिबरल पार्टी का फिर से उभरना अकाली दल के लिए एक बड़ा सबक है कि अगर किसी नेता से पार्टी को नुकसान पहुंचता है तो नेता बदलने से पार्टी फिर से सतह पर आ सकती है। उन्होंने कहा कि

छह सप्ताह पहले नए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की नियुक्ति के साथ लिबरल पार्टी ने एक बार फिर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। श्री करनैल सिंह पीरमोहम्मद ने 2025 के कनाडाई संसदीय चुनावों में चुने गए 22 पंजाबी सांसदों को बधाई दी: अनीता आनंद, बरदीश चग्गर, रूबी सहोता, मनिंदर सिद्धू, अमनदीप सोढ़ी, सुख धालीवाल, रणदीप सराय, अंजू ढिल्लों, इकविंदर सिंह गहिर, जसराज हल्लन, दलविंदर गिल, अमनप्रीत गिल, अर्पण खन्ना, टिम उप्पल, परम गिल, अमर सिंह गिल, अमर सिंह मेहराज, हरजीत सिंह गिल, सुखदीप कंग। गुरबख्श सैनी और परम बैंस!!आपकी जीत दुनिया भर में पंजाबी प्रवासियों के लिए बहुत गर्व की बात है, जो हमारे देश की ताकत, विशिष्टता और नेतृत्व को दशार्ती है।

# शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

## प्रिंसिपल सरबजीत सिंह ने छात्रों को दी मई दिवस की विस्तार से जानकारी

मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो

जैतो,30 अप्रैलः क्षेत्र की नामवर शिक्षा संस्था शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में हर साल 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस भव्य तरीके से मनाया जाता है। मजदूर दिवस उन लोगों का दिन है, जिन्होंने अपनी खून पसीने की कमाई से देश और दुनिया के विकास में अहम भूमिका निभाई है। किसी भी देश, समाज, संगठन में श्रमिकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका




होती है।स्कूल में प्रातःकालीन सभा में छात्र-छात्राओं द्वारा मजदूर दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने नाटक, कविताएँ, भाषण आदि प्रस्तुत किए। स्कूल में नाटकों की प्रतियोगिता में जेहलम हाउस पहले व्यास हाउस दूसरे और रावी और सतलुज हाउस तीसरे स्थान पर रहे ।स्कूल में ऐसी गतिविधियाँ करने का उद्देश्य छात्रों को यह अवगत कराना है कि किसी भी देश की प्रगति उस देश के श्रमिक वर्ग पर निर्भर करती है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सरबजीत सिंह ने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि ।मजदूर दिवस दुनिया के 80 से अधिक देशों में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व में हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस* के रूप में मनाया जाता है, जो देश के श्रमिकों-कारगरों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमें हर वर्ग का सम्मान करना चाहिए , जो हमारे साथ काम करते हैं हर वर्ग की अपनी एक खास अहमियत होती है स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्कूल में काम करने वाले कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया ।विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी कुमार गर्ग, अशोक गर्ग ,जगमेल सिंह, गौरव गर्ग व दीपी गर्ग ने विद्यार्थियों द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने स्कूल में काम करने कर्मचारियों और श्रमिकों का सम्मान करने का संदेश दिया।

# शिरोमणि कमेटी ने मनाया सरदार हरि सिंह नलवा शहीदी दिवस

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख

पंजाब/जैतो, 30 अप्रैल (रघुनंदन पराशर): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के दीवान हॉल में सिख जनरल सरदार हरि सिंह नलवा का शहीदी दिवस मनाया। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग



के बाद सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के हजूरी रागी भाई गुरजिंदर सिंह के जत्थे ने गुरबानी कीर्तन किया और भाई गुरचरण सिंह ने अरदास की। इस दौरान गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के कथावाचक भाई विशाल सिंह ने संगत को सरदार हरि सिंह नलवा के जीवन चरित्र से जोड़ा। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के महान सेनापति सरदार हरि सिंह नलवा ने अपनी बहादुरी से दुनिया को अपना लोहा मनवाया और खैबर दर्रे तक विजय हासिल की। उन्होंने कहा कि सिख राज्य की स्थापना में सरदार हरि सिंह नलवा का विशेष योगदान था। उन्होंने उन्हें सिख जनरल के जीवन से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ढाडी व कविशर जत्थों ने गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के दीवान हॉल में श्रद्धालुओं के लिए गुरु जस सर्वण (प्रशंसा प्रार्थना) का आयोजन किया।इस अवसर पर श्री दरबार साहिब के मैनेजर सतनाम सिंह रियाड, इंचार्ज प्रजिंदर सिंह, अतिरिक्त मैनेजर. निशान सिंह जफरवाल, जसपाल सिंह ढड्डे, गुरतिंदरपाल सिंह, अजय सिंह, प्रचारक भाई तरसेम सिंह आदि उपस्थित थे।सरदार हरि सिंह नलवा के शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में आयोजित गुरमत समागम के दौरान अरदास में भाग लेते श्रद्धालु।

### 880 टन और गिनती: भारत के पास दुनिया का 7वां सबसे बड़ा भंडार होने के बावजूद फ्इक सोना क्यों खरीदता रहता है

अक्षय तृतीया है, जिसे पारंपरिक रूप से सोना खरीदने के लिए शुभ दिन माना जाता है। लेकिन व्यक्तिगत खरीद से परे, सोना वैश्विक आर्थिक रणनीति में प्रमुखता प्राप्त कर रहा है - विशेष रूप से अनिश्चित समय के दौरान स्थिरता की तलाश करने वाले केंद्रीय बैंकों के बीच।

वैश्विक आर्थिक झटकों के बीच - कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी व्यापार संघर्षों तक - सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। प्रतिक्रिया में, दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीद बढ़ा दी है, पीली धातु को एक सुरक्षित-संपत्ति के रूप में माना है।

# जसवीर सिंह गढ़ी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना से मुलाकात की

रघुनंदन पराशर जैतो

जैतो, 30 अप्रैल :- पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने आज चंडीगढ़ दौरे पर आए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन किशोर मकवाना से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जसवीर सिंह गढ़ी ने किशोर मकवाना को पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। श्री गढ़ी ने श्री मकवाना से अपील की कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा देश के विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति आयोगों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए ई-गवर्नेंस के माध्यम से एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए, ताकि अनुसूचित जाति के लोगों के कल्याण के लिए



राष्ट्रीय आयोग द्वारा लिए गए निर्णयों से मार्गदर्शन लेकर समान मामलों में शीघ्र निर्णय लिए जा सकें।श्री गढ़ी ने कहा कि कई बार अनुसूचित जाति के लोग न्याय पाने के लिए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के साथ-साथ राष्ट्रीय आयोग में भी अपील दायर करते हैं। राष्ट्रीय आयोग को भी ऐसे मामलों से संयुक्त रूप से निपटने तथा आयोग के कामकाज में एकरूपता लाने के लिए पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर श्री गढ़ी ने देश के अन्य राज्यों में अनुसूचित जाति के लोगों पर हो रहे अत्याचारों का मुद्दा भी उठाया तथा श्री मकवाना से अनुरोध किया कि वे अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करने के लिए केन्द्र सरकार को आदेश जारी करें।

# भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी : राज कुमार शर्मा

रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख

जैतो,30 अप्रैल : स्थानीय चौधरी चिरंजी लाल की धर्मशाला में सुशील कुमार शर्मा के नेतृत्व में भगवान परशुराम जन्मोत्सव सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान राम गोपाल शर्मा ने भगवान परशुराम और श्री गायत्री माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्जवलित



कर किया। इस अवसर पर कलश पूजन श्री ब्राह्मण विकास मंच के संरक्षक राज कुमार शर्मा ने करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। युवाओं को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज तथा देश हित में कार्य करने चाहिए।

उपरोक्त कार्य को सफल बनाने में अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा, संरक्षक ब्राह्मण विकास मंच राज कुमार शर्मा, विश्वबंधु शर्मा, राजेश शर्मा, महेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, शर्मा टेंट हाउस, संजय शर्मा , मूकट बिहारी शर्मा, मंगत राम शर्मा, नवल सिंगला मेनिया, विपन शर्मा, शनटी शर्मा, सुरिंदर गर्ग का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट उमाशंकर शर्मा, रामा-कृष्ण ड्रामाटिक क्लब के अध्यक्ष माणक शाह, नगर परिषद यूनियन के अध्यक्ष सोनू शर्मा तथा युवा क्लब के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा को उनके सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव सम्मेलन की झलक।

# जनता दरबार मे एस ई ने सुनी आमजन की समस्या मौक पर किया समाधान

कालांवाली 30 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) बिजली विभाग की और से सब डिविजन कालांवाली में उपभोक्ताओं की समस्याओ का समाधान करने के लिए जनता दरबार लगाया गया। जिसमे बिजली विभाग की और से एस ई राजेन्द्र सभ्रवाल ने आमजन की समस्याओं को सुना। उपभोक्ता महिला ने बताया कि मैं परिवार में अकली रही रह गई हूँ। परिवार मे आमदन का को



साधन नही हैं, जिसके कारण मैं बिजली का बिल नही भर पाई जिसके कारण मेरा बिजली का मीटर का कैन्क्शन काट दिया गया और मीटर जमा हो गया। मेरे परिवार मे मृत्यु होने के कारखाना मैं बिल नही भर पाई। मै अपनी फरियाद लेकर साहब के पास आई हूँ। मेरा कैन्क्शन लगाया जाऐ। कई उपभोक्ताओ ने बताया कि कुछ महिनों से हमारा बिजली का बिल ही नही पहुंचा, तो किसने कहा कि मेरा बिल गतल बना दिया और कोई सुनवाई नही। कुछ के नऐ कैनक्शन के लिए फाईल दि जो कि कार्यलय मे गुम हो गई। बंटी अरोड़ा ने मीडिया को जानकारी दि कि उन्होंने बिजली कैन्क्शन के लिए फाईल दि कुछ महिनों तक कोई संज्ञान नही लिया गया। जब इस बारे मे कार्यलय मे पूछपड़ताल कि तो बताया गया कि आपकी फाईन रद्ध हो गई है। इसकी हमें कोई जानकारी नही दि और ना ही ऑनलाईन रद्ध होने की जानकारी है। इस पर एस ई राजेन्द्र सभ्रबाल ने तुरंत कार्यवाही करते हुऐ फाईल मंगवाने के लिए आदेश दिऐ और कर्मचारीयों के सख्त शब्दों मे कहा कि अपना कार्य सही तौर पर करें। एसडीओ विक्रमजीत कम्बोज को फटकार लगाते हुऐ कहा कि आप स्टाफ से कार्य क्यों नही करवाते स्टाफ कम है तो बाताऐ। सभी कर्मचारी अपने कार्य को जिम्मेवारी के साथ करें, अन्यथा परेशानी उत्पन्न हो जाऐगी। एस ई राजेन्द्र सभ्रवाल ने बताया कि हमारे पास 30 के लगभग शिकायतें आई है ' जिसका हमने मौके पर ही समाधन कर दिया है' बिजली की सप्लाई भी 24 घंटे देने का हमारा प्रयास रहेगा। 33केवी चोरमार खेड़ा से सप्लाई आ रही है। तकनीक खराबी होने से उसका भी जल्दी समाधान कर दिया जाऐगा। सब डिविजन कालांवाली मे एक वाहन है। रोड़ी व कालांवाली मे समय के अनुसार सप्ताह मे कुछ दिन रोड़ी व कालांवाली मे दिनो के अनुसार सही कर दिया जाऐगा और उपकरण कम है उन्हें भी पूरा कर दिया जाऐगा। इस अवसर पर एक्सईन अनुज कुमार एसडीओ विक्रमजीत कालांवालीए एसडीओ रवि कुमार रोड़ी, जेई कशमीर, रीडर नवीन कुमार, सुरेश कुमार सीए लवली गर्ग आदि मौजुद रहे।

# भगवान परशुराम के जन्मउत्सव पर पानी और पर्यावरण संरक्षण की अपील

**: भगवान को जाति धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए: श्री महंत**

**: भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर पंचामृत स्नान और महाआरती का आयोजन**

दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र जावला बहल

बहल-भिवानी, 30 अप्रैल। दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत सोमवार को महम गेट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की आदमकद प्रतिमा को पंचामृत और गंगाजल से स्नान कराकर की गई। इस दौरान भगवान को नवीन वस्त्र और जनेऊ धारण करवाया गया। दूसरे दिन भी भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव प्रेरणा और संकल्प के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज व ब्राह्मण समाज के प्रति निधियों ने भगवान को पुष्प माला अर्पित की और नशे जैसी बुराई व काम, क्रोध, लोभ और लालच से दूर रहने का संकल्प लिया।

यह आयोजन सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरि आश्रम के श्री महंत डॉ. अशोकगिरि महाराज, उनके शिष्यों और वेदपाठी पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के



बीच सम्पन्न हुआ। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से मनाया। स्नान और वस्त्र धारण के बाद मंदिर परिसर में महाआरती और स्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर श्री महंत डॉ. अशोकगिरि महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान किसी एक जाति या धर्म के नहीं होते, बल्कि वे संपूर्ण समाज के लिए पूजनीय होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें देवी-देवताओं को जाति और धर्म की सीमाओं में नहीं बांधना चाहिए, बल्कि उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का धरती पर अवतरण अधर्म और अन्याय के विनाश के लिए हुआ था। उन्होंने बुराइयों को समाप्त कर एक आदर्श समाज की स्थापना की थी। आज के समय में भी उनके सिद्धांत और जीवन मूल्य हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समरसता और सद्भाव फैलाने का कार्य करना चाहिए। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का समापन भव्य महाआरती और भजन-कीर्तन के साथ हुआ।

इस अवसर पर शिक्षा विद सुनील शास्त्री व राष्टीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने भी भगवान प्रसाद परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन त्यागमई एवं आज्ञाकारी जीवन रहा है । उन्होंने गौ मां की रक्षा के लिए हर वर्ग को संदेश दिया कि हमें गऊ की रक्षा के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। वही इस अवसर पर उन्होंने पानी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अपील की ।

इस अवसर पर मंदिर परिसर से जुड़े हैं सुनील शास्त्री, संजय शर्मा, पार्षद अंकुर कौशिक, पंडित बसंत शर्मा, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, विनोद कुमार, मनोज कुमार, अमरनाथ , अशोक शर्मा, कार्तिक शर्मा, हितेश शर्मा, रुद्र शर्मा अनेक गणमान्य व्यक्ति भगवान परशुराम जन्मोत्सव में शामिल रहे।

# भारत-नेपाल सीमा से लगे जिलों में अवैध मदरसों और अतिक्रमणों पर प्रशासन का सख्त एक्शन जारी

## योगी सरकार का बड़ा अभियान जारी, सीमावर्ती इलाकों में अवैध निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई तेज, मदरसों की जांच में कई गड़बड़ियां उजागर

लखनऊ, 30 अप्रैलः भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक स्तर पर अवैध मदरसों, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। योगी सरकार के निर्देश पर सीमावर्ती इलाकों में राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों ने कई स्थानों पर छापेमारी कर अवैध कब्जों को चिन्हित किया है और विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बिना मान्यता और मानक विहीन रूप से संचालित मदरसों को सील किया जा रहा है तथा सरकारी भूमि पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया जा रहा है। अब तक सैकड़ों अवैध निमार्णों पर कार्रवाई की जा चुकी है और यह अभियान लगातार जारी है। जनपद श्रावस्ती में बुधवार को चार मदरसों को सील किया गया जो अवैध एवं बिना मान्यता के चल रहे थे। वहीं, नेपाल बॉर्डर के 15 किलोमीटर के दायरे में अस्थायी और स्थायी अवैध अतिक्रमण को भी विधि सम्मत ध्वस्त किया गया। इस तरह, अब तक 36 अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है। जबकि, कुल 131 अवैध अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया जा चुका है। ग्राम भरथा, रोशनगढ़, परगना व तहसील भिनगा में स्थित मस्जिद सरकारी भूमि पर निर्मित थी, जिसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

जनपद पीलीभीत में नेपाल सीमा से 10 किलोमीटर के अंदर सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। उपर जिलाधिकारी (पीलीभीत) एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया जिसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई।

जनपद महाराजगंज की नौतनवा तहसील में अब तक 13 अवैध मदरसे व मस्जिदों पर कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं, निचलौल तहसील में 6 और फरेंदा में 14 अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई।

जनपद लखीमपुर खीरी में भारत-नेपाल सीमा पर दो तहसीलें निघासन और पलिया जुड़ती हैं। तहसील पलिया में कृष्णानगर व चंदन चौकी में क्रमशः अवैध मस्जिद व ईदगाह पर राजस्व व पुलिस की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

जनपद बलरामपुर में एक मदरसे पर से कब्जे को हटा लिया गया है वहीं, 5 को नोटिस दिया गया है। जबकि, 2 मजारों पर से अवैध कब्जा हटा लिया गया है और 5 को नोटिस दिया गया है। कुल 13 अवैध अतिक्रमण चिह्नित किए गए और 3 पर कार्रवाई की गई। एक स्थान पर ईदगाह बनी हुई है जिस पर कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण में अब तक कुल 20 मदरसे मानक विहीन पाए गए तथा निर्धारित पाठ्यक्रम भी संचालित नहीं किया गया था। इन सभी मदरसों को बंद करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 2 मदरसों को एक सप्ताह का समय दिए जाने के बावजूद अभिलेख प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिया गया है।

जनपद बहराइच में बुधवार को तहसील नानपारा में तथा तहसील मिहींपुरवा में बुधवार को 5-5 अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। इस तरह, अब तक कुल 127 अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। बुधवार को ही अल्पसंख्यक अधिकारी बहराइच की आख्या के आधार पर एक मदरसे को सीज किया गया। इससे पूर्व, 5 अन्य मदरसों को भी सीज किया जा चुका है।

जनपद सिद्धार्थनगर में बुधवार को एक अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। जनपद में अब तक कुल 17 अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। इसमें 3 मस्जिद और 4 मदरसे शामिल हैं।

# मवेशी पालक के बाड़े में अचानक से संदिग्ध परिस्थितियों में आग की लपटे धधक उठी और बाड़े में बंधी एक बकरी व चार बकरी के बच्चों की जल जाने से मौत

## दो बकरियां गंभीर रूप से झुलस कर हुई घायल

दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )

बहल, 30 अप्रैल। मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 11 बजे गांव बिधनोई में एक मवेशी पालक के बाड़े में अचानक से संदिग्ध परिस्थितियों में आग की लपटे धधक उठी और बाड़े में बंधी एक बकरी व चार बकरी के बच्चों की जल जाने से मौत हो गई। जबकि दो बकरियां गंभीर रूप से झुलस गई। जिनका इलाज किया जा रहा है। गांव के चौकीदार राकेश व मवेशी पालक रामकिशन नायक के बेटे कुलदीप ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे बकरियों के मिमाने की आवाज आई तो रामकिशन व परिवार वालों ने उठकर देखा, तो बकरियों के बाड़े में आग की लपटे उठ रही थी। रामकिशन ने पड़ोसियों को मदद को आवाज लगाई। जब तक पड़ोसियों उठकर रामकिशन के घर तक पहुंचे आग ने मवेशियों के बाड़े को पूरी तरह से घेर लिया था। तब तक रामकिशन की पांच बकरी व उनके बच्चे आग की लपटों की भेंट चढ़ चुके थे। समाचार लिखे जाने तक आज में तुलसी दो बकरियों की हालत गंभीर बनी हुई है और पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि इसकी सूचना चैहड़ कलां पुलिस चौकी को दे दी गई है और आग लगने के कारणों को तलाशा जा रहा है। रामकिशन ने मवेशियों की क्षतिपूर्ति के लिए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# 'पानी चाहिए, पानी ?' भाजपा सांसद पीसी मोहन ने सिंधु नदी संधि के निलंबन के बाद पाकिस्तान की चिनाब नदी के सूखने की तस्वीरें साझा कीं

दैनिक समाज जागरण

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के कथित समर्थन के जवाब में भारत द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को आधिकारिक रूप से निलंबित करने के कुछ दिनों बाद, बेंगलुरु सेंट्रल से भाजपा सांसद पीसी मोहन ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि भारत की कार्रवाई का जमीन पर असर दिखने लगा है।

उन्होंने उपग्रह से ली गई तस्वीरें साझा कीं, जिनमें कथित तौर पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शहर सियालकोट के पास चिनाब नदी के जलस्तर में गिरावट दिखाई दे रही है। भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने से पाकिस्तान में सियालकोट के पास चिनाब नदी सूख रही है। पानी चाहिए, पानी? मोहन ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए लिखा।

भारत ने पिछले हफ़्ते 1960 की सिंधु जल संधि (आ-ईडब्ल्यूटी) को निलंबित कर दिया था। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता



में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ मंत्रियों ने भाग लिया।

यह कदम पाकिस्तान के प्रति भारत के कूटनीतिक रुख में उल्लेखनीय वृद्धि को दशार्ता है, जो जल-बंटवारे की व्यवस्था को सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं से जोड़ता है। यह निलंबन तब तक प्रभावी रहेगा जब तक पाकिस्तान ह्वविश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप सेह्व आतंकवाद का समर्थन करना बंद नहीं कर देता और एकीकृत अटारी चेक पोस्ट को बंद नहीं कर देता - जो दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच एक प्रमुख भूमि व्यापार और यात्रा मार्ग है।

सिंधु जल संधि, जिसे 1960 में विश्व बैंक द्वारा मध्यस्थता की गई थी, भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों के जल के बंटवारे को नियंत्रित करती है। संधि के तहत, भारत का पूर्वी नदियों- रावी, ब्यास और सतलुज पर नियंत्रण है, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों- सिंधु, झेलम और चिनाब पर अधिकार दिया गया है। इस ढांचे से किसी भी तरह का विचलन व्यापक भू-राजनीतिक, पारिस्थितिक और मानवीय परिणामों को जन्म दे सकता है, खासकर पाकिस्तान में निचले इलाकों की आबादी के लिए।

केंद्र के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस कदम का स्वागत किया और कहा कि यह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। मीडिया से बात करते हुए अब्दुल्ला ने संधि के प्रति अपने लंबे समय से चले आ रहे विरोध को दोहराया और इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए "सबसे अनुचित दस्तावेज" बताया। उन्होंने कहा, "जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं।"

संधि में बदलाव या उसे निलंबित करने से अंतरराष्ट्रीय कानूनी जांच शुरू हो सकती है और संभवतः विश्व बैंक या संयुक्त राष्ट्र भी इसमें शामिल हो सकते हैं। हालांकि, भारतीय अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को पहले स्थान पर रखा जाना चाहिए, खासकर पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को राज्य की नीति के रूप में इस्तेमाल करने के कथित मामले में।

# कश्मीर हमले में मारे गए सैलानियों को बी एन मंडल विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि

अंग्रेजी और उर्दू विभागों की संयुक्त पहल से शोक सभा का आयोजन, शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश



**समाज जागरण मधेपुरा ।** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालू नगर, मधेपुरा के स्नातकोत्तर अंग्रेजी एवं उर्दू विभागों के संयुक्त तत्वावधान में आज एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा मारे गए लगभग 40 निर्दोष सैलानियों की स्मृति में आयोजित की गई थी। दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुई इस सभा में छात्रों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों सहित लगभग 60-70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दो मिनट के मौन के साथ मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा का माहौल गमगीन होने के साथ-साथ देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंतनशील भी रहा। "राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश की छवि को धूमिल करना अस्वीकार्य"सभा को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन. विवेका ने कहा कि देश एक नाजुक दौर से गुजर रहा है, जहां कुछ तत्व राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को आघात पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा, "व्यवस्था के विरोध में आवाज उठाना लोकतांत्रिक अधिकार हो सकता है, लेकिन हिंदुस्तान मुदार्बाद जैसे नारों की समाज में कोई जगह नहीं है। यह स्वतंत्र भारत हमारे पूर्वजों की कठिन तपस्या और बलिदान का परिणाम है। देशहित ही हमारी सोच और कार्यों का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों को समझें और हर स्थिति में शांति, सद्भाव और भाईचारे को प्राथमिकता दें।

**विभिन्न वक्ताओं ने रखा विचार**

सभा में उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एहसान, डॉ. सज्जाद अख्तर, शोधार्थी इम्तियाज आलम, मोहम्मद एजाज, प्रिंस कुमार, विवेकानंद एवं अमृत ने भी अपने विचार साझा किए। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में आतंकवाद की निंदा की और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

**एकता का प्रतीक बना आयोजन**

यह श्रद्धांजलि सभा न केवल दुख व्यक्त करने का अवसर रही, बल्कि यह एकता और सह-अस्तित्व के संदेश का भी प्रतीक बनी। अंग्रेजी और उर्दू विभागों की यह संयुक्त पहल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक परिवेश में सौहार्द्रपूर्ण सहयोग की मिसाल प्रस्तुत करती है।

# डॉ. सुधांशु शेखर बने अखिल भारतीय दर्शन परिषद के सहसचिव

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय से पहली बार किसी शिक्षक को मिला प्रतिष्ठित दायित्व



**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा ।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर को अखिल भारतीय दर्शन परिषद (अभादप) का सहसचिव नियुक्त किया गया है। यह गौरवपूर्ण दायित्व प्राप्त करने वाले वे भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के पहले शिक्षक हैं, जिससे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिवार में गर्व और उत्साह की लहर है।

**विद्यार्थी जीवन से दर्शन परिषद से जुड़ाव**

डॉ. शेखर दर्शन के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2007 से परिषद के आजीवन सदस्य हैं और 2008 से प्रत्येक राष्ट्रीय अधिवेशन में लगातार सहभागी रहे हैं। इस अवधि में उन्होंने परिषद की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका दार्शनिक त्रैमासिक के संपादकीय मंडल में भी योगदान दिया है।

**राज्य स्तरीय दायित्वों में भी निभा रहे भूमिका**

वर्तमान में वे दर्शन परिषद, बिहार के संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विषय पर कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियाँ एवं सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। इनके माध्यम से युवाओं और शिक्षाविदों के बीच विचार-विमर्श की संस्कृति को प्रोत्साहन मिला है। प्रशासनिक क्षमताओं में भी सिद्धहस्त डॉ. शेखर ने वर्ष 2017 में बीपीएससी, पटना के माध्यम से ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में योगदान दिया। इसके बाद वे विभिन्न प्रशासनिक पदों–जैसे विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) , उपकुलसचिव (अकादमिक व स्थापना) और दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष–पर अपनी कार्यक्षमता का परिचय दे चुके हैं। लेखन और संपादन में भी विशिष्ट योगदान दर्शन एवं सामाजिक विषयों पर उनका बौद्धिक योगदान भी उल्लेखनीय है। उनकी चार महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं–सामाजिक न्याय : आंबेडकर विचार और आधुनिक संदर्भ (2014), गांधी-विमर्श (2015), भूमंडलीकरण और मानवाधिकार (2017) और ह्यगांधी-अंबेडकर और मानवाधिकार(2024)। इसके अतिरिक्त वे आठ पुस्तकों के संपादक भी रह चुके हैं। डॉ. सुधांशु शेखर की यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह मधेपुरा जैसे शिक्षा-प्रेमी क्षेत्र की अकादमिक पहचान को राष्ट्रीय फलक पर प्रतिष्ठित करती है।

# डॉ. घनश्याम राय की संयोजकता में होगा चतुर्थ विज्ञान समाज कांग्रेस का आयोजन

यू आर कॉलेज, रोसड़ा एवं डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के संयुक्त तत्वावधान में 17-18 मई को होगा सम्मेलन



**दैनिक समाज जागरण रोसड़ा ।** बिहार समाज विज्ञान अकादमी के तत्वावधान में चतुर्थ विज्ञान समाज कांग्रेस का आयोजन आगामी 17-18 मई 2025 को किया जा रहा है। यह आयोजन यू आर कॉलेज, रोसड़ा एवं डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक यू आर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय हैं। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय विज्ञान, समाज और विकास निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य विज्ञान और समाज के अंतसंबंधों की समझ को सुदृढ़ करना, विकास की अवधारणा पर बहस को आगे बढ़ाना, तथा विभिन्न शैक्षणिक वर्गों को संवाद का साझा मंच प्रदान करना है।

**सभी वर्गो के प्रतिभागियों के लिए आमंत्रण**

डॉ. राय ने बताया कि यह सम्मेलन सभी विषयों के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए खुला है। यह ज्ञानवर्धक अनुभव और अकादमिक विमर्श का एक महत्त्वपूर्ण अवसर है, जिससे विभिन्न विषयों की अंतर्विषयक समझ को बल मिलेगा। पंजीकरण विवरण शिक्षक / फैकल्टीः ₹1500/- शोधार्थीः ₹600/- विद्यार्थीः ₹200/- पंजीयन की अंतिम तिथि (बिना विलंब शुल्क)ः 5 मई 2025 विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण (6 मई से 17 मई 2025 तक)ः शिक्षक = ₹200 अतिरिक्त शोधार्थी / विद्यार्थी = ₹100 अतिरिक्त ऑनलाइन पंजीकरण लिंकः https://forms.gle/oXzh5Dq92UDstejf9 डॉ. राय ने सभी संस्थानों से आग्रह किया है कि वे अपने छात्रों और संकाय सदस्यों को इस सार्थक संवाद में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। यह आयोजन बिहार के शैक्षणिक परिदृश्य में सामाजिक विज्ञान और वैज्ञानिक सोच के समन्वय की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल सिद्ध होगा।

# अररिया में अंतजार्तीय व निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 6 लाभुकों को मिला एक-एक लाख रुपये का अनुदान

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।** जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत स्मिता स्मिथ, रानो कुमारी और सजल श्रद्धा, तथा मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत कंचन कुमारी, मीकाईल अंसारी और पिंकी कुमारी को एक-एक लाख रुपये की सावधि जमा राशि प्रदान की। इन योजनाओं का उद्देश्य जातीय भेदभाव और दिव्यांगता जैसी सामाजिक बाधाओं को तोड़ते हुए समानता, समावेश और स्वाभिमान को बढ़ावा देना है। डीएम ने लोगों से इन योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता अनुसार आवेदन करने की अपील की। आवेदन विवाह की तिथि से दो वर्ष के भीतर आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अररिया में जमा करना होता है।

# बलुआ बाजार में भगवान परशुराम जयंती समारोह के माध्यम से संजीव मिश्रा ने रच दिया सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चेतना का महासंगम

सन ऑफ मिथिला संजीव मिश्रा ने छातापुर में फूंका राजनीतिक बिगुल! बलुआ बाजार बना ब्राह्मण चेतना और नेतृत्व परिवर्तन की हुंकार का ऐतिहासिक मंच



**दैनिक समाज जागरण बलुआ बाजार ।** छातापुर विधानसभा में राजनीतिक सत्ता परिवर्तन की बयार अब गांव-गांव गूंज रही है, और इसका सबसे प्रबल संकेत मिला बलुआ बाजार से – जहाँ संजीव मिश्रा ने भगवान परशुराम जयंती समारोह के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चेतना का ऐसा महासंगम रच दिया कि सुपौल की राजनीति में हलचल मच गई। हजारों की भीड़, ब्राह्मण समाज की अभूतपूर्व एकता और मिथिला के स्वाभिमान की गर्जना – यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, एक राजनीतिक उद्घोषणा थी, जिसमें छातापुर के जनमानस ने अब स्पष्ट कर दिया:"नेता चाहिए... हमारा, स्थानीय, स्वाभिमानी – और नाम है संजीव मिश्रा!"

**नायक नहीं, नेतृत्व की जरूरत है: मिश्रा**

डॉ. संजीव मिश्रा ने मंच से कोई औपचारिक घोषणा नहीं की, लेकिन उनके एक-एक शब्द ने छातापुर की राजनीतिक नसों में हलचल पैदा कर दी। उन्होंने कहाः "परशुराम सिर्फ फरसे के प्रतीक नहीं, स्वाभिमान और प्रतिकार की चेतना हैं। छातापुर अब सिर्फ विधायक नहीं, विचार और विजन चाहता है।" यह वाक्य तालियों की गड़गड़ाहट में नारे बनकर गूंजा "नेता हो तो संजीव मिश्रा जैसा!" बलुआ बाजार से उठी परशुराम लहरः बना ब्राह्मण चेतना का कुंभ यह आयोजन सिर्फ धार्मिक नहीं था, यह ब्राह्मण समाज की राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की पहली झलक थी। छातापुर, त्रिवेणीगंज, निर्मली, सुपौल, सरायगढ़, किशनपुर – हर दिशा से आए प्रतिनिधियों ने जिस अनुशासन और गरिमा के साथ भाग लिया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि "समाज अब मोहरा नहीं, किंगमेकर बनने को तैयार है!" छातापुर मांगे अपना बेटा, राजनीति मांगे स्वाभिमान छातापुर विधानसभा की राजनीतिक जमीन पर वर्षों से व्याप्त निर्वात को अब एक नया चेहरा भर सकता है – संजीव मिश्राः सन ऑफ मिथिला– जो शिक्षाविद् भी हैं, समाजसेवी भी, और अब जननेता बनने की ओर बढ़ रहे हैं। पनोरमा पब्लिक स्कूल, यथासंभव काउंसिल, पैनोरमा ग्रुप,सामाजिक सरोकारों और वैचारिक नेतृत्व की निरंतरता ने उन्हें जनता के दिल में उतार दिया है। और अब गांव-गांव में एक ही चर्चा हैः "इस बार चेहरा अपना हो, जो बात समाज की करे!"

**राजनीति का खेल अब बदलने वाला है**

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह आयोजन एक संगठित शक्ति प्रदर्शन था। इसके पीछे जो जनसमर्थन, युवाओं का उत्साह, महिलाओं की भागीदारी और शिक्षाविदों की मौन स्वीकृति दिखी – वह केवल एक ही चीज का संकेत हैः छातापुर अब बदलना चाहता है – और अबकी बार नारे नहीं, नेतृत्व की तलाश है। बलुआ से उठी परशुराम चेतना, छातापुर की राजनीति में दिखेगा असर यह आयोजन केवल जयंती नहीं था – यह एक आंदोलन था, एक उद्घोषणा थी, एक बिगुल था – और एक संदेश थाः छातापुर का बेटा अब नेतृत्व को तैयार है, और उसका नाम है – संजीव मिश्रा। क्या संजीव मिश्रा 2025 में छातापुर से चुनावी मैदान में उतरेंगे? अगर हां, तो यह तय है – राजनीति के खेल में एक नई चाल लिखी जा चुकी है।

# भगवान परशुराम न्याय, मयार्दा और स्वाभिमान के प्रतीक हैंः पंडित अजय कुमार झा

परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक ने अपने आवासीय कार्यालय में परशुराम जयंती पर किया श्रद्धा-नमन



**दैनिक समाज जागरण अररिया।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के अवतरण दिवस के अवसर पर परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक एवं भाजपा के पूर्व प्रत्याशी पंडित अजय कुमार झा ने आश्रम चौक स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**पंडित झा ने कहा कि,**

"भगवान परशुराम सिर्फ एक वीर योद्धा नहीं थे, बल्कि वे न्याय, मयार्दा और स्वाभिमान के शाश्वत प्रतीक हैं। आज जब समाज मूल्यों के संकट से गुजर रहा है, तब परशुराम जी की विचारधारा और संघर्ष की भावना हमें नई दिशा प्रदान करती है।" उन्होंने यह भी कहा कि परशुराम जयंती का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों और आदर्शों को समाज में पुनः स्थापित करना है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन सादगी, भक्ति और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परिषद के स्थानीय कार्यकताओं ने भी सहभागिता दी और भगवान परशुराम के चरणों में आस्था प्रकट की।

# "मिथिलाक चमकैत ताराः वैभव बनलाह आईपीएल इतिहासक सबसँ कम उम्रक शतकवीर": मंत्री विजय कुमार मंडल

केवल 14 वर्ष 32 दिन में बनौलनि ऐतिहासिक शतक, क्रिस गेलक बाद दोसर सबसँ तेज शतक

**दैनिक समाज जागरण बटराहा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने समस्तीपुर के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल में ऐतिहासिक शतक के लिए बधाई देते हुए कहा कि "अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर वैभव भारतीय



क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन चुके हैं। पूरे राज्य को उन पर गर्व है।" मंत्री मंडल ने उम्मीद जताई कि वैभव आने वाले समय में भारतीय टीम के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य सरकार की ओर से वैभव को 10 लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की है।

# विश्व मजदूर दिवस पर 'एक शाम पत्रकारों के नाम' कार्यक्रम को लेकर अररिया तैयार, शहर सजा बैनर-होर्डिंग से, सांसद प्रदीप सिंह ने जताया आभार

जया प्रदा, शब्बीर कुमार, दिलीप सेन जैसे सितारे करेंगे शिरकत, पत्रकार संघ अध्यक्ष मंटू भगत ने जारी किया पास

**दैनिक समाज जागरण अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** विश्व मजदूर दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर जिला पत्रकार संघ, अररिया द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सह सम्मान समारोह एक शाम पत्रकारों के नाम को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। मुख्य चौक-चौराहों से लेकर प्रमुख सड़कों तक होर्डिंग्स, बैनर और स्वागत द्वार से शहर सज गया है। पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ मंटू भगत ने आमंत्रण पास जारी करते हुए बताया कि कार्यक्रम न सिर्फ पत्रकारों के सम्मान में है, बल्कि यह अररिया के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास की पहचान भी बनेगा। उन्होंने सभी पत्रकारों, गणमान्य अतिथियों और आम नागरिकों से समय पर कार्यक्रम में पहुँचने की अपील की।मुख्य अतिथि अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए इसे अररिया के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा, "पत्रकार लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं। मजदूर दिवस पर उनके सम्मान में ऐसा आयोजन न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक भी है।"सांसद ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने आ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जया प्रदा, वर्ल्ड पीस हामोर्नी चेयरमैन डॉ. शकील सैफी, तथा मंच पर परफॉर्म करने आ रहे मशहूर गायक शब्बीर कुमार, प्रिया मल्लिक, दिलीप सेन, पूनम झावर सहित स्थानीय कलाकार अमर आनंद व प्रिया राज के प्रति भी आभार व्यक्त किया। प्रदीप सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्वयं कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे और उन्होंने जिला प्रशासन से आयोजन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील की। साथ ही जिले की जनता से भी इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित होकर सकारात्मक बदलाव का संदेश देने की अपील की।

# देश हित में परिवर्तनकारी साबित होगी जाति जनगणनाः सांसद प्रदीप कुमार सिंह

प्रधानमंत्री के निर्णय को बताया ऐतिहासिक, कहा– समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में बड़ा कदम



**दैनिक समाज जागरण अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** अररिया से लोकप्रिय भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने आगामी जनगणना में जातीय गणना को शामिल करने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इसे देश के सामाजिक ताने-बाने को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक फैसला बताया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया गया यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार समानता, समावेश और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे पूर्व में गरीब वर्गों को 10% आरक्षण देने का निर्णय सामाजिक रूप से स्वीकार्य और शांतिपूर्ण रहा, उसी तरह यह जातीय गणना भी समाज में संतुलन और न्याय सुनिश्चित करने का काम करेगी। सांसद ने इसे देश हित में एक परिवर्तनकारी पहल बताते हुए कहा कि इससे नीतियों और योजनाओं को अधिक न्यायसंगत व लक्षित रूप से लागू किया जा सकेगा।

# वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले संस्करण की उल्टी गिनती शुरू

वेव्स 2025 की मेजबानी के लिए मुम्बई पूरी तरह तैयार

भारतीय और वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन हितधारकों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान, संवाद और सहयोग के चार दिन

वेव्स भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था में लहर पैदा करेगा

मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक कार्यक्रम वेव्स (वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025) की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह भूतपूर्व चार दिवसीय आयोजन कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आरंभ होगा, जिसका उद्देश्य भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। जैसे-जैसे भारत की मनोरंजन राजधानी मुंबई मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र की जानीमानी हस्तियों का स्वागत करने के लिए तैयार हो रही है, जो आकर्षक पैनल चचाओं, विचारोत्तेजक और प्रेरणादायक विमर्श, ज्ञान-साझाकरण संवाद और इंटरैक्टिव सत्रों, उद्योग के दिग्गजों द्वारा समृद्ध मास्टर-क्लासेस आदि में भाग लेंगे, अगले चार दिनों में हितधारकों के लिए बहुआयामी लाभ देश में भविष्य के लिए तैयार मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र का वादा करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वेव्स शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत की आवाज को एक वैश्विक शक्ति के रूप में बुलंद करना है। वेव्स, अपने पहले वर्ष से ही, भारत के जीवंत रचनात्मक उद्योग और वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन परिदृश्य में इसकी अपार क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इसी के साथ, वेव्स भारतीय और वैश्विक हितधारकों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान, संवाद और सहयोग को भी बढ़ावा देगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की इस अग्रणी पहल की परिकल्पना वैश्विक सद्भाव के लिए भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का लाभकार्य उपयोग करने और रचनाकार अर्थव्यवस्था को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए की गई है।

**वेव्स के चार स्तंभ**

मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के सम्पूर्ण दायरे को समेटने वाले इस विशाल आयोजन को मोटे तौर पर चार स्तंभों में विभाजित किया गया है। पहला स्तंभः प्रसारण और इंफोटेनमेंट - सूचना और मनोरंजन वितरण के पारंपरिक और विकसित होते परिदृश्य को समाहित करते हुए, इस फोकस क्षेत्र का उद्देश्य सूचना को प्राथमिकता देना, नागरिकों को सशक्त बनाना और 21 वीं सदी की चुनौतियों के अनुकूल होकर वैश्विक स्तर पर जाना है। इसमें रचनात्मक अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित क्षेत्र शामिल हैंः प्रसारणः टेलीविजन, रेडियो, पॉडकास्ट, खेल प्रसारण सामग्री निमार्णः प्रिंट मीडिया, संगीत वितरण मंचः कैरिज (केबल और सैटेलाइट), डीटीएच (डायरेक्ट-टू-होम) विज्ञापन एवं विपणनः क्षेत्र में ब्रांड रणनीतियों को आकार देने वाले प्रमुख पेशेवर। दूसरा स्तंभः एवीजीसी-एक्सआर - यह खंड इमर्सिव कहानी कहने और कला, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के संयोजन द्वारा संचालित इंटरैक्टिव अनुभव की अत्याधुनिक दुनिया का पता लगाता है। इसमें निम्नलिखित विशिष्ट क्षेत्र शामिल हैंः

# नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हरित हाइड्रोजन प्रमाणन योजना शुरू की

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरित हाइड्रोजन आपूर्ति श्रृंखला में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए अवसरों पर कार्यशाला आयोजित की नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने 29 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में "हरित हाइड्रोजन आपूर्ति श्रृंखला में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अवसरों" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य भारत में हरित हाइड्रोजन इकोसिस्टम के विकास में एमएसएमई की प्रमुख भूमिका पर चर्चा करना और अवसरों का पता लगाना था। एमएसएमई, नीति निमार्ताओं, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, उद्योग संघों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों सहित विभिन्न हितधारक समूहों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

माननीय केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने उद्घाटन भाषण में नवाचार आधारित विकास को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और इस बात पर बल दिया कि एमएसएमई अपनी नवीन क्षमताओं और स्थानीय समाधानों के माध्यम से भारत के ऊर्जा परिवर्तन की रीढ़ के रूप में काम करेंगे। उन्होंने वर्ष 2030 तक आत्मनिर्भर हरित हाइड्रोजन इकोसिस्टम के निर्माण के मिशन के उद्देश्यों को साकार करने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। माननीय केंद्रीय मंत्री महोदय ने भारत की हरित हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (जीएचसीआई) का भी शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह योजना हरित हाइड्रोजन उत्पादन को प्रमाणित करने और पारदर्शिता, जानकारी प्राप्त करने और बाजार की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत ढांचा बनाने की दिशा में एक आधारभूत कदम है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव श्री संतोष कुमार सारंगी ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के कार्यान्वयन में कुछ प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एमएसएमई को इस नए औद्योगिक परिदृश्य में सार्थक रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाने हेतु क्षमता निर्माण, वित्त की सुविधा और प्रौद्योगिकी संबंधों को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने हरित हाइड्रोजन के लिए संस्थागत और ढांचागत सहायता के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई, जिसमें एमएसएमई महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ःकार्यशाला में चार केंद्रित तकनीकी सत्र शामिल थेः एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी सहयोग पैनल में शामिल वक्ताओं ने अनुसंधान एवं विकास सहयोग मॉडल, द्विध्रुवीय प्लेटों और इलेक्ट्रोलाइजर्स जैसे घटकों के स्वदेशीकरण और ज्ञान संस्थानों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। हरित हाइड्रोजन आपूर्ति श्रृंखला में व्यावसायिक अवसर चर्चा का मुख्य विषय एमएसएमई को बड़े पैमाने की परियोजनाओं में एकीकृत करना था। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और कॉर्पोरेट विशेषज्ञों ने व्यवस्थित एमएसएमई जुड़ाव रणनीतियों का समर्थन करते हुए व्यावसायिक मॉडल और बाजार के अवसरों की रूपरेखा तैयार की। बायोमास के माध्यम से विकेंद्रीकृत हाइड्रोजन उत्पादन विशेषज्ञ वक्ताओं ने बायोमास के हाइड्रोजन में थमोर्केमिकल और बायोकेमिकल रूपांतरण पर उपयोग के मामले प्रस्तुत किए और ग्रामीण उद्योगों में उनके अनुप्रयोग की खोज की। सत्र में स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए विकेंद्रीकृत मॉडल की क्षमता पर प्रकाश डाला गया, साथ ही पुनः उपयोग की अर्थव्यवस्था सिद्धांतों को प्रोत्साहन दिया गया। हरित हाइड्रोजन इकोसिस्टम में निवेश को प्रेरित करना विश्व बैंक, इरेडा, केएफडब्ल्यू और आईआईएफसीएल सहित वित्तीय संस्थानों ने जोखिम कम करने की रणनीतियों, मिश्रित वित्त व्यवस्था और एमएसएमई के लिए सुलभ हरित ऋण व्यवस्था को डिजाइन करने की आवश्यकता पर चर्चा की। कार्यशाला ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा उपयोग में परिवर्तन में एमएसएमई को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और एक समावेशी, प्रौद्योगिकी-संचालित और विकेन्द्रीकृत हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रति एमएनआरई की प्रतिबद्धता को दशार्या। कार्यशाला में एमएसएमई की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में प्रवेश करने में, विशेष रूप से घटक निर्माण, संचालन और रखरखाव सेवाओं और ग्रामीण हाइड्रोजन उत्पादन जैसे क्षेत्रों में गहरी रुचि दिखाई। प्रतिभागियों ने एमएसएमई को क्षमताओं को संयोजित करने और बडे पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं से लाभ उठाने में सहायता करने के लिए मानकीकृत प्रोटोकॉल, संयुक्त नवाचार के लिए साझा मंच और हरित हाइड्रोजन समूह के गठन की आवश्यकता पर बल दिया।

# पटना के पालीगंज में बारात के दौरान युवक को मारी गोली, रेफर

चाट चौमिंग खाने को लेकर बढ़ी विवाद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता – वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खिरिमोड थाना अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में मंगलवार की रात आई बारात के दौरान चाट चौमिंग खाने को लेकर बढ़ी विवाद में एक युवक को गोली मार दी गयी। जिससे घायल युवक का इलाज पटना अस्पताल में चल रही है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात पटना जिले के खिरिमोड थाना अंतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी बाल्मीकि शर्मा के यहां रानितलाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव से बारात आयी थी। बारात आने के बाद दरवाजा लगाने की तैयारियां चल रही थी। जिसको लेकर चाट चौमिंग की काउंटर बन्द करा दी गयी। लेकिन बारात में आये कुछ युवकों ने चाट खाने की जिद्द पर अड़ गए। जिसको लेकर बारात व सरात की ओर से कुछ युवकों के बीच विवाद होने लगी। जिसे देख कुछ लोगो ने विवाद कर रहे युवकों को वहां से हटा दिया। बाद में बारात के जलमासे में नाच प्रोग्राम चल रही थी। जिसके दौरान चाट चौमिंग को लेकर हुए विवाद में शामिल दोनो पक्षो के युवक पुनः आमने सामने हो गए। वही पुनः हुए विवाद के दौरान कई चक्र गोलियां चली। जिसमे सारात पक्ष के एक युवक की गर्दन में गोली लग गयी। वही गोली चलानेवाला युवक मौके से फरार हो गया। गोली लगने से घायल युवक की पहचान रघुनाथपुर गांव निवासी राम नरेश शर्मा के पुत्र हरेराम के रूप में हुआ। जिसे इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने घायल की गम्भीर स्थिति को देख प्राथमिक इलाज के बाद पटना एम्स अस्पताल भेज दिया। जहां घायल की इलाज चल रही है। वही घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची खिरिमोड थाने की पुलिस मौके से कई खोखे बरामद की। साथ ही पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान दूल्हे तथा उसके पिता पर दबाव बनाई तो उनदोनो ने गोली चलानेवाला युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। इस सम्बंध में खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान रानितलाब थान क्षेत्र के सरैया गांव निवासी शम्भू सिंह का पुत्र शौरभ कुमार के रूप में हुआ है। वही मामले की जांच कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# कार से 1000 बोतल टनाका शराब बरामद, कार जप्त तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) बिहार में पूर्ण शराब बंदी के बावजूद शराब तस्करी और निर्माण का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है वहीं पियक्कड़ों को भी गिरफ्तारी का भय नहीं सता रहा है। आए दिन किसी किसी क्षेत्र से शराब की खेप पकड़ी जाती है,गाड़ी जप्त की जाती है, पियक्कड़ पकड़े जाते हैं लेकिन शराब कारोबारी और तस्कर पुलिस के पहुंच से पहले बचकर भाग निकलते हैं।ऐसे ही हालिया वाक्या है जिसमें गुप्त सूचना पर नबीनगर के राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी के समीप पानी टंकी के पास खड़ी ब्लू रंग की अल्टो कार से पी टी सी रूपकमल सिंह और पी एस आई सुधीर कुमार ने 40 पेटी में कुल 1000 बोतल झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया है ।वही शराब तस्कर पुलिस को हाथ नहीं आया और फरार हो गया। मामले में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि शराब और गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

# पीएम आवास, अबुआ आवास एवं निजी घर बनाने हेतु सस्ते दाम पर बालू उपलब्ध कराने, अवैध बालू उत्खनन एवं बालू तस्करी पर रोक की मांग को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात

**दैनिक समाज जागरण**
**30.04.2025 जिला**
**संवाददाता चांद कुमार लायेक**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा तथा जमशेदपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंडीचरण साव के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके कार्यालय में मिला तथा जिले में गरीबों के लिए चल रहे पीएम आवास तथा अबुआ आवास योजना एवं निजी मकान बनाने हेतु बालू सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने की मांग की। भाजपा नेताओं ने कहा कि बालू उपलब्ध न होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को प्रदान की गई पीएम आवास योजना की रफ्तार धीमी हो गई है। गांव के गरीब तथा किसान सुवर्णरेखा नदी से बालू लाते हैं तो उनपर मुकदमा दर्ज हो जाता हैं वहीं प्रतिदिन रात के अंधेरे में बड़ी संख्या में हाईवा एवं डम्परों से बालू की तस्करी होती है तो उनपर कोई कार्रवाई नहीं होती। भाजपा नेताओं ने उपायुक्त से जिले में चल रहे अवैध बालू उत्खनन, भंडारण, परिवहन तथा बालू तस्करी रोकने की मांग की है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने उपायुक्त से मिलने के बाद पत्रकारों को बताया कि झामुमो नेताओं के संरक्षण में बालू का अवैध कारोबार चल रहा है। बहरागोड़ा में अवैध बालू उत्खनन व भंडारण के आरोप में खनन विभाग द्वारा एक नेता पर 2 बार मुकदमा दायर हुआ। बजट सत्र में विधानसभा में भी यह मामला उठा। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन ने अबतक उसपर कोई कार्रवाई नहीं की। राज्य में प्राकृतिक संसाधनों की लूट-खसोट हो रही है । परन्तु झामुमो गठबंधन सरकार को इसे रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा नेताओं ने चाकुलिया के माटियाबांधी पंचायत से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र निकालने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की भाजपा नेताओं ने उपायुक्त से चाकुलिया प्रखंड के माटियबांधी पंचायत से जमशेदपुर के 106 लोगों द्वारा निकाले गए फर्जी जन्म प्रमाणपत्र पर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने उपायुक्त से सन् 2024 में जिले के विभिन्न स्थानों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से निर्गत किए गए जन्म प्रमाणपत्रों की गहन जांच करने की मांग की है। फर्जी जन्म प्रमाणपत्र निकालने वालों ने जालसाजी तथा सरकारी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ करने का गंभीर अपराध किया है। फर्जी जन्म प्रमाणपत्र निकालने वाले 106 लोगों में बंग्लादेशी घुसपैठिए की भी आशंका जताई जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, जितेंद्र राय, पप्पु सिंह, विजय तिवारी, लखन मार्डी, सत्या तिवारी, राजीव महापात्र, अनुप दास एवं उज्वल सिंह व अन्य शामिल थे।

# पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने अलग अलग जगहों से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पी एस आई सुचित्रा कुमारी ने थाना क्षेत्र के भटकुर गांव से कुर्की वारंटी शत्रुघ्न बैठा पिता स्वरूप बैठा को उसके घर से गिरफ्तार किया है जबकि थाना क्षेत्र के झरी धनाव गांव से एस आई जितेंद्र कुमार ने एन बी डब्लू वारंटी प्रिन्स कुमार सिंह पिता कृष्ण सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे जिन्हें गुप्त सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है।

# सीतारामडेरा एवं साकची पूर्वी मंडल क्षेत्रों में विधायक निधि से स्वीकृत पांच विकास योजनाओं का विधायक पूर्णिमा साहू ने किया शिलान्यास, क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई दिशा

**दैनिक समाज जागरण**
**30.04.2025 जिला**
**संवाददाता चांद कुमार लायेक**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने बुधवार को सीतारामडेरा एवं साकची पूर्वी मंडल क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर साकची पूर्वी मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव सहित बड़ी संख्या में मंडल के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकगण मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं का भी जायजा लिया गया और भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक पूर्णिमा साहू ने सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत बाबूडीह स्थित आदिवासी कब्रिस्तान में कुल ₹21, 78, 200.00 की लागत से शौचालय, गार्ड रूम एवं पाथवे के निर्माण कार्य तथा साकची पूर्वी मंडल अंतर्गत नेहरू कॉलोनी में कुल ₹15,14,300.00 की लागत से आरसीसी नाली, पीसीसी पथ और पेवर्स ब्लॉक के अधिष्ठापन कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। वहीं, विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और जनसरोकार से जुड़ी सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी चरणबद्ध तरीके से विकास योजनाओं को गति दी जाएगी। इस दौरान रंजीत सिंह, राजेश त्रिपाठी, मिथिलेश साव, रिक्की राज सिंह, हेमंत साहू धनराज गुप्ता, कृष्णा शर्मा, लख्खी कौर, अरुण, पिंटू त्रिपाठी, अंकित मोदी, प्रकाश ठाकुर, जयराज रजक, बबलू खालखो समेत अन्य मौजूद रहे।

# अपहरण एवं धर्मांतरण घटना की उच्चस्तरीय जांच करें प्रशासन : हरे लाल महतो

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी में घटित अपहरण एवं धर्मांतरण की घटना अत्यंत ही निंदनीय है। यह घटना न केवल समाज में शांति भंग करने का दुस्साहस है, यह हिंदू समाज के ऊपर सीधा प्रहार करने का भी प्रयास है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी हरे लाल महतो ने कहा है। हरे लाल महतो ने कहा कि लगातार हिंदुओं के आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हिंदू बहन बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है, यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हरे लाल महतो ने कहा कि निर्दोष लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने के बजाय अपहरण और धर्मांतरण कराने के आरोपी मोहम्मद तस्लीम के इतिहास की जांच शुरू कर देनी चाहिए, क्योंकि झिमड़ी के ग्रामीणों का कहना है कि मोहम्मद तस्लीम यहां का निवासी नहीं है वह बाहर से आकर यहां रह रहा है। तस्लीम के ऊपर पूर्व में भी कई हिंदू विरोधी एवं कानून विरोधी कार्य करने का आरोप है, उसने झिमड़ी गांव के सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर वहां दुकान व घर निर्माण किया है। हिंदुओं के पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने का काम किया था। यदि उस समय कड़ी कार्रवाई की गई होती तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। हरे लाल महतो ने कहा कि धारा 163 लगाए जाने के बावजूद मुस्लिम समुदाय के पक्ष में सैकड़ों लोग झिमड़ी गांव में प्रवेश कर जाते है और वहाँ पर बैठक भी किया। क्या उन लोगों के ऊपर नियम कानून लागू नहीं होते हैं? जो लोग धारा 163 का उल्लंघन कर मुस्लिम समुदाय के पक्ष में झिमड़ी गांव में बैठक की है, उनमें से कई लोगों के ऊपर पूर्व में दंगा भड़काने का मुकदमा चल रहा है, ऐसे में प्रशासन को इसकी जांच करनी चाहिए। हरे लाल महतो ने कहा कि प्रशासन से आजसू पार्टी मांग करती हैं कि अविलंब पूरे घटना की उच्चस्तरीय जांच करें और निर्दोष लोगों के ऊपर दर्ज मुकदमा वापस लिया जाय। हरे लाल महतो ने कहा कि पीड़ित हिंदू समाज की लड़की समेत सभी समस्त हिंदू समाज के साथ हम सभी खड़े हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यकता होगी तो बड़े स्तर पर आंदोलन भी शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि झिमड़ी गांव में अभी तक तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई हैं, ग्रामीण डरे सहमे हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि ग्रामीणों आश्वस्त करें और शांतिपूर्ण वातावरण तैयार करने के लिए सकारात्मक पहल करें।



# श्री परशुराम शक्ति सेना द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर निकाला गया विशाल शोभायात्रा

**अभय कुमार मिश्रा**
**,दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 30 अप्रैल 2025:- श्री परशुराम शक्ति सेना द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा शहीद मंगल पांडे चौक (टाटा पिगमेंट गेट)से श्री परशुराम शक्ति सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पांडे के नेतृत्व में निकाला गया। शोभायात्रा की शुरूआत टाटा पिगमेंट गेट स्थित शहीद मंगल पांडे जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद आरंभ हुई। इस शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान परशुराम की झांकी और भगवान परशुराम की तस्वीर रथ पर सवार थी उसके पीछे-पीछे श्री परशुराम शक्ति सेना के सदस्य काफी संख्या में दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों में भगवान परशुराम जी का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे।शोभायात्रा में लगभग 200 की संख्या में चार पहिया एवं दुपहिया वाहन पर श्री परशुराम शक्ति सेना के सदस्य सवार थे, जो भगवान परशुराम जी के रथ के पीछे पीछे चल रहे थे। शोभायात्रा जुगसलाई से बिष्टुपुर साकची होते हुए गोलमुरी ,सिदगोड़ा होते हुए बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान पहुंची । बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान में सभी सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम जी की आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।इस अवसर पर अतिथि के रूप में कुणाल सारंगी ,अंबुज कुमार,बालाशंकर तिवारी, डीके मिश्रा, हृदयानंद तिवारी ,कवलेश्वर पांडे ,घनश्याम पांडे डी.एन सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री परशुराम शक्ति सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पांडे , केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजीव पांडे ,महासचिव रंजीत झा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, केंद्रीय संगठन सचिव सौरभ पाठक, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश तिवारी ,केंद्र उपाध्यक्ष संतोष पांडे ,दीपक मिश्रा, राजा ओझा, ओंकार झा,सुबोध मिश्रा, गोपाल तिवारी, मुरलीधर पांडे,कुणाल मिश्रा,बॉबी शर्मानिरंजन मिश्रा, धनंजय मिश्रा,प्रकाश चौबे,विनय मिश्रा, संजय तिवारी,किशोर ओझा , विवेक झा,मुनमुन चक्रवर्ती ,रितेश मिश्रा , सन्नी शर्मा,विवेक मिश्रा,रवि दूबे, बिट्टू तिवारी, लव कुश उपाध्याय, दीपक झा,अभय पांडे , रितेश घोषाल इत्यादि उपस्थित थे।

# 4 मई को बिनय सिंह की श्रद्धांजलि सभा,राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित देश भर से आ रहे क्षत्रिय समाज के लोग

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर(झारखंड)30 अप्रैल 2025:-क्षत्रिय करणी सेना परिवार अत्यंत दुख और आक्रोश के साथ यह सूचित करता है कि हमारे प्रिय नेता,संगठन के सम्माननीय संस्थापक सदस्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष स्व. बिनय सिंह जी की नृशंस हत्या ने पूरे संगठन और क्षत्रिय समाज को गहरे आघात में डाल दिया है। इस दुःखद घटना के प्रति शोक प्रकट करते हुए एवं न्याय की माँग को बुलंद करने के उद्देश्य से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।

**श्रद्धांजलि सभा विवरणः**

दिनांकः 4 मई 2025 समयः दोपहर 2:00 बजे स्थानः स्व. बिनय सिंह जी का निवास -कोमन प्लॉट, आस्था स्पेस टाउन, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर (झारखंड) यह श्रद्धांजलि सभा केवल पुष्प अर्पण का अवसर नहीं है, बल्कि यह न्याय के लिए एकजुट होने और सरकार व प्रशासन को यह स्पष्ट संदेश देने का अवसर है कि यदि समय रहते दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और हमारी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षत्रिय करणी सेना परिवार को न्याय की प्राप्ति हेतु किसी भी हद तक जाना पड़ेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन एवं सरकार की होगी। स्व. बिनय सिंह जी केवल परिवार ही नहीं, अपितु पूरे समाज के लिए एक धरोहर थे। उनकी हत्या हमारे आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार है, और हम यह स्वीकार नहीं करेंगे कि हत्यारे आजादी से घूमते रहें। "बिनय के हत्यारों को गोली मारो सालों को!" – यह केवल आक्रोशित जनता की पुकार नहीं, बल्कि न्याय की सशक्त मांग है। हम क्षत्रिय करणी सेना परिवार एवं शोकाकुल परिजन की ओर से समस्त समाजजन एवं नागरिकों से आग्रह करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस न्याय संग्राम को बल दें।

**इस संदर्भ में संगठन द्वारा की गई मांगः**

1. हत्यारों एवं षड्यंत्रकारियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित हो। 2. यदि सरकार द्वारा आवश्यक समझा जाए, तो उइकया ठक्अ जैसी निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय एजेंसी से इस हत्या की जांच कराई जाए। 3. स्व. विनय सिंह जी की धर्मपत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, ताकि परिवार को सहारा मिल सके। 4. उनके परिवार को 5 करोड़ रुपय का आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। 5. उनके बच्चों की शिक्षा का समस्त खर्च सरकार वहन करे और उन्हें शैक्षिक एवं मानसिक सहयोग प्रदान किया जाए। 6. इस परिवार की सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन 24x365 हथियार धारी पुलिस कर्मियों की तैनाती कर सुनिश्चित की जाए। 7. इस पूरे मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से त्वरित न्याय की प्रक्रिया आरंभ की जाए।

# भगवान श्री हरी विष्णु जी के छठवे अवतार श्री परशुराम जी का अवतरण दिवस ब्राह्मण सांस्कृतिक विचार मंच द्वारा मनाया गया

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 30 अप्रैल 2025:- भगवान श्री हरी विष्णु जी के छठवे अवतार श्री परशुराम जी का अवतरण दिवस ब्राह्मण सांस्कृतिक विचार मंच द्वारा एशिया भवन सभागार में सैकड़ो श्रद्धालुओं ब्राह्मण समाज के गणमान्य जनों की उपस्थिति में बिधि पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी का षोडशोपचार के साथ पूजन अर्चन किया गया ,उनके पवित्र चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भगवान श्री परशुराम जी के श्री चरणों में पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात श्री परशुराम जी की आरती उतारी गई भोग अर्पण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस का ज़िलाध्यक्ष अम्बुज कुमार पांडे ने किया । कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद सतीश मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन रमाशंकर पांडे द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप पूर्व डीएसपी कमलकिशोर पांडेय हरेंद्र तिवारी दिनेश शुक्ला परमानंद पांडेय संत कुमार पांडेय शंकरदयाल मिश्रा रविप्रकाश ओझा जितेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कमलजिशोर पांडेय ने संगठन के माध्यम से समाज की एकजुटता पर बल दिया एवं कहा की ब्राह्मण सांस्कृतिक विचार मंच सनातन समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होकर समाज के सभी बर्गो के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करेगा! कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अम्बुज कुमार पांडे ने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री परशुराम जी ने धरती पर आतंक बढ़ने पर आततायिओं के संघार के लिए शस्त्र उठाया था ठीक उसी प्रकार हमारे देश की सरकार पहलगाम घटना को अताताय़िओं के द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कारवाई मानते हुए युद्धक कारवाई के द्वारा पाकिस्तान को करारा सबक सिखाए। जिस प्रकार भगवान श्री परशुराम जी कई प्रकार के अमोघ अस्त्र शस्त्र से उक्त दिव्य परशु धारण कर युद्ध में विजय प्राप्त की थी ठीक उसी प्रकार २१वी सदी का भारत दुनिया का महान सैन्य वल से उक्त विभिन्न मिसाइलो युद्धक विमानों आधुनिक हथियारों टैंको राडार प्रणाली विशाल जल थल वायु सेना परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र है जो कभी भी पाकिस्तान जैसे देश को नेस्तनाबूत करने की क्षमता रखता है! ब्राह्मण सांस्कृतिक विचार मंच यह माँग करता है कि सरकार पहलगाम की बर्बर घटना का मुंहतोड़ जबाब दे! ब्राह्मण समाज एक जुट होकर राष्ट्र कल्याण के लिए समाज में बढ़ रहे सामाजिक कुरीतियों विभेदों को समाप्त करने के लिये आगे आये । कार्यक्रम को पवन पांडेय परमानंद पांडेय संत पांडे दिनेश कुमार मिश्रा आदि ने सम्बोधित किया एवं सभी ने भगवान श्री परशुराम जी को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला व उनके विचारो को आत्मसात करने का संकल्प लिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में बीरेन्द्र तिवारी मन्नू तिवारी अजय ओझा चंदू मिश्र प्रवीण पांडेय बाला तिवारी विनोद पांडेय विनोद ओझा केश्वर मिश्रा सतीश मिश्रा रामाशंकर पांडेय धर्मेंद्र पांडेय विजय झा एवं अन्य ने सराहनीय योगदान दिया! ब्राह्मण विचार मंच द्वारा उपस्थित अतिथि गणों समेत आगंतुक श्रद्धालुओं को जय श्री परशुराम जयश्री परशुराम लिखित अंग वस्त्र पट्टिका भेट की गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवि प्रकाश ओझा वेदप्रकाश त्रिपाठी डीके उपाध्याय कांग्रेस नेता सुरेश धारी ललन शुक्ला जितेंद्र शुक्ला अरविंद तिवारी कमलेश उपाध्याय राधा रमण पांडेय जयप्रकाश ओझा अखिलेश तिवारी गुड्डू पांडेय चंद्रमणि वैद्य पिंकु चौबे चन्द्रभान पांडेय भोला मिश्रा अंजनी तिवारी रवि पांडेय दीपक पांडेय समेत सैकड़ो की संख्या में भगवान श्री परशुराम जी के अनुयायी एवं ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे! कार्यक्रम के अंत में पहलगाम आतंकी घटना में मारे गए लोगों को २ मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम उपरांत प्रसाद स्वरूप स्वरूची भोजन का आनंद उपस्थित लोगो ने लिया।

# कुणाल डेंटल क्लिनिक का हुआ उद्घाटन,लोगों को अब मिलेंगी बेहतरीन सुविधाएं

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण ,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसांवा (झारखंड) 30 अप्रैल 2025:- सरायकेला खरसावां अंतर्गत आदित्यपुर रोड नंबर चार स्थित कुणाल डेंटल क्लिनिक का उदघाटन किया गया। डॉक्टर कुणाल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आदित्यपुर और आस पास में सुसज्जित व सुविधाओं से लैस डेंटल क्लीनिक का होना अति आवश्यक था।अब दांत से संबंधित रोगों के लिए मरीजों को अन्य शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें कम खर्च में सारी सुविधाओं का लाभ इस क्लिनिक में मिल जायेगी।डॉक्टर कुणाल वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि क्लिनिक में आरवीजी कंप्यूटराइज एक्सरे मशीन, मरीजों की इंट्रा ओरल इमेजिन (इंट्रा ओरल स्कैनर) मशीन के द्वारा दांत एवं मुख संबंधी रोगों की जांच से लेकर तमाम तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई है। इस अवसर पर डॉक्टर कुणाल वर्मा,डॉक्टर केतन वर्मा,परिवार के सदस्यों के साथ साथ डॉक्टर नकुल चौधरी,डॉक्टर गौरव राज सिंह, अनिल कुमार वर्मा,शारदा देवी ,विनोद श्रीवास्वत,शैलेन्द्र सिंह,बॉबी सिंह समेत दर्जनों की संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

# भव्यता और दिव्यता के संगम तट पर संपन्न हुआ परशुराम जन्मोत्सव

**समाज जागरण**
**दिवाकर पाठक,हजारीबाग, केरेडारी,कंडाबेर**



29 अप्रैल को सूबे के हजारीबाग जिले के केरेडारी के प्रमुख सिद्धपीठ मां अष्टभुजी धाम कंडाबेर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव को बड़े ही धूम-धाम से संपन्न किया गया। भव्यता और दिव्यता के अनोखे संगम तट पर इनकी आराधना को मूर्त रूप दिया गया। आराधना के इस धाम में विभिन्न स्थानों से आए विप्र गणों ने भाग लेकर अपने आराध्य का आशीष ग्रहण किया। साथ ही पूजा की समाप्ति के बाद सामाजिक कल्याण हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सबों ने अपने श्रेष्ठ वक्तव्य की प्रस्तुति से इस कार्यक्रम की सार्थकता को चार चांद लगाया। प्रमुख वक्ताओं में आचार्य उमेश पाठक,जयनंदन मिश्रा,अनिल मिश्रा,कुणाल दुबे ,आशीष दुबे,अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुनील पाण्डेय ,मिथलेश पाण्डेय, बालमुकुंद शर्मा, देवचरण पाण्डेय,युगल किशोर पाण्डेय,मिथलेश कुमार पाण्डेय आदि ने अपने वक्तव्य के द्वारा संघठन की शक्ति के लिए एकता की बात पर जोर दिया। कहा गया की हम हर दृष्टि में अव्वल हैं,तभी तो यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में भी सूर्य के प्रकाश की भांति अपनी दिव्यता का परचम लहराने का कार्य किया है। आरक्षण के अंधकार में हमने अपनी मेधा शक्ति की अमिट रौशनी प्रज्वलित की है। इसके बाद विप्र बंधुओं को भगवान परशुराम की शक्ति से अभिमंत्रित एक-एक फरसा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जय परशुराम की जयघोष से गूंजा अष्टभुजी धाम। कार्यक्रम का विराम महेश पाठक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद संपन्न किया गया।

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह की सक्रियता से कटकमदाग में बिजली संकट का समाधान, ग्रामीणों में खुशी की लहर

मेरा मुख्य उद्देश्य हमेशा से ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना रहा है- मुन्ना सिंह

**आर्यन कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमदाग।**



बुधवार को कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के फुटानी चौक में 63 केवीए के जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। यह कार्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व और सक्रियता के कारण संभव हो सका। उनके अथक प्रयासों से इलाके के सैकड़ों ग्रामीणों को लंबे समय से चले आ रहे बिजली संकट से राहत मिली है। इससे पहले, पुराने ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण कई दिनों तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहती थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के साथ बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार हुआ है और इससे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है।मौके पर निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान ने ट्रांसफार्मर को ग्रामीणों के हवाले किया और यह कार्य मुन्ना सिंह जी के निरंतर नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने मुन्ना सिंह के प्रयासों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से न केवल बिजली की समस्या हल हुई है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। मौके पर मुन्ना ने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य हमेशा से ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना रहा है। यह कदम इसी दिशा में उठाया गया है और भविष्य में भी हम इस क्षेत्र की अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए मुन्ना सिंह जी का धन्यवाद किया और कहा कि इससे उनके दैनिक जीवन में सुधार होगा ।

**मुख्य रूप से उपस्थित**

बबलू सिंह,मनोज कुमार महतो, बीरबल कुमार महतो, गोपी गंझु, तिलेश्वर महतो, बबली महतो, तिलो महतो,

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से बच्चों में निःशुल्क बांटे गए कॉपी-कलम।

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लारा के बच्चों का बढ़ाया उत्साह

बच्चों के सरकारी विद्यालय में नामांकन के लिए रेवार के ग्रामीणों को किया जागरूक

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के सात दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन बुधवार को बच्चों के बीच निःशुल्क कॉपी-कलम बांटे गए। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित यह शिविर हजारीबाग जिले के अतिसुदूरवर्ती



चुरचू प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लारा में लगाया गया है। तीसरे दिन इसी स्कूल के बच्चों के बीच कॉपी-कलम बांटे गए। साथ ही पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया। उसके बाद रेवार गांव में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। वहीं अभिभावकों से अपील की गई कि वह अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में जरूर कराएं। शिक्षा जीवन की अनमोल पूंजी है। मौके पर रेवार के वार्ड सदस्य, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लारा के प्रधानाध्यापक राजेश्वर राम, अन्य शिक्षक, जीबीटीटीसी के एनएसएस के को-ऑर्डिनेटर एस.एस.मैती और सहायक प्राध्यापक जगेश्वर रजक भी मौजूद थे।

# हजारीबाग एवं कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की परिस्थितिकी संवेदी जोन के अनुश्रवण हेतु निगरानी समिति की बैठक प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में हुई आयोजित

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबागः- उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रयणी एवं कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की परिस्थितिकी संवेदी जोन के अनुश्रवण हेतु गठित निगरानी समिति की बैठक का आयोजन आज (बुधवार) को आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्षा में किया गया जिसकी अध्यक्षता आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य अधिसूचना में वर्णित पर्यावरणीय प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संरक्षण गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करना था। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर लिए गए निर्णय जोनल मास्टर प्लान बाह्य स्रोत के जरिए तैयार करने का निर्णय कोडरमा एवं हजारीबाग दोनों वन्यप्राणी आश्रयणियों के लिए ईको-सेंसिटिव जोन का व्यापक और संतुलित जोनल मास्टर प्लान तैयार करने पर चर्चा की गई। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि दलमा वन्यजीव अभ्यारण के तर्ज पर इस क्षेत्र में भी जोनल मास्टर प्लान आउटसोर्स के द्वारा विशेषज्ञ एजेंसी से बनाया जाए ताकि विकास एवं संरक्षण में संतुलन सुनिश्चित किया जा सके। डीवीसी द्वारा संचालित ऊर्जा संयंत्र से उत्सर्जित फ्लाई ऐस/पौन्ड ऐस के निष्पादन हेतु चर्चा हजारीबाग जिले के इचाक अंचल परित्यक्त पत्थर खदानों में फ्लाई ऐस/पौन्ड ऐस भराई किए जाने के प्रस्ताव पर समिति ने पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन के साथ-साथ कानूनी वैधता के समीझोपरांत निर्णय लिया गया कि लीचिंग टेस्ट एवं अन्य के संबंध में विशेषज्ञ संस्था आईआईटी धनबाद व अन्य से परामर्श के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नियमानुसार ऐस फीलिंग का कार्य किया जा सकता है। इको सेंसिटिव जोन अधिसूचना में सम्मिलित ग्रामों की सूची एवं नक्शा में भिन्नता पर हुआ विचार विमर्श कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी की ईको सेंसिटिव जोन अधिसूचना में शामिल ग्रामों की सूची में डोमचांच मौजा एवं इको सेंसेटिव जोन में दशार्यी गई सीमाओं के बीच अंतर के विषय पर चर्चा हुई। इस विसंगति को स्पष्ट करने हेतु इको सेंसेटिव जोन के बाहर किए जाने वाले प्लॉटवार विवरणी के साथ राज्य सरकार को इसकी जानकारी देते हुए इस पर अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। बीपीसीएल पेट्रोल पंप के निर्माण प्रस्ताव पर चर्चा कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी के ईको सेंसिटिव जोन अंतर्गत मौजा मेघातरी, प्लॉट संख्या 471, खाता संख्या 16, कोडरमा थाना संख्या 344 में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित पेट्रोल पंप निर्माण पर विचार करते हुए इको सेंसेटिव जोन की मार्गदर्शिका या अधिसूचना के अनुसार आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। आयुक्त महोदय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे पर्यावरणीय संरक्षण के साथ सभी विकासात्मक प्रस्तावों का संतुलित मूल्यांकन करें एवं अधिसूचना की भावना के अनुरूप कार्य करें। बैठक में डीएफओ हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रयणी, डीएफओ हजारीबाग पूर्वी, डीएफओ हजारीबाग पश्चिमी, डीएफओ कोडरमा, डीएमओ हजारीबाग सहित

# जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन-सह आदर्श दंपत्ति सम्मेलन एवं सीएचओ सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेर्शानुसार जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में बुधवार को स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन-सह आदर्श दंपत्ति सम्मेलन एवं सीएचओ सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया



गया। समारोह का उदघाटन कार्यक्रम मे आए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में सहियाओं और सीएचओ की भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. शशि जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने में सहियाओं और सीएचओ की अहम भूमिका होती है। सहिया और सीएचओ स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रूप में जानी जाती हैं। सहिया के अस्तित्व में आने से स्वास्थ्य विभाग को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि समारोह के माध्यम से सहिया एवं सीएचओ के अनुभव एवं तकलीफ को समझने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव कराने, फैमिली प्लान्स को इंप्रूव करने सहित कई कार्यो में आपकी सहयोग सराहनीय रही है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य सहिया और सीएचओ को आगे भी अधिक समर्पित भाव से कार्य करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आर. के. जायसवाल ने कहा कि जिले को टी.बी. मुक्त बनाने मे अपनी अग्रणी भूमिका निभाकर सहिया और सीएचओ अपना योगदान दे सकते हैं। जिस लगन से आप सभी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं का लाभ दिलाने में सहायता प्रदान करते हैं ठीक उसी प्रकार जिले को यक्ष्मा मुक्त बनाने में सहायता प्रदान करने का मजबूत प्रयास कीजिए। ग्रामीण क्षेत्रों में आप सब लोगों को हेल्थ एजुकेशन के बारे में जागरूक करने का कार्य करें। समारोह में सीएचओ और सहिया को प्रभावी तरीके से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करनेवाली सहिया और सीएचओ को सम्मानित किया। उन्हें प्रमाण पत्र, शील्ड और पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# तीन से आठ मई तक पंचायतों में चलाया जाएगा सड़क सुरक्षा अभियान।

सड़क सुरक्षा मानकों का पालन हेतु जागरूकता अभियान जरूरी बीडीओ

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता बीडीओ अखिलेश कुमार ने किया ।कार्यक्रम के दौरान बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया सड़क सुरक्षा



मानकों का पालन हेतु जागरूकता अभियान जरूरी ।क्षेत्र के हर ग्रामीणों को इसकी जानकारी हो इसके लिए पंचायत स्तरीय जागरूकता अभियान तीन से आठ मई तक चलाया जाएगा ।अभियान के दौरान इच्छुक व्यक्ति ड्राइविंग लाइसेंस का आवेदन कर सकते है ।मौके पर एसआइ संचित कुमार,मुखिया उत्तम महतो,लक्ष्मी कुमारी विनय कुमार दास समेत प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे ।

# बड़कागांव मे प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम का आयोजन

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**




बड़कागांव : झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव स्थित कन्या मध्य विद्यालय के गुरु गोष्ठी सभा कक्ष में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन बीपीएम प्रहलाद गुप्ता व शिक्षक अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीडियो जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ रंजीत कुमार, सांसद सह प्रतिनिधि एवं पंचायत समिति कृष्णा राम ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, मुखिया कमला देवी के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य को बदलते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने कहा कि स्कूल द्वारा कार्यक्रम 16 दिनों तक नियमित रूप से संचालित किया जाएगा इसके तहत प्रखंड क्षेत्र में ड्रॉप आउट और जिनका नामांकन नहीं हुआ है उन्हें स्कूल से जोड़ना लक्ष्य है इसमें शिक्षक ,अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति और जनप्रतिनिधि के सहयोग से कार्यक्रम को सफल करना है। रुआर कार्यक्रम का उद्देश्य है कि प्रखंड क्षेत्र का कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न हो। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल रुवार 2025 एक महत्वकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य 6 से 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना है। अंचलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा रुआर कार्यक्रम का उद्देश्य है कि प्रखंड क्षेत्र का कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न हो। कार्यक्रम में मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, कृष्णा राम मुखिया कमला देवी ने भी सभा को संबोधित करते हुए रुवार कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र का कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे। सभा में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक शिवराम शर्मा ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कल्याण पदाधिकारी, भास्कर राज, शिक्षक अशोक कुमार, रवि शंकर पाठक, जेलेंद्र प्रसाद चौरसिया,शमशेर आलम, जलाल सगीर, बिरेंद्र कुमार, मो मौसुफ, लखेश्वर महतो,सागर कुमार गुप्ता, सुनील कुमार रजक, राज कुमार ,रंजीत नाग समेत बीआरपी ,सीआरपी, एवं प्रखंड भर के सैकड़ो शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# डिज्नीलैंड मेला में लोग करेंगे माता वैष्णो देवी अमरनाथ के दर्शन, उद्घाटन कल

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : हजारीबाग रोड स्थित शांति नर्सिंग होम के सामने डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार लगाने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस मेले में चार धाम यात्रा माता वैष्णो देवी, अमरनाथ गुफा का दिव्य दर्शन लोग कर सकेंगे। साथ ही साथ टावर झूला, टोरा-टोरा, फ्रेज्जबील झूला, ब्रेक डांस झूला, नौका मारुति सर्कस, ड्रैगन बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे झूले, मीना बाजार में हरेक तरह की आधुनिक सामान की दुकानें लोगों को अपनी ओर काफी आकर्षित करेगी, मेले के आयोजक पंचम कुमार ने बताया की मेला लगाने को लेकर सारी तैयारियां जोरों पर है और माता वैष्णो देवी का पंडाल झूला मीना बाजार आदि लगाया जा रहा है तथा रंग रोगन का काम किया जा रहा है। वहीं 2 मई दिन शुक्रवार को मेला का उद्घाटन किया जाएगा।

# झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप संपन्न

रांची दोनों वर्गों में बना चैंपियन

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



रांची : झारखंड राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में खूंटी जिला कबड्डी संघ के सहयोग से तीन दिवसीय झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप बुधवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 39 टीमों ने भाग लिया। फाइनल से पूर्व तीसरे स्थान के लिए खेले गए बालिका मैच में गिरिडीह ने गुमला सेंटर को 29-28 तथा बालक वर्ग में पश्चिम सिंहभूम ने बोकारो 30-14 को पराजित कर कांस्य पदक कर कब्जा किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में रांची ने धनबाद को 38-18 तथा बालक वर्ग में रांची ने गढ़वा को 29-12 पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ रेडर स्नेहा थापा, सर्वश्रेष्ठ कैचर सृष्टि सिंह एवं बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ रेडर अंकित कुमार व सर्वश्रेष्ठ कैचर मो.इरफान घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, विशिष्ट अतिथि चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सह खूंटी जिला भाजपा कोषाध्यक्ष पी भगत, बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रधानाध्यापिका जर्मन किड़ो तथा झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत महासचिव संजय कुमार झा कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। आगुंतकों का स्वागत खूंटी जिला के अध्यक्ष गुलाब महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन खूंटी जिला के सचिव शिवकुमार महतो ने किया। मौके पर तिलक कुमार साहू, रमेश साहू, शिवा प्रसाद जधेल, मनोज कुमार शर्मा, रोहित कुमार, शिवसागर, ज्योति रंजन, अशफाक मुन्ना, लक्ष्मी कुमारी, अजय महतो, दीपक तिवारी, सुमित महतो, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार ने मैच का संचालन किया।

# सांसद द्वारा उपलब्ध कराए गए लहंगा का वितरण किया गया

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा उपलब्ध कराए गए नव कन्याओं बहनों एवं बेटियों के बीच लहंगा का वितरण बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के विभिन्न गांव में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं मंडल



के सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसमें परेवातरी , निमियां टोला , पलांडु एवं गोसाई बलिया गांव में जाकर बहनों एवं बेटियों को लहंगा सौंपा गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मंडल के सांसद प्रतिनिधि सह पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, महामंत्री सुमन गिरी, मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मिडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, किसुन तुरी, ईश्वरी महतो, बिमल करमाली, मिठु महतो, परमेश्वर गिरी शामिल थे।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक में मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से मारा टकर-चालक की मौत।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**

पलामू (झारखंड)नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नौडीहा बाजार-छतरपुर मुख्य मार्ग में ग्राम रेवाडीह में एक सड़क किनारे खराब पड़ी ट्रक JH02Q1412 जो चार दिन से खराब पड़ी थी जिसमें तेज रफ्तार से आरही मोटरसाईकिल JH03AN3345ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें मोटरसाइकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।जिसकी पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के ही जोलहखाप निवाशी कृष्णा भुईया के 22 वर्षी पुत्र बिटू कुमार के रूप में कीगई मिली जानकारी के अनुसार मृतक छतरपुर में किशी दुकानदार के घर रह कर मजदूरी का काम करता था ।वह बीते दिन मंगलवार को शाम में मजदूरी करने के बाद वह दुकानदार का ही मोटरसाइकिल लेकर अपने मामा के घर नामुदाग पंचायत के रबादा गांव में गया था ।वह आज सुबह करीब चार बजे पुनः मजदूरी के लिये छतरपुर जा रहा था कि यह घटना घट गया ।मृतक बिटू एकलौता संतान था उसके मौत के बाद अब इसका माता पिता निसन्तान हो गये ।ग्रामीणों ने इस घटना के जानकारी स्थानीय थाना नौडीहा बाजार को दिया सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये मेदिनीनगर एमएम सी एच भेज दिया थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस दुर्घटना में छतिग्रस्त वाहन मोटरसाइकिल को थाना में जप्त कर लिया गया और ट्रक थाना ले जाने की इस्थिति में नही था इसलिए ट्रक को घटना स्थल पर ही छोड़ दिया और आगे की करवाई जारी है इस घटना से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल।

# प्रखंड कार्यालय में बैक टू स्कूल कैंपेन(रुआर) का आयोजन

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा बच्चों को अनिवार्य रूप से विद्यालय की शिक्षा पूर्ण करने को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है ।इसके लिए प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय बैक टू स्कूल कैंपेन(÷YASX) 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ अखिलेश कुमार ने किया ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम में स्कूलों के शिक्षक,जन प्रतिनिधि समेत विभाग से जुड़े कर्मी उपस्थित थे ।बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा शिक्षा जिंदगी भर की जमा पूंजी है ।सबों का दायित्व है उन बच्चों को स्कूल जरूर भेजे जो पढ़ाई से नाता तोड़ रहे है ।मौके पर निर्मल कुमार,चेतलाल महतो, लक्ष्मी कुमारी,कुणाल चौरासिया, बुलाकी महतो,सुखदेव महतो, प्रसून कुमार,भगीरथ महतो,कुंती मुर्मू,अशोक कुशवाहा काफी संख्या जन प्रतिनिधि एवं शिक्षक शामिल थे।

# ब्रिटेन से एफटीए के लिए गोयल की यात्रा



भारत और ब्रिटेन ने करीब एक साल के बाद फरवरी में औपचारिक रूप से तीन स्तरीय बातचीत शुरू की हैं - FTA, BIT और दोहरा अंशदान सम्मेलन या सामाजिक सुरक्षा समझौता।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दो दिवसीय ब्रिटेन यात्रा में अपने समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात की। इससे दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक लंबित मुद्दों को सुलझा कर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा शुल्क घटाने, बाजार में पहुंच बढ़ाने और एफटीए के जरिये व्यापार मानदंडों को सरल बनाने, अमेरिका के देश-वार जवाबी शुल्क लगाए जाने की योजना पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना है। अमेरिका ने देश-वार जवाबी शुल्क लगाने को 9 जुलाई तक के लिए टाल दिया है।

यह बैठक उस समय हो रही है जब अमेरिका के व्यापार संरक्षणवादी नीतियां अपनाए जाने से वैश्विक व्यापार नीतियों में व्यापक बदलाव आ रहा है। गोयल ने एक्स पर सोमवार को बताया, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को मजबूत करने पर चर्चा के मकसद से दो दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन आया। मेरे पहले कार्यक्रम में ब्रिटेन के व्यापार व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ सार्थक बातचीत हुई। इससे भारत-ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिला।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार वार्ताएं निष्कर्ष के करीब पहुंच रही हैं। गोयल से पूर्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस माह की शुरूआत में लंदन गई थीं और द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीआईटी) वार्ताओं को बढ़ावा मिला था। हालांकि दोनों पक्ष निवेश समझौते के लंबित मुद्दों में मुख्य रूप से विवादों का समाधान करने में विफल रहे। इसके अलावा केंद्रीय बजट 2025-26 में भारत के वर्तमान मॉडल बीआईटी को नया रूप देने और और निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में कुछ प्रगति हुई और इसे ह्यअधिक निवेशक अनुकूलह्ल बनाने के घोषणा की गई।

बीआईटी के अलावा एफटीए से जुड़े कुछ लंबित मुद्दे भी हैं। इन लंबित मुद्दों में भारत का सामाजिक सुरक्षा समझौते को शामिल करना और ब्रिटेन का वित्तीय सेवाओं में अधिक पहुंच देना शामिल हैं। भारत ने ब्रिटेन के 2027 तक कार्बन सीमा समायोजन तंत्र को पेश किए जाने पर चिंताएं जताई हैं। ब्रिटेन व्हीस्की और वाहनों पर कम शुल्क के लिए मोलभाव कर रहा है।

भारत और ब्रिटेन ने करीब एक साल के बाद फरवरी में औपचारिक रूप से तीन स्तरीय बातचीत शुरू की हैं झ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और दोहरा अंशदान सम्मेलन या सामाजिक सुरक्षा समझौता। मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा के बाद गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष ने दूसरी बार बैठक की है। भारत-यूके एफटीए वार्ताओं की शुरूआत जनवरी 2022 में हुई और इस समझौते को नौ महीनों में पूरा करने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया था। हालांकि ब्रिटेन में राजनीतिक अस्थिरता, विभिन्न लंबित मुद्दे और अप्रैल से जुलाई के बीच दोनों देशों में आम चुनाव होने के कारण इस समझौते तक पहुंचना और लंबित हो गया।

# कई बार टलने के बाद बाजारों में इस हफ्ते से कॉमन कॉन्ट्रैक्ट नोट होगा लागू

## कई बार टलने के बाद, एफपीआई और संस्थागत निवेशकों को फायदा देने के लिए कॉमन कॉन्ट्रैक्ट नोट प्रणाली लागू



पिछले साल में कई बार टलने के बाद भारतीय बाजार इस हफ्ते कॉमन कॉन्ट्रैक्ट नोट की व्यवस्था लागू करने जा रहा है। इस कदम से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और अन्य संस्थागत प्रतिभागियों को फायदा मिलने की उम्मीद है और इसे ट्रेड सेटलमेंट को व्यवस्थित करने के तौर पर देखा जा रहा है। कॉन्ट्रैक्ट नोट में लेनदेन का औपचारिक रिकॉर्ड होता है। उसमें शेयरों की संख्या, कीमत, ब्रोकरेज शुल्क, कर और अन्य जरूरी सूचनाएं होती हैं। अभी ब्रोकर हर एक्सचेंज के लिए अलग-अलग अनुबंध जारी करते हैं, भले ही वह समान ऑर्डर हो। इससे अक्सर कीमतों में फर्क हो जाता है।

नई प्रणाली के तहत बीएसई और एनएसई दोनों में निष्पादित ऑर्डरों के लिए एकल भारित औसत मूल्य (डब्ल्यूएपी) की गणना की जाएगी जिसमें ब्रोकर एक इकट्ठा अनुबंध नोट जारी करेंगे। बाजार के प्रतिभागियों ने बताया कि एकल इलेक्ट्रॉनिक अनुबंध नोट न होने से पहले एफपीआई केवल एक एक्सचेंज पर ही ट्रेडिंग कर पाते थे, भले ही दूसरे पर बेहतर कीमत मिल रही हो।

बाजार के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, संस्थाएं अपने ऑर्डर के लिए सर्वोत्तम भाव और बेहतर निष्पादन सुनिश्चित करने में असमर्थ रहती थीं। कॉमन कॉन्ट्रैक्ट नोट के लिए मुख्य रूप से एफपीआई ने जोर दिया था। इस बदलाव से एक्सचेंजों के बीच आपसी संचालन क्षमता में और इजाफे की उम्मीद है।

हालांकि इस व्यवस्था की घोषणा पहली बार मई 2024 में की गई थी। लेकिन इसके अमल में कई बार देर हुई। पहले इसे अगस्त 2024, फिर जनवरी 2025 तक और बाद में मार्च 2025 किया गया। सूत्रों ने संकेत दिया है कि व्यापक मॉक ट्रेडिंग सत्रों और उद्योगव्यापी तैयारियों के बाद यह प्रणाली अब शुरू होने के लिए तैयार है। हालांकि कई लोगों ने इस बदलाव के लिए परेशानी वाले मसलों और परिचालन लागत और जटिलता के बारे में बताया है।

पिछले तीन हफ्तों में स्टॉक एक्सचेंजों, क्लियरिंग कॉरपोरेशनों और बाजार के प्रतिभागियों ने कई परीक्षण किए हैं। इनमें अकेले इस महीने उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण (यूएटी) के 10 दौर शामिल हैं। अब तक, एनएसई क्लियरिंग के तहत नौ कस्टोडियन और बीएसई के इंडियन क्लियरिंग कॉरपोरेशन (आईसीसीएल) के तहत दो कस्टोडियन ने अपनी तैयारी की पुष्टि की है। कस्टोडियन एफपीआई और संस्थागत ट्रेडों को उनकी प्रतिभूतियों और फंडों को होल्ड करके सहज बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कुछ बाजार प्रतिभागियों ने संभावित समस्याओं को लेकर चेतावनी दी है, विशेष रूप से इस बात के कारण कि एक्सचेंज सीधे-सीधे प्रोसेसिंग (एसटीपी) के माध्यम से सौदों की वैल्यू की रिपोर्ट कैसे करते हैं। एसटीपी लेनदेन के प्रोसेसिंग के लिए स्वचालित प्रणाली है।

एक प्रतिभागी ने बताया, एनएसई दो दशमलव स्थानों में सौदे की वैल्यू की जानकारी देता है। लेकिन बीएसई एसटीपी फाइलों में चार दशमलव स्थानों का उपयोग करता है। इस अंतर के कारण हैंड डिलिवरी ट्रेड में इजाफा हो सकता है, जिसके लिए मैन्युअल ब्रोकर हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। सूचकांक पुनर्संतुलन जैसे ज्यादा वॉल्यूम वाले दिनों को लेकर भी चिंताएं हैं जहां अंतर का ज्यादा असर हो सकता है। इसके अलावा कुछ कस्टोडियन ने संकेत दिया है कि नई प्रणाली को अपनाने के लिए बड़े मूलभूत बजलावों की जरूरत हो सकती है और इसमें खासी लागत आ सकती है। एक अन्य प्रतिभागी ने कहा, एफपीआई वर्तमान प्रक्रिया से अच्छी तरह वाकिफ हैं और इस बदलाव से मौजूदा स्थिति में बहुत अधिक परिवर्तन नहीं होगा।

# ‘ट्रंप शुल्क का नहीं होगा ज्यादा असर’



डीएफएस ने समिति को सूचित किया कि सरकार संसद के अगले सत्र में अनियमित ऋण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी विधेयक ला सकती है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को संसदीय समिति को डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्क के भारत पर पड़ने वाले आर्थिक असर के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा कि भारत पर इसका असर बहुत अधिक नहीं होगा।

अधिकारियों ने समिति से कहा कि चीन और अमेरिका के बीच घटते कारोबारी संबंधों से भारत को दीर्घावधि के हिसाब से लाभ हो सकता है।

कांग्रेस के लोक सभा सांसद केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में बनी लोक लेखा समिति (पीएसी) ने मंगलवार को दो बैठकें कीं। एक बैठक रिजर्व बैंक के शीर्ष अधिकारियों के साथ हुई जबकि एक बैठक वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और कुछ सरकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों के साथ हुई। दोनों बैठकों का मुख्य विषय बैंकिंग में सुधार था। रिजर्व बैंक के साथ हुई बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव मौजूद थे। वहीं दूसरी बैठक में डीएफएस सचिव और भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, आईडीबीआई, पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंध निदेशक मौजूद थे। शुल्क को लेकर रिजर्व बैंक के गवर्नर और डिप्टी गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय बैंक अभी भी असर का विश्लेषण कर रहा है, लेकिन उसका दृष्टिकोण सकारात्मक है कि इसका कोई भीषण असर नहीं पड़ेगा। डीएफएस ने समिति को सूचित किया कि सरकार संसद के अगले सत्र में अनियमित ऋण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी विधेयक ला सकती है।

# भारतीय उद्योग जगत की आय वृद्धि पर विश्लेषक सतर्क



स्टैंडर्ड चार्टर्ड और कोटक जैसे दिग्गज ब्रोकरेज ने भारत के शेयर बाजार को लेकर दिखाया सतर्क रुख, अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक सुस्ती को बताया मुख्य कारण भले ही बाजार निचले स्तरों से बढ़ गए हों लेकिन विश्लेषकों ने आगामी तिमाहियों में भारतीय उद्योग जगत की आय वृद्धि के अनुमानों को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड के विश्लेषकों ने परिसंपत्ति वर्ग के तौर पर भारत समेत सभी प्रमुख क्षेत्रों के इक्विटी बाजारों की रेटिंग घटाकर तटस्थ कर दी है, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ को लेकर नीतिगत अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव बढ़ने की वजह से कमजोर रिस्क-रिवार्ड की स्थिति बन रही है। उनका मानना है कि निफ्टी 50 सूचकांक 12 महीने में 26,000 का आंकड़ा छुएगा जो मौजूदा स्तर से करीब 7 फीसदी की तेजी है।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड में इक्विटी रणनीति के प्रमुख डेनियल लैम ने फूक हीन यैप, माइकल केम आदि के साथ रिपोर्ट में कहा है, ह्यहम भारत के शेयर बाजारों को लेकर तटस्थ बने हुए हैं क्योंकि उन पर टैरिफ का असर तुलनात्मक रूप से कम है, लेकिन नकारात्मक आय संशोधनों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। हम आसियान पर अंडरवेट बने हुए हैं क्योंकि चीन के निर्यात की दिशा बदलने से आसियान के कारोबारों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और आय की गति प्रभावित हो रही है।

**उम्मीदें ज्यादा**

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के प्रबंध निदेशक और सह-प्रमुख संजीव प्रसाद जैसे अन्य लोगों का भी मानना है कि बाजार भारतीय कॉरपोरेट जगत के आय अनुमानों को लेकर कुछ ज्यादा ही आशावादी और आत्मसंतुष्ट दिखता है। प्रसाद ने शुभदीप रक्षित, अनिंद्य भौमिक और सुनीता बल्दवा के साथ मिलकर तैयार एक रिपोर्ट में लिखा है, वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के लिए आय अनुमानों में कुछ क्षेत्रों और कंपनियों में गिरावट देखी गई है। हमारा मानना है कि वैश्विक और घरेलू वृद्धि पर दबाव के कारण राजस्व में गिरावट आएगी। फिलहाल, हम वित्त वर्ष 2026 के लिए निफ्टी-50 सूचकांक के शुद्ध लाभ में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं।

प्रसाद का मानना है कि इस स्तर पर बाजार वैश्विक जीडीपी वृद्धि व अमेरिकी टैरिफ पर अनिश्चितता के मद्देनजर ऑटोमोबाइल, आईटी सेवाओं, दवा और विशेष रसायनों जैसे निर्यात-केंद्रित क्षेत्रों के राजस्व को लेकर बहुत अधिक आशावादी हो सकते हैं।

केआईई का मानना है कि ऑटोमोबाइल के मामले में ऊंचे टैरिफ से टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के राजस्व पर प्रभाव पड़ेगा। नोट में कहा गया है कि बहुत कम भारतीय कंपनियों का अमेरिका में परिचालन है और अगर अमेरिका ऑटोमोबाइल व कलपुर्जों पर मौजूदा टैरिफ जारी रखता है तो अमेरिका में विनिर्माण इकाइयों वाली वाहन कंपनियों की तुलना में उन्हें भारी नुकसान होगा।

# नॉन-टैरिफ बैरियर पर पर भारत-अमेरिका में बनी सहमति, साइड लेटर से होगा समाधान!

## भारत और अमेरिका साइड लेटर पर हस्ताक्षर कर इस मुद्दे को कर सकते हैं हल



भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते से इतर कथित अनुबंध (साइड लेटर) पर हस्ताक्षर करके विवादास्पद गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान कर सकते हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, ह्यदोनों सरकारों के बीच आपसी समझ के तहत भारत और अमेरिका के बीच कई साइड लेटर पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। ये मुख्य रूप से गैर-शुल्क बाधाओं से संबंधित होंगे।ह्ल

मुक्त व्यापार समझौते के संदर्भ में साइड लेटर अलग-अलग दस्तावेज होते हैं, जिन पर मुख्य समझौते के साथ-साथ बातचीत की जाती है ताकि विशिष्ट चिंताओं को दूर किया जा सके या दोनों पक्षों के बीच विशेष व्यवस्था की जा सके। ये कानूनी रूप से बाध्यकारी होते हैं लेकिन केवल उन्हीं देशों के बीच मान्य होता है जो उस पर हस्ताक्षर करते हैं।

उदाहरण के लिए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते को पूरा करते समय ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की विदेशी आय पर कर लगाने से रोकने के लिए अपने घरेलू कानूनों में संशोधन करने पर सहमति व्यक्त की थी। इससे भारत सरकार द्वारा उठाई गई दोहरे कराधान निषेध संधि से संबंधित चिंता का समाधान हो गया। हालांकि यह आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते का हिस्सा नहीं था लेकिन दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों द्वारा एक-दूसरे को पत्र लिखकर आपसी समझ को रेखांकित करते हुए इसे औपचारिक रूप दिया गया।

हाल के दिनों में अमेरिका ने भारत में अमेरिकी व्यवसायों के सामने आने वाली गैर-शुल्क बाधाओं पर गंभीर चिंता जताई है। हाल में भारत की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने और अमेरिकी कंपनियों को अधिक बाजार पहुंच प्रदान करने पर जोर दिया था।

इस महीने की शुरूआत में विदेशी व्यापार बाधाओं पर जारी राष्ट्रीय व्यापार अनुमान रिपोर्ट में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने भारत के डिजिटल पर्सनल डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपीए) के मसौदा नियमों पर चिंता व्यक्त की थी।

यूएसटीआर को दिए गए प्रस्तुतिकरण में गूगल, एमेजॉन, मास्टरकार्ड जैसी कंपनियों की संस्था कोलिशन ऑफ सर्विसेज इंडस्ट्रीज (सीएसआई) ने स्थानीय सामग्री की आवश्यकता और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) तथा रुपे कार्ड को अनुचित लाभ देने, डेटा स्थानीयकरण, दूरसंचार उपकरणों का अनिवार्य परीक्षण और प्रमाणन की आवश्यकता, विदेशी कंपनियों पर कर में भेदभाव, आईटी उत्पादों पर सीमा शुल्क आदि का जिक्र किया था। अमेरिकी कंपनियों ने भारत सरकार द्वारा दिए गए गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेशों पर भी चिंता जताई है।

इकनॉमिक लॉ प्रैक्टिस में सीनियर पार्टनर संजय नोतानी ने कहा कि दोनों देशों को गैर-शुल्क बाधाओं को समझने के लिए हर क्षेत्र से संबंधित अलग दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ह्यवर्तमान में धातु, रसायन, औद्योगिक उत्पाद, पूंजीगत वस्तुओं और दूरसंचार सहित कई क्षेत्रों में इस तरह की गैर-शुल्क बाधाएं मौजूद हैं। हमें सबसे पहले इन बाधाओं की प्रकृति का आकलन करने की आवश्यकता है क्योंकि सभी के लिए एक समाधान नहीं हो सकता है।

# स्मॉलकैप म्युचुअल फंडों में टॉप 10 निवेशकों की हिस्सेदारी में गिरावट

## बाजार की उतार-चढ़ाव के बीच स्मॉलकैप फंडों में संकेद्रण में कमी आई




म्युचुअल फंडों की स्मॉलकैप योजनाओं में 10 अग्रणी निवेशकों के निवेश की हिस्सेदारी में गिरावट आ रही है और मार्च 2025 में यह घटकर 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के विश्लेषण से यह जानकारी मिली। माध्य स्मॉलकैप योजनाओं में 2.03 फीसदी निवेश 10 अग्रणी निवेशकों से आता है। एक साल पहले यह 2.43 फीसदी था। यह कमी तब आई है जब हाल में स्मॉलकैप में लार्जकैप के मुकाबले दोगुनी गिरावट आई है।

बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 17.1 फीसदी की गिरावट आई है जबकि सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 8.6 फीसदी कम हुआ है। निवेशकों की निवेश में कमी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंदी के दौरान स्मॉलकैप कंपनियों में लिक्विडिटी में कमी हो जाती है। इससे किसी योजना की उन शेयर से बाहर निकलने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

कम संकेद्रण से रिडम्प्शन यानी निवेश निकासी के भुगतान के लिए कम कीमत पर पोजीशन बेचने का जोखिम कम हो जाता है। इससे फंड में बच रहे लोगों की गिरावट के दौरान स्थिति और खराब होने की संभावना होती है। मीडियन यानी माध्य उन 30 स्मॉलकैप फंडों का मध्य मूल्य है, जिनके डेटा उपलब्ध हैं।

कुछ फंडों में काफी अधिक संकेंद्रण है। इसमें आईटीआई स्मॉलकैप फंड (शीर्ष 10 निवेशकों से 19.92 फीसदी) और ट्रस्ट एमएफ स्मॉलकैप फंड (शीर्ष 10 का 22.83 फीसदी) शामिल हैं। ट्रस्ट म्युचुअल फंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संदीप बागला ने बताया कि स्ट्रेस टेस्ट से पता चलता है कि ट्रस्ट स्मॉलकैप फंड योजना एक ही दिन में 50 फीसदी की बिकवाली कर सकती है (जबकि अन्य योजनाओं के लिए यह औसत सात दिन है)।

ट्रस्ट फंड नवंबर 2024 में लॉन्च किया गया था। यह दूसरे फंडों की तुलना में आकार में छोटा है। बागला ने कहा कि इन दोनों कारणों से बड़े निवेशकों से उसे अपेक्षाकृत ज्यादा महत्त्व मिला हो सकता है। शुरूआती निवेशकों में से कुछ अक्सर 5 करोड़ या उससे अधिक के चेक देने वाले निवेशक या इकाइयां होती हैं, जो वेल्थ मैनेजरों और अन्य बड़े वितरकों के जरिए आती हैं।

बड़ा शुरूआती निवेश छोटे फंड के लिए ज्यादा संकेंद्रण में बदलता जाएगा। बागला के अनुसार जैसे-जैसे अधिक निवेशक आते हैं, संकेंद्रण घटता जाता है। असल में, डिस्क्लोजर से पता चलता है कि नवंबर 2024 में शीर्ष 10 निवेशकों का संकेन्द्रण 29.37 फीसदी था जो तब से घटकर 22.83 फीसदी रह गया है, जबकि परिसंपत्तियां मार्च के अंत तक 405.1 करोड़ से बढ़कर 817.1 करोड़ रुपये हो गई हैं।

बागला ने कहा, हमें लिक्विडिटी को लेकर कोई चिंता नहीं है। इस बारे में जानकारी के लिए आईटीआई को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला। इसी तरह आईटीआई स्मॉलकैप फंड भी स्ट्रेस की स्थिति में भी दो दिन में अपने पोर्टफोलियो का 50 फीसदी हिस्सा बेच सकता है जबकि औसत सात दिन है। स्मॉलकैप सेगमेंट के लिए 50 फीसदी लिक्विडेशन के लिए औसत दिन फरवरी में देखे गए 6.5 दिनों की तरह ही थे।

ट्रांसेंड कैपिटल के निदेशक कार्तिक जवेरी ने कहा कि सलाहकार और वितरक आम तौर पर तब तक नए फंड से बचते हैं जब तक कि उनका ट्रैक रिकॉर्ड न बन जाए। उन्होंने कहा कि विचार करने के लिए संकेद्रण एक और पैमाना हो सकता है, लेकिन ऐतिहासिक अस्थिरता और प्रदर्शन जैसे अन्य कारकों को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा, निवेशक रिटर्न पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

मार्च में स्मॉलकैप फंडों के पास कुल परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में करीब 7.4 फीसदी नकदी थी। हालांकि यह फरवरी में रहे 9 फीसदी के स्तर से नीचे आ गई है। दूसरे शब्दों में, मार्च तक स्मॉलकैप योजनाओं के पास 21,720 करोड़ रुपये का धन था और उसका इस्तेमाल गिरावट में निवेश करने या रिडम्प्शन यानी निकासी के भुगतान के लिए किया जा सकता था। एम्फी के मुताबिक ऐसी योजनाओं ने मार्च में 4,092.1 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया, जो फरवरी के मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा है।

# अनिश्चितता से चमका सोना

## भारत में यह प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये का स्तर पार कर चुका है।



वर्ष 2025 में सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्ति रहा और जनवरी से अब तक अमेरिकी डॉलर के हिसाब से इसकी कीमत 28 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है। भारत में यह प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये का स्तर पार कर चुका है। हालांकि छह अंकों की सीमा पार करने के बाद मुनाफावसूली शुरू हो गई। बीते महीने कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव नजर आया। आंशिक तौर पर इसके लिए अमेरिकी टैरिफ नीति का अनिश्चित रुख जिम्मेदार रहा।

लिबरेशन डे के बाद तेजी पकड़ने के बाद सोने की कीमतों में कुछ गिरावट आई क्योंकि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने टैरिफ के मुद्दे पर अपना रुख कुछ नरम किया। परंतु निरंतर वृहद आर्थिक अनिश्चितता तथा वैश्विक मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर पर रहने की संभावनाओं के बीच इसकी कीमतों में दोबारा तेजी आ गई। मुद्रास्फीति और व्यापक तौर पर वृहद अनिश्चितता को लेकर बचाव के पारंपरिक उपाय के रूप में केंद्रीय बैंक से लेकर आम परिवार तक सोने का इस्तेमाल करते हैं। यकीनन अधिकांश केंद्रीय बैंकों ने सोने का भंडार बढ़ा लिया है। हालांकि प्रक्रिया की शुरूआत टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता से बहुत पहले हो गई थी परंतु अमेरिकी सरकार के कदमों से उत्पन्न अनिश्चितता ने इसका आकर्षण बढ़ा दिया।

सोने की मांग और उच्च मुद्रास्फीति का रिश्ता प्रमाणित है और निकट भविष्य में वह सही साबित हो सकता है। हाल के दिनों में अमेरिकी टैरिफ नीति की अस्थिरता के कारण कीमतें दिन में तीन-चार बार बदलीं। यह संभव है कि अमेरिकी टैरिफ में और इजाफा, अमेरिकी साझेदार देशों की ओर से जवाबी टैरिफ आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करे और ग्राहकों के लिए सोने की कीमतों में और अधिक इजाफा हो जाए। टैरिफ की जंग के परिणामस्वरूप कुछ जिंस कारोबारियों का अनुमान है कि डॉलर के हिसाब से सोने की कीमतों में 25 फीसदी का इजाफा हो सकता है। डॉलर के साथ इसका रिश्ता अन्य संभावित प्रभावों की ओर ले जा सकता है। एक तो यह है कि कमजोर डॉलर अक्सर सोने की कीमतों में इजाफे की वजह बनता है क्योंकि कीमतें डॉलर आधारित हैं। अगर अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में इजाफा जारी रहता है और डॉलर कमजोर होता है तो इसका भी असर दिख सकता है। उस स्थिति में उच्च मुद्रास्फीति का संकेत जाएगा और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में धीमापन आएगा जिससे वैश्विक गतिविधियां धीमी हो सकती हैं। इससे सोने की मांग बढ़ सकती है।

टैरिफ की जंग से इतर अन्य नीतिगत अनिश्चितता इस बात के इर्दगिर्द केंद्रित रहेगी कि अमेरिका अपने स्वर्ण भंडार का नए सिरे से आकलन कर सकता है। अमेरिका के पास करीब 8,150 टन सोना है जिसका मूल्यांकन वह करीब 42 डॉलर प्रति 31 ग्राम करता है। सोने की मौजूदा कीमत करीब 3,340 डॉलर प्रति 31 ग्राम है। यानी इसका नए सिरे से आकलन सोने को लेकर धारणा में काफी बदलाव कर सकता है। अगर अमेरिका अपने हिस्से का स्वर्ण भंडार बेच देता है तो इससे कीमतों और धारणा पर काफी असर होगा।

भारत सरकार के पास करीब 876 टन और परिवारों के पास करीब 25,000 टन सोना है। ध्यान देने वाली बात है कि स्टॉक और बॉन्ड के उलट एक धातु के रूप में सोना कुछ नहीं देता। परंतु यह आभूषण उद्योग की बुनियाद है। इस उद्योग को इन अस्थिर हालात में अपनी इन्वेंट्री का सावधानी से इस्तेमाल करना होगा क्योंकि खुदरा कीमतें जहां रोजमर्रा की कीमत से जुड़ी रहती हैं वहीं इन्वेंट्री महीनों पहले तैयार की जाती है। इससे मुनाफा प्रभावित होगा। इसके अलावा गोल्ड लोन भी नकदी जुटाने का लोकप्रिय माध्यम है। 2024-25 में गोल्ड लोन बाजार 76 फीसदी की दर से बढ़ा और रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार चालू वर्ष में वह 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रिजर्व बैंक ने हाल ही में एक नया नियमन पेश किया जिसे इस प्रकार तैयार किया गया है कि गोल्ड बॉन्ड में गड़बड़ियों को कम किया जा सके। यह समझदारी भरा है क्योंकि कीमतों में अचानक गिरावट से बैंकों आदि का जोखिम अचानक बहुत बढ़ सकता है। केंद्रीय बैंक को इस बाजार पर सख्त निगरानी रखनी होगी और साथ ही सोने को लेकर अपने जोखिम का भी प्रबंधन करना होगा क्योंकि वैश्विक कीमतों में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव की स्थिति है।